राष्ट्रीय मुक्त विद्यालय शिक्षा संस्थान (NIOS)
द्वारा निर्धारित नवीनतम पाठ्यक्रमानुसार

प्राथमिक शिक्षक शिक्षा (PTE) में छह माह का प्रमाण पत्र पाठ्यक्रम (ब्रिज कोर्स)

सेवारत बी॰एड॰ अध्यापकों के लिए

बाल विकास और शिक्षा मनोविज्ञान

Child Development & Educational Psychology

इकाई-प्रथम

बाल्यावस्था
[CHILDHOOD]

1

बाल्यावस्था को समझना
[UNDERSTANDING CHILDHOOD]

बाल विकास का अर्थ
(Meaning of Child Development)

किसी शब्द के वास्तविक अर्थ को समझने से पूर्व उस शब्द के शाब्दिक अर्थ को जानने की आवश्यकता होती है। शाब्दिक अर्थ (Etymological) के ज्ञान से शब्द की उत्पत्ति के विषय में जानकारी हो जाती है, साथ ही अर्थ भी स्पष्ट हो जाता है। बाल विकास शब्द दो शब्दों से मिलकर बना है—बाल या बालक (Child) तथा विकास (Development)।

(i) बाल का अर्थ (Meaning of Child)—बालक का तात्पर्य बाल्यावस्था (Childhood) अर्थात् जन्म से 12 वर्ष तक के व्यक्तियों से लगाते हैं किन्तु बाल विकास के अन्तर्गत बालक का गर्भावस्था (Conception) से लेकर युवावस्था (Youthhood) या परिपक्वावस्था (Maturity) तक के बालक से लगाते हैं। बाल विकास के अन्तर्गत बालक का तात्पर्य गर्भावस्था की युवावस्था के परिपक्वावस्था तक के व्यक्ति से है जिसमें विकास के साथ-साथ रचनात्मक परिवर्तन भी होते हैं।

(ii) विकास का अर्थ (Meaning of Development)—विकास एक ऐसी प्रक्रिया है जिसका प्रारम्भ गर्भावस्था से होता है। यह जीवन-पर्यन्त किसी न किसी रूप में चलता रहता है। जन्म से पूर्व गर्भावस्था से विकास प्रारम्भ हो जाता है। आन्तरिक वातावरण से बाह्य वातावरण में आता है। प्राणी के जीवन विकास में शारीरिक, मानसिक क्षमताओं के स्वरूप में जो क्रमगत परिवर्तन होता है, उन्हीं को विकास कहते हैं । प्रथम अवस्था में रचनात्मक परिवर्तन होते हैं । दूसरी अवस्था में ह्रास के लक्षण अभिव्यक्त होते हैं। विकास को तीन भागों में विभाजित किया गया है—उत्पत्ति (Origin), वृद्धि (Growth) एवं अपकर्ष (Fall)। यह क्रम में उद्‌भुत होते हैं । विकास प्राणी में पायी जाने वाली उस स्वाभाविक प्रक्रिया को कहते हैं जिसमें प्राणी में गर्भाधान से लेकर वृद्धावस्था तक अनेक क्रमिक शारीरिक व मानसिक परिवर्तन होते हैं।

मानव जीवन की शुरुआत जन्म से न होकर गर्भाधान के समय ही होती है। मानव का जन्म मानव विकास क्रम की आन्तरिक वातावरण को त्याग कर बाह्य वातावरण में आता है। आन्तरिक वातावरण में मानव की रहने की अवधि कम होती है। बाह्य वातावरण में मानव का अपना अलग महत्व होता है। मानव जीवन में होने वाले परिवर्तनों का क्रम ही विकास कहलाता है (A sequence of changes)।

बाल विकास मनोविज्ञान की वह शाखा है जिसके अन्तर्गत विकासात्मक दृष्टिकोण अपनाते हुए गर्भावस्था से लेकर युवावस्था व परिपक्वावस्था तक के मानव व्यवहार अर्थात् शारीरिक व मानसिक क्रियाओं में होने वाले क्रमिक परिवर्तन जो व्यक्तिगत होते हैं, उनका स्वरूप, समय व कारणों व उनमें अन्तर्निहित प्रक्रिया (Mechanisms) का वैज्ञानिक अध्ययन किया जाता है।

यदि बाल विकास के अर्थ का विश्लेषण करें तो निम्नलिखित तथ्यों का समावेश है—

(1) बाल विकास एक सकारात्मक विज्ञान है।

(2) बाल विकास गर्भावस्था से लेकर परिपक्वावस्था तक का अध्ययन है।

(3) बाल विकास बालक के मानसिक विकास का अध्ययन करता है।

(4) बाल विकास शारीरिक विकास का अध्ययन करता है।

(5) बाल विकास अपनी विषय-सामग्री की अध्ययन विकासात्मक दृष्टिकोण से करता है।

इस प्रकार बाल विकास को बाल मनोविज्ञान की संज्ञा दी गयी है। इसके लिए प्रसिद्ध बाल मनोवैज्ञानिक बाल विशेषज्ञ **श्री हरलॉक** ने इस सन्दर्भ में लिखा है, "विकास के कुछ पहलुओं के बजाए बाल विकास के सम्पूर्ण प्रतिमान व समस्त प्रक्रियाओं पर ध्यान केन्द्रित करने पर बल देने की साथ अब बाल मनोविज्ञान का नाम बाल विकास में परिवर्तित हो गया है।"

बाल विकास की परिभाषाएँ
(Definitions of Child Development)

बाल विकास का अर्थ स्पष्ट करने के लिए विभिन्न विद्वानों ने इसकी परिभाषाएँ प्रस्तुत की हैं, जो इस प्रकार हैं—

हरलॉक के अनुसार, "आज बाल विकास में मुख्य रूप से बालक के रूप, व्यवहार, रुचियों एवं लक्ष्यों में होने वाले उन विशिष्ट

परिवर्तनों की खोज पर बल दिया जा रहा है जो उसके विकासात्मक अवस्था से दूसरी विकासावस्था में पदार्पण करते समय होते हैं। इसके अतिरिक्त बाल विकास यह खोज करने का भी प्रयास करता है कि ये परिवर्तन कब होते हैं, इसके लिए कौन से कारण उत्तरदायी हैं और ये वैयक्तिक हैं अथवा सार्वभौमिक।''

"Today, the major emphasis is child development its own discovering the characteristic change in appearance, behaviour, interest and goel as the child passes from one developmental period to another. In addition, child development attempt to find out when these changes occur normally what is responsible for them and whether they are individual or universal." —*E. B. Hurlock,* 1974

''बाल विकास का क्षेत्र मनोवैज्ञानिक शोधों की वह शाखा है जो युवक का गर्भाधान से युवक होने तक अर्थात् ऐसे व्यक्ति को जो कि सेक्स की दृष्टि से परिपक्व होता है किन्तु उसे प्रौढ़ावस्था से सम्बन्धित अधिकारों, सुविधाओं तथा उत्तरदायित्वों को रखने की दृष्टि से परिपक्व नहीं समझा जाता है, का अध्ययन करती है ।''

"The field of child development is that branch of psychological research which studies the youth from conception until the becomes a youth or a person who is sexually mature even though he is not regarded as mature enough to have the rights, privilliges and responsibilities associated with adulthood." —*E. B. Hurlock*

बाल विकास बाल मनोविज्ञान का विकसित स्वरूप है । बाल मनोविज्ञान एवं बाल विकास का एक ही अर्थ है ।

''**क्रो** एण्ड **क्रो** के अनुसार, ''मनोविज्ञान वह विज्ञान है जो व्यक्ति के विकास का वैज्ञानिक अध्ययन गर्भकाल से किशोरावस्था तक करता है ।''

"Child psychology is scientific study of the individual from his parental beginning through the early to this adolescent development." —*Crow and Crow*

जेम्स ड्रेवर के अनुसार ''बाल मनोविज्ञान मनोविज्ञान की वह शाखा है जो प्राणी के विकास का अध्ययन जन्म से परिपक्वावस्था तक करती है।''

"Child psychology is a branch of psychology with studies the human being in development from birth to maturity." —*James Drever*

गैरिसन एवं **अन्य** के अनुसार ''बाल मनोविज्ञान को प्रत्यक्ष सम्बन्ध बाल व्यवहार से है।''

"Psychology is concerned with Observable child behaviour." —*Garrison & others*

स्किनर के अनुसार ''बाल मनोविज्ञान, बालक के व्यवहार एवं अनुभव का विज्ञान है।''

"Child psychology is the science of child behaviour and experience." —*Skinner*

उपर्युक्त सभी परिभाषाएँ बाल मनोविज्ञान बाल विकास की ही शाखा है, ऐसा साबित करती है क्योंकि बालक के विकास, व्यवहार, विकास को प्रभावित करने वाले विभिन्न पहलुओं के अध्ययन का क्षेत्र इसके अन्तर्गत आता है।

प्रसिद्ध मनोवैज्ञानिक **हरलॉक** ने बाल मनोविज्ञान तथा बाल विकास में निम्न अन्तर बतलाये हैं—

(1) बाल विकास बालक के वातावरण एवं अनुभवों के प्रभाव को बाल मनोविज्ञान की अपेक्षा अधिक महत्व देता है।

(2) बाल विकास बच्चे के विकासात्मक प्रक्रिया, उनकी प्रक्रियाओं में होने वाले क्रमिक बदलाव का अध्ययन करते हैं।

(3) बाल विकास जब शिशु गर्भ में रहता है, तभी से उसका अध्ययन होता है परन्तु बाल मनोविज्ञान का अध्ययन शिशु के जन्म के पश्चात् शुरू होता है ।

(4) बाल विकास बालक की उम्र बढ़ने के साथ-साथ बालक के शारीरिक व्यवहार, रुचि तथा लक्ष्यों में हुए परिवर्तनों का अध्ययन करता है । मनोविज्ञान बच्चों में आये परिवर्तनों के कारण परिवर्तनों से उनके व्यवहार का अध्ययन करता है।

बाल मनोविज्ञान एवं बाल विकास का अर्थ
(Meaning of Child Psychology and Child Development)

बाल विकास बाल मनोविज्ञान का विकसित स्वरूप है । बाल मनोविज्ञान एवं बाल विकास का अन्तर समझने से पूर्व मनोविज्ञान का अर्थ समझ लेना आवश्यक हो जाता है । गर्भावस्था से किशोरावस्था तक के व्यक्ति को मानसिक तथा शारीरिक क्रियाओं या अनुभव व व्यवहार, उसके विभिन्न पहलुओं; जैसे—शारीरिक, मानसिक, संवेगात्मक, सामाजिक, चारित्रिक, नैतिक विकास का अध्ययन करता है । बाल मनोविज्ञान का विषय-क्षेत्र, उद्देश्य व उपयोगिता बाल विकास के समान होती है ।

बीसवीं शताब्दी के दूसरे व तीसरे दशक तक बाल मनोविज्ञान का क्षेत्र सीमित था । बालकों के संवेगों, खेलों, भाषा विकास, बालकों के विभिन्न क्रियाकलापों व शारीरिक, मानसिक विशेषताओं का अध्ययन किया गया । इस प्रकार बाल मनोविज्ञान की लोकप्रियता बढ़ती गयी और भिन्न-भिन्न आयु स्तर पर बाल-व्यवहार के विभिन्न क्षेत्रों का अध्ययन करना पर्याप्त नहीं होता क्योंकि इस अध्ययन से यह पता नहीं चल पाता कि व्यवहार विशेषताओं में क्या-क्या व किस प्रकार के परिवर्तन होते हैं । यह बाल विकास के अन्तर्गत आते हैं । यही बाल मनोविज्ञान का विस्तृत स्वरूप है ।

जहाँ बाल मनोविज्ञान गर्भावस्था, शैशवावस्था, बाल्यावस्था तथा किशोरावस्था तक के व्यवहार का अध्ययन करता था, वहीं बाल विकास इन अवस्थाओं के साथ युवावस्था व परिपक्वावस्था का अध्ययन करने लगा ।

जहाँ बाल मनोविज्ञान विभिन्न आयु स्तर पर बालक के व्यवहार का अध्ययन करता है, वहीं बाल विकास बालकों की आयु वृद्धि के साथ उनके व्यवहार विशेषताओं में क्या, कब व किन कारणों में परिवर्तन होते हैं, इनका अध्ययन करता है ।

बाल विकास का विषय क्षेत्र
(Scope of Child Development)

बाल विकास बालक के सम्पूर्ण जीवन का अध्ययन है । इसका विषय-क्षेत्र गर्भावस्था से लेकर युवावस्था तक की सभी अवस्थाओं

के सभी पहलुओं का अध्ययन है । इसके अतिरिक्त इनके क्षेत्र के अन्तर्गत बाल विकास को प्रभावित करने वाले तत्वों व सिद्धान्तों का अध्ययन है । इसे निम्नलिखित भागों में विभाजित किया गया है—

बाल विकास की विभिन्न अवस्थाओं का अध्ययन (Study of Various Stages of Child Development)—बाल विकास को समझने के लिए बाल मनोवैज्ञानिक विकास के आधार पर कई अवस्थाओं में बाँटा गया है । गर्भावस्था से किशोरावस्था तक बालक के विकास की अग्रलिखित अवस्थाएँ होती हैं—

(i) गर्भावस्था (Parental Period)—यह अवस्था गर्भाधान (Conception) से लेकर जन्म तक की अवस्था है । गर्भस्थ शिशु का स्वाभाविक विकास द्रुतगति से होता है । जन्म से पूर्व बच्चे की आकृति एवं विभिन्न अंगों का निर्माण हो जाता है । बच्चे के वजन (Weight) व आकार (Size) में वृद्धि होती है । बच्चे के विकासात्मक पहलुओं का अध्ययन इसके क्षेत्र में आता है ।

(ii) शैशवावस्था (Infancy)—जन्म के बाद दो सप्ताह के शिशु को Neonate और इस अवधि को शैशवावस्था कहते हैं । विकासात्मक मनोविज्ञान के आधार पर गत्यात्मक, शारीरिक, संवेगात्मक क्षमताओं व उनकी प्रक्रिया आदि का अध्ययन किया जाता है ।

(iii) उत्तर शैशवावस्था (Babyhood)—यह अवस्था दो सप्ताह से लेकर दो वर्ष तक की अवधि की होती है । इस काल में बच्चे को बाल शिशु कहा जाता है । इस अवस्था में बाल विकास में बाल शिशु के शारीरिक, मानसिक, सामाजिक, संवेगात्मक, गत्यात्मक व भाषा सम्बन्धी विकास का अध्ययन किया जाता है ।

(iv) बाल्यावस्था (Childhood)—बाल्यावस्था का काल दो वर्ष से बारह वर्ष तक होता है । बालक के शारीरिक, मानसिक, संवेगात्मक, नैतिक, चारित्रिक विकास के साथ-साथ कल्पना, चिन्तन, स्मरण, संवेदना, प्रत्यक्षीकरण, बुद्धि, भाषा, खेल, व्यक्तित्व इत्यादि का अध्ययन इसके अन्तर्गत आता है ।

(v) वयः सन्धि (Puberty Period)—बाल्यावस्था व किशोरावस्था के बीच की अवस्था इसके अन्तर्गत आती है । शारीरिक विकास की दृष्टि से यह महत्वपूर्ण अवस्था है । यौन भिन्नता इस अवस्था को प्रभावित करती है । शारीरिक व मानसिक विकास की गति को प्रभावित करती है । संवेगात्मक व सामाजिक दृष्टि से यह अवस्था महत्वपूर्ण होती है । बालकों की अपेक्षा बालिकाएँ संवेगात्मक रूप से विचलित हो जाती हैं और सामाजिक नियन्त्रण खो देती हैं । इसलिए इस अवस्था में माता-पिता का यह कर्तव्य बनता है कि उचित दिशा निर्देशित करें व इस उम्र में बालक-बालिकाओं को प्रशिक्षित करें ।

(vi) किशोरावस्था (Adolesence)—किशोरावस्था बारह से इक्कीस वर्ष की अवधि की अवस्था मानी जाती है । वैसे अंग्रेजी के अनुसार Teen जब तक रहता है; जैसे—Thirteen, Fourteen, Fifteen, Sixteen, Seventeen, Eighteen, Nineteen सभी अवस्थाएँ किशोरावस्था में आती हैं । **स्टैनली हाल** के शब्दों में, "किशोरावस्था बड़े बल एवं तनाव, तूफान एवं विरोध की अवस्था है ।" इस अवस्था में यौन विशेषताओं की प्रधानता के कारण किशोर व किशोरियों में प्रतिक्रियाएँ, मनोवृत्तियाँ तथा जीवन-शैली में परिवर्तन होता है । इसमें शारीरिक, मानसिक परिवर्तन के कारण सन्तुलन समस्याएँ या समायोजन समस्याएँ उत्पन्न होती हैं ।

(vii) प्रौढ़ावस्था (Adulthood)—यह अवस्था इक्कीस वर्ष से 40 वर्ष तक की अवस्था है । इस अवस्था में बालक अधिकारों एवं कर्तव्यों को समझते हुए उनका निर्वाह करने लगता है । इस अवस्था के समाप्त होते व्यक्ति के रचनात्मक परिवर्तन भी पूर्णतया समाप्त हो जाते हैं ।

बाल विकास के विभिन्न पहलुओं का अध्ययन (Study of Various Aspects of Child Development)

बालक के व्यक्तित्व के समस्त पहलुओं का विकास गर्भावस्था से शैशवावस्था में नहीं हो पाता। जैसे-जैसे परिपक्वावस्था की ओर बढ़ता जाता है, इसी प्रकार व्यक्तित्व के पहलुओं का विकास होता जाता है । बाल-विकास के विभिन्न पहलू निम्नलिखित हैं—

(i) शारीरिक विकास (Physical Development),
(ii) गत्यात्मक विकास (Motor Development),
(iii) मानसिक विकास (Mental Development),
(iv) संवेगात्मक विकास (Language Emotional Development),
(v) भाषा विकास (Development),
(vi) सामाजिक विकास (Social Development),
(vii) नैतिक विकास (Moral Development),
(viii) चारित्रिक विकास (Character Development),
(ix) सौन्दर्यात्मक विकास (Asthetic Development),
(x) धार्मिक विकास (Religious Development),
(xi) स्मृति का विकास (Memory Development),
(xii) प्रतिभा व कल्पना का विकास (Imagination Development),
(xiii) अवधान व रुचि का विकास (Attention and Interest Development),
(xiv) चिन्तन एवं रुचि का विकास (Thinking and Reasoning Development),
(xv) खेल विकास (Play Development),
(xvi) व्यक्तित्व विकास (Personality Development)।

अनेक शिक्षाविदों एवं मनोवैज्ञानिकों ने बाल मनोविज्ञान की विषय सामग्री को इस अनिश्चित परिस्थिति से निश्चित परिस्थिति में लाने का प्रयास किया है तथा इसके क्षेत्र में निम्नांकित बातों को स्थान दिया है—

1. बालकों की अभिवृद्धि एवं विकास का अध्ययन।
2. बालकों की रुचियों एवं रुचियों का अध्ययन।
3. बालकों के वंशानुक्रम (Heredity) एवं वातावरण (Environment) का अध्ययन।
4. बालकों की मूल प्रवृत्तियों (Fundamental Tendencies) का अध्ययन।
5. बालकों की विशेष योग्यताओं का अध्ययन।
6. बालकों की शारीरिक, मानसिक व संवेगात्मक क्रियाओं का अध्ययन।

7. बालकों की वैयक्तिक भिन्नताओं (Individual Differences) का अध्ययन।

8. अपराधी, असाधारण और मानसिक रोगों से ग्रस्त बालकों का अध्ययन।

9. सीखने की क्रिया का अध्ययन।

10. अनुशासन सम्बन्धी समस्याओं का अध्ययन।

बाल मनोविज्ञान के क्षेत्र की उपरोक्त विवेचना के आधार पर निष्कर्ष रूप में कह सकते हैं कि बाल मनोविज्ञान के क्षेत्र में वह सब ज्ञान व विधियाँ सम्मिलित हैं जो बाल व्यवहार से सम्बन्धित हैं तथा बाल शिक्षा के लिए आवश्यक है।

बाल विकास के सिद्धान्तों का शैक्षिक महत्व

1. बालक की विकास की अवस्थाओं का अध्ययन कर सकेंगे।
2. बालकों में वंशानुक्रम व वातवरण का अध्ययन कर सकेंगे।
3. बालक की विशिष्ट योग्यताओं का अध्ययन कर सकेंगे।
4. बालक की रुचियों, प्रेरणाओं और मूल प्रवृत्तियों का अध्ययन।
5. विशिष्ट बालकों का अध्ययन।
6. व्यक्तिगत अन्तर कर सकेंगे।
7. विकास प्रासंगिक होगा।

बाल मनोविज्ञान की आवश्यकता तथा महत्व
(Need and Importance of Child Development)

वर्तमान शिक्षा व्यवस्था में बाल मनोविज्ञान का अत्यन्त महत्वपूर्ण स्थान हैं शिक्षक, शिक्षार्थी व शिक्षण व्यवस्था की दृष्टि से बाल मनोविज्ञान अत्यन्त उपयोगी है। आज विश्व के मनोवैज्ञानिक ही नहीं वरन् शिक्षाशास्त्री, शिक्षा दार्शनिक, समाज सुधारक, शिक्षक, राजनीतिज्ञ एवं मनोविश्लेषक भी इस बात को स्वीकार करते हैं कि शिक्षा, मनोविज्ञान पर आधारित होनी चाहिए। इसके महत्व को स्पष्ट करते हुए **जेम्स ड्रेवर** ने लिखा है- ''मनोविज्ञान एक महत्वपूर्ण कारक है, इसकी सहायता लिए बिना हम शिक्षा की समस्याओं का समाधान नहीं कर सकतें।''

"Psychology is an Important factor, we con not solve the problems of education without taking help of psychology." *–James Drever*

उपरोक्त दृष्टि से बाल मनोविज्ञान की उपयोगिता एवं महत्व का संक्षेप में वर्णन किया जा रहा है—

1. शिक्षार्थी की दृष्टि से—

उपरोक्त दृष्टि से बाल मनोविज्ञान की उपयोगिता एवं महत्व का संक्षेप में वर्णन किया जा रहा है—

शिक्षण प्रक्रिया की प्रमुख सामग्री बालक है। अत: शिक्षा देने के लिए बालक के विषय में पूर्ण जानकारी होनी आवश्यक है। बाल मनोविज्ञान की सहायता से बालक से सम्बन्धित अधोलिखित जानकारी प्राप्त की जा सकती है—

(i) बालकों के वंशानुक्रम व वातावरण का अध्ययन।

(ii) बालकों के विकास की अवस्थाओं का अध्ययन।

(iii) बालक की विशिष्ट योग्यता का अध्ययन।

(iv) बालक की शारीरिक, मानसिक, सामाजिक तथा संवेगिक क्रियाओं का अध्ययन।

(v) बालक की व्यक्तिगत भिन्नताओं का अध्ययन।

(vi) बालक की रूचियों, प्रेरणाओं और मूल प्रवृत्तियों का अध्ययन।

(vii) विशिष्ट बालकों का अध्ययययन।

बालक के सन्दर्भ में उपरोक्त जानकारी प्राप्त करने के बाद ही बालक को शिक्षा देना लाभ प्रद होती हैं। बाल मनोविज्ञान का विषय बालक का अध्ययन करना और आवश्यकतानुसार सामग्री जुटाना है। आज शिक्षा में बालक को प्रमुख स्थान दिया जा रहा हैं जो बाल मनोविज्ञान की देन है।

2. शिक्षक की दृष्टि से—

बाल मनोविज्ञान का अध्ययन न केवल छात्रों के लिए ही वरन् अध्यापकों के लिए भी उपयोगी है। बाल मनोविज्ञान के अभाव में कोई भी अध्यापक अपने कार्य को कुशलतापूर्वक सम्पादित नहीं कर सकता। वर्तमान **परिप्रेक्ष्य** में बाल मनोविज्ञान का ज्ञान ही अध्यापक की सफलता का रहस्य है। अपने शिक्षणकार्य को प्रभावशाली बनाने तथा छात्रों के सीखने को सरल, सहज व रूचिकर बनाने के लिए अध्यापक को मनोविज्ञान के सिद्धांतों का उपयोग करना अनिवार्य होता है। इस सन्दर्भ में **एलिस क्रो** के विचारों को उद्धृत किया जा सकता है– ''शिक्षकों को अपने शिक्षण में उन मनोवैज्ञानिक सिद्धान्तों का प्रयोग करना चाहिए, जो सफल शिक्षण और फलोत्पादक अधिगम के लिए अनिवार्य है।''

"The Teacher should be prepared to apply in his teaching activities the psychological principals the are basic to successful teaching and effective learning." *–Alice Crow*

शिक्षक के लिए बाल मनोविज्ञान की उपयोगिता को निम्नलिखित बिन्दुओं द्वारा स्पष्ट किया जा सकता है–

* बाल मनोविज्ञान, शिक्षक को सम्यक् दृष्टिकोण प्रदान करता है।

* बाल मनोविज्ञान की सहायता से बालक के विकास की विभिन्न अवस्थाओं का ज्ञान प्राप्त हो जाता है। इससे शिक्षक रूचि, क्रिया व खेल के सिद्धान्तों पर आधारित शिक्षण पद्धति का उपयोग करता है।

बाल्यावस्था : जीवन का अनोखा काल
("Childhood is the Unique Period of Life" –Cole & Bruce)

मानव-विकास की दूसरी अवस्था बाल्यावस्था है। शैशवावस्था के पश्चात् बाल्यावस्था आती है। इस अवस्था में बालक में कुछ ऐसे परिवर्तन होते हैं, जिन्हें अभिभावक और अध्यापक आसानी से नहीं समझ पाते। शैशवकाल में बालक के लिए संसार रहस्यमय होता है। उसका शरीर और मन दोनों अविकसित दशा में होते हैं, अत: वह प्रत्येक बात के लिए दूसरें पर निर्भर रहता है, परन्तु बाल्यावस्था में प्रवेश करने पर बालक आत्मनिर्भर होने लगता है।

बाल्यावस्था का तात्पर्य (Meaning of Childhood)

सामान्यत: मनोवैज्ञानिकों ने 2 वर्ष से 12 वर्ष के बीच की अवस्था को बाल्यावस्था माना है। इस अवस्था में बालक के जीवन

में स्थायित्व आने लगता है और वह भावी जीवन की तैयारी करता है।

हरलॉक के अनुसार—"उत्तर-बाल्यावस्था 6 वर्ष की आयु से लेकर यौवनारम्भ होने तक ग्यारह और बारह वर्षों के बीच होती है।"

"Late childhood extends from the age of six years to the onset of puberty between eleven and twelve years."

—*Hurlock*

बाल्यावस्था में बालक में अनेक परिवर्तन होते हैं। शिक्षा आरम्भ करने के लिए यह आयु सर्वोत्तम है। शिक्षाविदों ने भी इसे प्रारम्भिक विद्यालय की आयु (Elementary School Age) कहा है। इस उम्र में सामाजिक सम्बन्ध कायम करने की भावना बालक-बालिकाओं में स्पष्ट दिखायी देती है। ये अपना-अपना समूह बनाते हैं। इसीलिए मनोवैज्ञानिकों ने इस अवस्था को 'समूह की अवस्था' (Gang age) भी कहा है। कुछ मनोवैज्ञानिक इसे 'चुस्ती की आयु' (Smart age) एवं 'गन्दी आयु (Dirty age) भी कहते हैं।

बाल्यावस्था की प्रमुख विशेषताएँ
(Chief Characteristics of Childhood)

सर्वांगीण विकास की दृष्टि से बाल्यावस्था की प्रमुख विशेषताएँ निम्नलिखित हैं—

1. शारीरिक तथा मानसिक विकास में स्थिरता (Stability in Physical and Mental Growth)—बाल्यावस्था में शारीरिक तथा मानसिक विकास में स्थिरता आ जाती है। विकास की स्थिरता शारीरिक तथा मानसिक शक्तियों को दृढ़ता प्रदान करती है। बालक की चंचलता घटने लगती है, उसका मस्तिष्क परिपक्व दिखायी देने लगता है तथा वह प्रौढ़ों के समान व्यवहार करना चाहता है। **जे. एस. रास** (Ross) ने बाल्यावस्था को 'मिथ्या परिपक्वता' (Maturity) का काल कहा है।

2. मानसिक योग्यताओं में वृद्धि—(Growth in Mental Abilities)—बाल्यावस्था के दौरान बालक की मानसिक क्षमताओं में लगातार वृद्धि) होती रहती है। संवदेना, प्रत्यक्षीकरण, स्मरण शक्ति का विकास द्रुतगति से होता है। स्थायी स्मृति में वृद्धि) होती है।

3. आत्म-निर्भरता की भावना (Feeling of Self-Dependence)—बालक शैशवावस्था की भाँति बाल्यावस्था मे दूसरों पर निर्भर नहीं होता। वह अपने दैनिक कार्य जैसे मंजनं करना, कपड़ा पहनना, विद्यालय के लिए तैयार होना आदि कार्य खुद कर लेता है। इस अवस्था में बालक में आत्म-निर्भरता की भावना विकसित होने लगती है।

4. रचनात्मक कार्यों में रूचि (Interest in Work)—इस अवस्था में बालक को रचनात्मक कार्यों में विशेष आनन्द आता है। जैसे बगीचे में कार्य करना, लकड़ी, कागज या अन्य किसी वस्तु से कुछ बनाना। बालिकाएँ भी घर में कोई न कोई रचनात्मक कार्य करती है जैसे-सिलाई, कढ़ाई, बुनाई या रसोई धर का काम करना।

5. जिज्ञासा की प्रबलता (Intensity of Curiosity)—बालक जिन वस्तुओं के सम्पर्क में आता है उन सबके विषय में जानना चाहता है। इस समय वह यह नहीं पूछता कि "ये क्या है?" बल्कि वह यह पूछता है कि "यह ऐसा क्यों हैं?" रास ने बालक की इस प्रवृत्ति के सम्बन्ध में कहा है—"उत्तर बाल्यावस्था में बालक ऐसी बातों के प्रति अत्यधिक जिज्ञासु होता है अमुक बातें कैसे होती हैं? अमुक चीज किस प्रकार कार्य करती है? इत्यादि।"

6. सामूहिक प्रवृत्ति की प्रबलता (Intensity of Gregari-ousness)—इस अवस्था में बालक में सामूहिक प्रवृत्ति प्रबल होती है। वह अपना अधिक से अधिक समय दूसरे बालकों के साथ बिताना चाहता है। उसकी रूचि सामूहिक खेलों में अधिक होती है। बालक किसी न किसी समूह का सदस्य बन जाता है तथा उस समूह के सभी सदस्य मिलकर खेल खेलते हैं।

7. सामाजिक एवं नैतिक गुणों का विकास (Development of Social and Moral Qualities)—इस समय बालक अपने संगी-साथियों के साथ अधिक समय बिताता है। उसका व्यवहार दूसरों की प्रशंसा तथा निन्दा पर आधारित होता है। इसके फलस्वरूप उसमें अनेक सामाजिक तथा नैतिक गुणों जैसे-आज्ञापालन, सहयोग, सहनशीलता, ईमानदारी, सद्भावना, सहानुभूति, आत्मनियंत्रण, अनुशासन आदि का विकास होने लगता है।

स्ट्रैंग (Strang) के अनुसार, "छः, सात और आठ वर्ष के बालकों में अच्छे-बुरे के ज्ञान एवं न्यायपूर्ण व्यवहार, ईमानदारी और सामाजिक मूल्यों की भावना का विकास होने लगता है।"

8. सामूहिक खेलों में विशेष रूचि (Interest in Group Play)—खेल इस अवस्था की अधिक महत्वपूर्ण प्रवृत्ति है। **कार्लग्रूस** (Karlgroos) के अनुसार, "खेलों द्वारा व्यक्ति अपने भावी जीवन की तैयारी करता है।" **स्टेनले हॉल** (Stanely Hall) के अनुसार, "बालकों के खेल उन कार्यो की पुनरावृत्ति है, जो सृष्टि के प्रारम्भ से उनके पूर्वज करते आये हैं।" इस उम्र में बालक बालकों के साथ और बालिकाएँ बालिकाओं के साथ खेलने में रूचि लेते हैं। उनमें सखा-भाव एवं सखी-भाव दिखायी देता है।

9. काम-प्रवृत्ति की न्यूनता (Lesser Sense of Sex)—मनोवैज्ञानिकों के अनुसार बच्चे में जन्म से ही काम भावना विकसित होने लगती है। किन्तु बाल्यावस्था में स्वप्रेम तथा पिता व मातृ विरोधी काम ग्रन्थियाँ समाप्त हो जाती है, और बालक-बालिकाओं में समलिंगी प्रेम भावना का उदय होता है।

10. संग्रह-प्रवृत्ति का विकास (Development of Acquisition Tendency)—इस अवस्था में संग्रह करने की प्रवृत्ति भी जागृत होती है। बालक विशेषरूप से पुराने स्टैम्प, बोलियाँ, खिलौने, मशीनों के पुर्जे, पत्थर के टुकड़े और बालिकाएँ खिलौने, गुड़िया, कपड़ों के टुकड़े, चित्रों आदि का संग्रह करते हैं।

बाल्यावस्था में शिक्षा
(Education during Chilodhood)

शिक्षा और विकास में घनिष्ठ सम्बन्ध है। शिक्षा विकास की प्रक्रिया है। बाल्यावस्था बालक के जीवन की महत्वपूर्ण अवस्था है। अतः यह आवश्यक नहीं अनिवार्य भी है कि बालक के विकास के

सभी पक्षों को दृष्टिगत रखते हुए शिक्षा का स्वरूप निश्चित किया जाय। बालक की शिक्षा का उत्तरदायित्व माता-पिता, अध्यापक तथा समाज पर है। बाल्यावस्था के दौरान बालक बालिकाओं की शिक्षा व्यवस्था करते समय निम्नलिखित शीर्षकों पर ध्यान लाभप्रद है—

1. शारीरिक विकास पर ध्यान (Attention on Physical Development)—स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का निवास होता है। अत: मानसिक विकास के लिए शारीरिक विकास पर ध्यान देना संगत है। बालकों के उत्तम स्वास्थ्य के लिए उन्हें सन्तुलित और पौष्टिक भोजन देना चाहिए। अध्यापकों को चाहिए कि विद्यालयों में उन्हें खेल-कूद, व्यायाम आदि शारीरिक क्रियाओं का अवसर दें।

2. बाल मनोविज्ञान पर आधारित शिक्षा (Education Based on Child Psychology)—प्राचीन काल में शिक्षा अध्यापक की इच्छा से चलती थी। डण्डे के बल पर अनुशासन कायम किया जाता था। इच्छा न रहने पर भी बालक को पुस्तक की तरफ देखते रहना पड़ता था। ऐसी शिक्षा को अध्यापक-केन्द्रित शिक्षा कहते थे। जब मनोविज्ञान का शिक्षा में पर्दापण हुआ तो शिक्षा अध्यापक-केन्द्रित से हटकर बाल-केन्द्रित हो गयी। इस बाल-केन्द्रित शिक्षा में बालक की रूचि, योग्यता और क्षमता पर ध्यान दिया जाने लगा। बाल-मनोविज्ञान के अनुसार बालकों के लिए स्नेह व सहानुभूति पर आधारित शिक्षा-व्यवस्था उपर्युक्त है।

3. खेल तथा क्रिया द्वारा शिक्षा (Education through Play and Activity)—खेल और क्रियाशीलता बालकों की सहज एवं स्वाभाविक प्रवृत्तियाँ है। आधुनिक शिक्षा मनोवैज्ञानिकों ने बालक की शिक्षा में खेल और क्रिया को प्रमुख स्थान दिया है। खेल द्वारा किया जाने वाला कार्य बालक के शारीरिक, मानसिक, सामाजिक तथा संवेगिक विकास में सहायक है। खेल तथा क्रिया द्वारा बालक सरलता, सहजता, उत्साह तथा प्रसन्नता से नयी बातों को सीख लेते हैं।

4. रोचक पाठ्यक्रम (Curriculum Engaging Interest)—पाठ्यक्रम में ऐसे दर्शनों को रखना चाहिए जो बालकों की रूचि और आवश्यकता के अनुरूप हो तथा जीवन से सम्बन्धित हो। अनावश्यक दर्शनों और पुस्तकों का बोझ उन पर न लादा जाय, अन्यथा रटकर परीक्षा पास करने से उनका मानसिक विकास यथोचित ढंग से नहीं हो पायेगा।

5. भाषा विकास पर ध्यान (Attention on Language Development)—बाल्यावस्था में भाषा-विकास पर ध्यान देना चाहिए। बालकों के भाषा सम्बन्धी ज्ञान में वृद्धि) के लिए उन्हें बातचीत करने, कहानियाँ सुनाने, पत्र-पत्रिकाएँ पढ़ने, वाद-विवाद में भाग लेने, भाषण देने, कविता सुनाने, टेलीविजन देखने आदि का अवसर देना चाहिए।

6. मानसिक विकास पर ध्यान (Attention on Mental Development)—मानसिक विकास के लिए प्राकृतिक एवं शान्त वातावरण उपयुक्त है, अत: बाल्यावस्था में मानसिक विकास के लिए यथासम्भव अनुकूल वातावरण तैयार करना चाहिए। घर का और विद्यालय का वातावरण ऐसा होना चाहिए ताकि बालकों की विभिन्न मानसिक योग्यताओं प्रत्यक्षीकरण, स्मृति, कल्पना, चिन्तन, तर्क आदि का यथोक्ति विकास हो सके।

7. नैतिक शिक्षा (Moral Education)—नैतिक शिक्षा पढ़ाने की चीज नही बल्कि सिखाने की चीज है। मेरे छात्र जीवन में नैतिकता सिखायी जाती थी, परन्तु अब माध्यमिक विद्यालयों में नैतिक शिक्षा पढ़ायी जाती है, जो अनुचित है। बालकों को नैतिकता सिखानी चाहिए। इस अवस्था में बालक नैतिक मान्यताओं और नियमों में विश्वास करने लगता है। अत: इस अवस्था में नैतिक मूल्यों के विकास तथा सामाजिक मान्यताओं और नियमों में आस्था जागृत करने के लिए नैतिकता सिखाना आवश्यक है।

8. सामाजिक गुणों का विकास (Development of Social Qualities)—बाल्यावस्था में परिवार के बाद मुख्य रूप से बालक का समाजीकरण विद्यालय में होता है, अत: अध्यापक का दायित्व है कि वह कक्षा, विद्यालय तथा खेल के मैदान में ऐसा वातावरण तैयार करे जिससे बालक का अनुकूल सामाजिक विकास हो। विद्यालय में ऐसे कार्यक्रम आयोजित किये जायँ जिससे बालकों में अनुशासन, आत्मसंयम, उत्तरदायित्व, आज्ञाकारिता, विनम्रता, सहयोग, सहानुभूति आदि गुणों का विकास हो सके।

9. रचनात्मक कार्यों की व्यवस्था (Arrangement of Constructive Work)—बालकों में रचनात्मक कार्य करने की प्रवृत्ति प्रारम्भ से ही दिखायी देती है। जैसे मिट्टी और ईंटे से घरौंदा बनाना, लकड़ी के छोटे-छोटे गुटको में कोई वस्तु बनाना आदि। घर में तथा विद्यालय में छात्र-छात्राओं के लिए रचनात्मक कार्यों की व्यवस्था करनी चाहिए। मिट्टी, लकड़ी, दफ्ती आदि के द्वारा अनेक प्रकार की वस्तुएँ बनवाकर छात्र-छात्राओं में रचनात्मक प्रवृत्ति का विकास करना चाहिए।

10. सामूहिक प्रवृत्ति की सन्तुष्टि (Satisfaction of Gregariousness)—बाल्यावस्था में समूह मे रहने की प्रवृत्ति प्रबल होती है। वह अकेले रहना नहीं पसन्द करता। वह अन्य बालकों तथा मित्रों के साथ मिल-जुलकर रहना तथा उनके साथ कार्य करने में आनन्द का अनुभव करता है। अत: विद्यालय में सभा, स्काउट-गाइड, पर्यटन, नाटक, सरस्वती यात्राएँ, सांस्कृतिक कार्यक्रम आदि का आयोजन समय-समय पर करना चाहिए।

शिक्षा की दृष्टि से बाल्यावस्था जीवन की महत्वपूर्ण अवस्था है, अत: इस काल के बालक के व्यक्तित्व का बहुमुखी विकास करने का दायित्व माता-पिता, अभिभावक एवं अध्यापकों का है। इस अवस्था में उन साधनों और तरीकों का इस्तेमाल करना चाहिए, जिससे बालक का सन्तुलित विकास हो सके तथा वह भावी जीवन के लिए तैयार हो सके।

बाल्यावस्था की संकल्पना : समानताएँ और विविधताएँ

बाल्यावस्था एक सामाजिक, सांस्कृतिक और ऐतिहासिक संकल्पना है, जो हर समाज में समान नहीं होती। सामान्य रूप से बचपन को सीखने, संरक्षण, खेल और विकास की अवस्था माना जाता

है, जो सभी संस्कृतियों में किसी न किसी रूप में समान है। यही बचपन की **समानताएँ** हैं। परन्तु सामाजिक वर्ग, जाति, लिंग, आर्थिक स्थिति, ग्रामीण-शहरी परिवेश और पारिवारिक संरचना के आधार पर बचपन का अनुभव भिन्न-भिन्न होता है, जिसे **विविधताएँ** कहा जाता है। भारतीय संदर्भ में **'एक नहीं, अनेक बचपन''** की अवधारणा सामने आती है।

उदाहरण के लिए, एक मध्यमवर्गीय शहरी बच्चे का बचपन विद्यालय, ट्यूशन और डिजिटल साधनों से जुड़ा होता है, जबकि ग्रामीण या आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के बच्चों का बचपन श्रम,पारिवारिक जिम्मेदारियों और सीमित शैक्षिक अवसरों से प्रभावित होता है। बाल श्रमिक, आदिवासी बच्चे, विशेष आवश्यकता वाले बच्चे और बालिकाएँ– सभी का बचपन अलग-अलग सामाजिक परिस्थितियों में निर्मित होता है। इस प्रकार भारत में बचपन को एक समान अनुभव न मानकर बहुविध और सामाजिक रूप से निर्मित अनुभव के रूप में समझा जाता है, जो शिक्षा और नीति निर्माण के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है।

बाल्यावस्था की धारणा में समानताएँ और विविधताएँ तथा भारतीय संदर्भ में बहुविध बचपन का निर्माण

बाल्यावस्था की संकल्पना यह स्पष्ट करती है कि समाज बच्चों को किस दृष्टि से देखता है और उनसे क्या अपेक्षाएँ रखता है। बचपन केवल आयु से जुड़ी जैविक अवस्था नहीं है, बल्कि यह सामाजिक, सांस्कृतिक, आर्थिक और ऐतिहासिक परिस्थितियों से निर्मित होती है। प्रत्येक समाज अपने मूल्यों और मान्यताओं के अनुसार बचपन को परिभाषित करता है।

बाल्यावस्था की धारणा में समानताएँ (Commonalities)

कुछ विशेषताएँ ऐसी हैं जो लगभग सभी समाजों में बचपन से जुड़ी पायी जाती हैं—

(1) बचपन को सीखने और विकास की अवस्था माना जाता है।

(2) बच्चों को संरक्षण, प्रेम और देखभाल की आवश्यकता होती है।

(3) खेल, जिज्ञासा और कल्पनाशीलता बचपन के सामान्य गुण माने जाते हैं।

(4) बच्चों को धीरे-धीरे सामाजिक नियमों और मूल्यों से परिचित कराया जाता है।

ये समानताएँ यह दर्शाती हैं कि बचपन को विश्व स्तर पर एक विशेष जीवन-चरण के रूप में स्वीकार किया गया है।

बाल्यावस्था की धारणा में विविधताएँ (Diversities)

समानताओं के साथ-साथ बचपन की गहरी विविधताएँ भी पायी जाती हैं, जो समाज की संरचना पर निर्भर करती हैं—

(1) आर्थिक स्थिति के आधार पर बच्चों के अनुभव अलग-अलग होते हैं।

(2) ग्रामीण शहरी और महानगरीय बच्चों का बचपन भिन्न होता है।

(3) जाति, वर्ग, लिंग और धर्म भी बचपन के स्वरूप को प्रभावित करते हैं।

(4) कुछ बच्चों का बचपन शिक्षा और मनोरंजन से जुड़ा होता है, जबकि कुछ का श्रम और जिम्मेदारियों से।

भारतीय संदर्भ में बहुविध बचपन (Multiple Childhoods in Indian Context)

भारत सामाजिक और सांस्कृतिक विविधताओं से भरा देश है, इसलिए यहाँ एक नहीं, बल्कि अनेक प्रकार के बचपन पाए जाते हैं—

(1) मध्यम और उच्च वर्ग के बच्चों का बचपन स्कूल, कोचिंग, खेल और डिजिटल साधनों के इर्द-गिर्द घूमता है।

(2) गरीब और वंचित वर्ग के बच्चों का बचपन काम, पारिवारिक सहयोग और संघर्ष से जुड़ा होता है।

(3) बाल श्रमिक, सड़क पर रहने वाले बच्चे और आदिवासी बच्चों के अनुभव मुख्यधारा से अलग होते हैं।

(4) लड़कियों का बचपन कई बार घरेलू कार्यों और सामाजिक प्रतिबंधों से सीमित हो जाता है।

इस प्रकार भारत में बचपन को एक समान अनुभव मानना उचित नहीं है। **बहुविध बचपन की अवधारणा** यह समझने में सहायता करती है कि सभी बच्चों की आवश्यकताएँ समस्याएँ और क्षमताएँ समान नहीं होतीं।

शैक्षिक दृष्टिकोण से महत्व

(1) शिक्षा व्यवस्था को सभी प्रकार के बचपन के अनुरूप बनाना आवश्यक है।

(2) पाठ्यचर्या बाल-केन्द्रित और समावेशी होनी चाहिए।

(3) शिक्षकों को बच्चों की सामाजिक पृष्ठभूमि को समझना चाहिए।

बचपन एक सामाजिक रूप से निर्मित अवधारणा है जिसमें समानताएँ भी हैं और विविधताएँ भी। भारतीय संदर्भ में बचपन को **बहुविध अनुभव** के रूप में समझना ही बच्चों के समग्र विकास के लिए आवश्यक है।

वैश्वीकरण के संदर्भ में बचपन की संकल्पनाएँ (Constructs of Childhood in the Context of Globalization)

वैश्वीकरण एक ऐसी प्रक्रिया है जिसमें विश्व के विभिन्न देश आर्थिक, सांस्कृतिक, तकनीकी और शैक्षिक रूप से एक-दूसरे से जुड़े हैं। इस प्रक्रिया ने समाज के साथ-साथ **बचपन की संकल्पना** को भी गहराई से प्रभावित किया है। आज का बचपन केवल स्थानीय संस्कृति और परम्पराओं से निर्मित नहीं होता, बल्कि उस पर वैश्विक प्रभाव भी स्पष्ट रूप दिखाई देते हैं।

वैश्वीकरण के कारण बच्चों के जीवन में **सूचना और संचार प्रौद्योगिकी** की भूमिका बढ़ गयी है। मोबाइल फोन, इंटरनेट, सोशल मीडिया, ऑनलाइन गेम और डिजिटल शिक्षा ने बच्चों की सीखने की शैली, भाषा, रुचियों और सोच को बदल दिया है। अब बच्चे कम उम्र में ही वैश्विक ज्ञान, अंतर्राष्ट्रीय घटनाओं और नई तकनीकों से परिचत हो जाते हैं।

वैश्वीकरण के संदर्भ में बचपन की संकल्पना को निम्न बिन्दुओं के माध्यम से समझा जा सकता है—

(i) मीडिया और उपभोक्तावाद का प्रभाव बच्चों की इच्छाओं और जीवन-शैली को प्रभावित करता है।

(ii) शिक्षा अधिक प्रतिस्पर्धात्मक और प्रदर्शन-आधारित हो गयी है।

(iii) बच्चों पर उपलब्धि और सफलता का मानसिक दबाव बढ़ा है।

(iv) अंतर्राष्ट्रीय पाठ्यक्रम, ऑनलाइन शिक्षण और वैश्विक मूल्यों का प्रसार हुआ है।

इसके साथ ही वैश्वीकरण ने कुछ **सकारात्मक परिवर्तन** भी किए हैं।

(i) शिक्षा और सूचना तक पहुँच आसान हुई है।

(ii) बच्चों के अधिकारों, संरक्षण और समानता पर वैश्विक स्तर पर जागरूकता बढ़ी है।

(iii) विशेष आवश्यकता वाले बच्चों और वंचित वर्ग के लिए नई संभावनाएँ उत्पन्न हुई हैं।

परन्तु इसके **नकारात्मक प्रभाव** भी सामने आए हैं।

(iv) उपभोक्तावादी संस्कृति के कारण बच्चों में भौतिक इच्छाएँ बढ़ी हैं।

(v) पारंपरिक खेल, पारिवारिक संवाद और सामाजिक संबंध कमजोर हुए हैं।

(vi) वैश्वीकरण के लाभ सभी बच्चों तक समान रूप से नहीं पहुँचते, जिससे असमानताएँ बढ़ती हैं।

वैश्वीकरण के संदर्भ में बचपन एक जटिल और परिवर्तनशील संकल्पना बन गया है, जिसमें स्थानीय और वैश्विक दोनों प्रभाव साथ- साथ कार्य करते हैं। इसलिए आवश्यक है कि शिक्षा और समाज बच्चों के विकास को संतुलित, संवेदनशील और बाल-केन्द्रित दृष्टिकोण से समझें।

दीर्घ एवं लघु उत्तरीय प्रश्न

प्रश्न 1. बाल विकास का महत्व लिखिए।

उत्तर—यदि आप बच्चे का सर्वांगीण विकास उचित तरीके से करना चाहते हैं तो आपको बच्चों को जानना और समझना होगा। एक सफल शिक्षक के रूप में बच्चे का सर्वांगीण विकास तभी कर सकते हैं जब आप बच्चे की आयु, मानसिक स्तर, अभिवृद्धि विकास के साथ होने वाले परिवर्तनों, सीखने की क्षमता, आदतों, रुचियों, आवश्यकताओं, समस्याओं आदि के साथ-साथ सीखने-सिखाने की रुचिपूर्ण एवं आनंदमयी शिक्षण विधियों से परिचित होंगे। बाल मनोविज्ञान में हम इन्हीं के बारे में अध्ययन करते हैं।

प्रश्न 2. बाल विकास के उद्देश्य क्या हैं ?

उत्तर—बाल विकास का उद्देश्य बदलती हुई सामाजिक व्यवस्था में कुशल आत्मनिर्देशन की योग्यता में वृद्धि, व्यक्तित्व का अभिवर्द्धन (Growth) और उसका सन्तुलित विकास करना तथा मानव-स्वभाव को समझने में शिक्षक की सहायता करना है। मानव-स्वभाव के ज्ञान के द्वारा शिक्षक बालकों को उचित निर्देश देने और उनका पथ प्रदर्शन में सफल हो सकते हैं। उचित मार्गदर्शन मिलने पर बालक सामाजिक परिस्थितियों से सामंजस्य स्थापित करने और सामाजिक दायित्वों का भली-भाँति निर्वाह करने में सफल होगा। अत: बाल विकास का उद्देश्य बालकों में सदाचार की भावना विकसित करना है। बाल विकास का उद्देश्य शिक्षक को तथ्यों (facts) और सामान्यीकरण (Generalization) से अवगत कराकर उसके कार्य में सहायता देना है, जिससे वह बालक को उसके संतुलित व्यक्तित्व के निर्माण में सहायता दे सके।

प्रश्न 3. बाल विकास की आवश्यकता पर संक्षिप्त लेख लिखिए।

उत्तर—(1) बालकों के स्वभाव को समझने में सहायक—विभिन्न आयु-स्तर पर बालकों के व्यवहार में कौन-कौन से परिवर्तन आते हैं तथा उन परिवर्तनों के क्या कारण होते हैं उनका क्या प्रभाव पड़ता है यह सब बाल-विकास बताता है इसलिए अभिभावक, अध्यापक, बाल-निदेशक बाल-मनोविज्ञान के अध्ययन से प्रत्येक आयु के बालक के व्यवहार को आसानी से समझ सकते हैं ।

(2) बालकों की शिक्षा में सहायक—बालक किस शारीरिक उम्र में कितनी मानसिक आयु रखता है या उसे रखनी चाहिए या किसी बालक की मानसिक आयु क्या है । इसका पता बाल-विकास के द्वारा किया जाता है तथा उसी के अनुसार उस बालक विशेष की शिक्षा की व्यवस्था में सहायता मिलती है । कक्षाओं के पाठ्यक्रम निर्धारण में सहायता मिलती है कि किस कक्षा में कितनी मानसिक आयु होती है उसी के अनुसार पाठ्यक्रम निर्धारण किया जाता है । विभिन्न अवस्था में बालक की ग्राही शक्ति कितनी होगी उसी के अनुसार पाठ्यक्रम निर्धारित किया जाता है ।

(3) बालक के विकास को समझने में सहायक—प्रत्येक बालक का विकास कुछ विशेष नियमों के अनुसार होता है। कुछ विशेष उम्र में विकास में परिवर्तन आते हैं उनके बारे में बाल-विकास बताता है जिससे यह ज्ञात होता है कि किस विशिष्ट उम्र में बालक का व्यवहार कैसा होना चाहिए जिससे बालक के विकास को समझा जा सकता है।

(4) बालक के व्यक्तित्व विकास को समझने में सहायता—बालक के व्यक्तित्व विकास को कौन-से तत्व प्रभावित करते हैं तथा किस प्रकार प्रभावित करते हैं। उचित व्यक्तित्व विकास के लिए कौन-कौन से तत्त्व आवश्यक हैं, कैसा वातावरण होना चाहिए, इन सबकी जानकारी बाल-विकास देता है। इसके अध्ययन से व्यक्तित्व विकास में होने वाले क्रमिक परिवर्तनों को समझा जाता है।

(5) बालक के व्यवहार नियन्त्रण में सहायता—प्रत्येक बालक अपने व्यवहार सम्बन्धी कुछ समस्याएँ उत्पन्न करता है। उन्हें नियन्त्रित करने तथा दूर करने में बाल-मनोविज्ञान सहायता करता है।

(6) बाल-निर्देशन में सहायता—बच्चों में माता-पिता, अध्यापक तथा बाल-निर्देशक जो कि बच्चों को आगे बढ़ने के लिए निर्देशित करते हैं बाल-विकास उनकी मदद करता है। बाल-विकास सिखाता है कि विभिन्न प्रकार के बालकों के साथ कैसा व्यवहार करना चाहिए तथा उन्हें किस प्रकार की व्यावहारिक शिक्षा देनी चाहिए जो कि उनके आगे बढ़ने में सहायक हो।

(7) सुखी पारिवारिक जीवन में सहायक—यदि बच्चे चरित्रवान उचित व्यक्तित्व वाले होते हैं तो माता-पिता तथा परिवार सुखी तथा प्रसन्न रहता है। बाल-मनोविज्ञान के अध्ययन द्वारा बालकों में इच्छित व्यवहार उत्पन्न कर पारिवारिक जीवन सुखी बनाया जा सकता है।

प्रश्न 4.बाल विकास की आवश्यकता एवं महत्व पर संक्षिप्त लेख लिखिए।

उत्तर—बाल मनोविज्ञान का अध्ययन न केवल छात्रों के लिए ही वरन् अध्यापकों के लिए भी उपयोगी है। बाल मनोविज्ञान के अभाव में कोई भी अध्यापक अपने कार्य को कुशलतापूर्वक सम्पादित नहीं कर सकता। वर्तमान परिप्रेक्ष्य में बाल मनोविज्ञान का ज्ञान ही अध्यापक की सफलता का रहस्य है। अपने शिक्षण कार्य को प्रभावशाली बनाने तथा छात्रों के सीखने को सरल, सहज व रुचिकर बनाने के लिए अध्यापक को मनोविज्ञान के सिद्धान्तों को उपयोग करना अनिवार्य होता है। इस सन्दर्भ में **एलिस क्रो** के विचारों को उद्घृत किया जा सकता है—''शिक्षकों को अपने शिक्षण में उन मनोवैज्ञानिक सिद्धान्तों का प्रयोग करना चाहिए, जो सफल शिक्षण और फलोत्पादक अधिगम के लिए अनिवार्य है।

प्रश्न 5. बालक के विकास में जो परिवर्तन होते हैं, उनका सम्बन्ध शरीर और मन दोनों से होता है, स्पष्ट कीजिए।

उत्तर—बालक के विकास में जो परिवर्तन होते हैं उसका सम्बन्ध शरीर और मन दोनों से होता है क्योंकि विकास एक ऐसी प्रक्रिया है जो जीवन-पर्यन्त किसी-न-किसी रूप में चलती रहती है। प्राणी के जीवन विकास में शारीरिक, मानसिक क्षमताओं के स्वरूप में जो क्रमगत परिवर्तन होते हैं, उन्हीं को विकास कहते हैं। शारीरिक विकास के साथ-साथ मानसिक विकास भी होता है। मानसिक विकास का आशय ज्ञान भण्डार में वृद्धि से है मानसिक विकास की प्रक्रिया आजीवन चलती रहती है। मानसिक विकास का अर्थ मानसिक शक्तियों का उदय होना तथा व्यक्ति में उस क्षमता का विकास होना है जिससे वह परिस्थितियों के अनुकूल अपने आपको समायोजित कर सके। मानसिक विकास के अन्तर्गत समझने की शक्ति, स्मरण करने की शक्ति, ध्यान केन्द्रित करने की क्षमता विचार, तर्क समस्या-समाधान करने की शक्ति आदि सम्मिलित है। मानसिक विकास शक्ति में होने वाली सूझ-बूझ है जिसके परिणामस्वरूप उसके व्यवहार में परिमार्जन होता है।

प्रश्न 6. शारीरिक विकास का अध्ययन क्यों जरूरी है ? दो कारण बताइए।

उत्तर—प्रत्येक अवस्था में व्यक्ति के विकास को निम्नांकित पक्षों में विभाजित किया जा सकता है—

(1) शारीरिक विकास (Physical Development),
(2) मानसिक विकास (Mental Development),
(3) संवेगात्मक विकास (Emotional Development),
(4) सामाजिक विकास (Social Development),
(5) भाषा विकास (Language Development),
(6) सृजनात्मक क्षमता का विकास (Creative Development),
(7) कल्पना, चिन्तन एवं तर्क का विकास (Imagination, Thinking and Reasoning Development)।

विकास के इन पक्षों का शैक्षिक दृष्टि से अत्यधिक महत्व है, क्योंकि बाल विकास की प्रक्रिया में इनका परस्पर घनिष्ठ सम्बन्ध है। प्रत्येक अवस्था में विकास के इन पक्षों पर विचार करने से यह ज्ञात हो जाता है कि विभिन्न अवस्थाओं में किस पक्ष का विकास कितनी मात्रा में, किस प्रकार और किस दिशा से होता है। अत: इन पक्षों के अन्तर्गत अध्ययन करने वाली मुख्य बातों पर विचार करना आवश्यक प्रतीत होता है। इन बातों का वर्णन निम्नांकित है—

शारीरिक विकास (Physical Development)

मनुष्यों मनो शारीरिक (Psycho Physical) प्राणी है। जन्म के समय वह शारीरिक व मानसिक दोनों रूप से अविकसित होता है। आयु बढ़ने के साथ-साथ उसका शारीरिक एवं मानसिक विकास होता जाता है। शारीरिक विकास तब तक होता रहता है जब तक कि शरीर वयस्क नहीं हो जाता है। **सोरेन्सन** (Sorenson) के अनुसार, ''नवजात शिशु को शरीर तब तक अभिवृद्धि तथा विकास करता है जब तक यह एक वयस्क शरीर नहीं हो जाता है।''

प्रश्न 7. शैशवावस्था में शिक्षा का स्वरूप कैसा होना चाहिए ?

उत्तर—शैशवावस्था में शिक्षा का स्वरूप—एक बालोद्यान, दूसरा माण्टेसरी। बाल उद्यान में बच्चों को कुछ खिलौनों या क्रीड़ा उपकरणों, (जिन्हें फ्रोबेल ने उपहार कहा है) तथा शिशु गीतों (नर्सरी सौंग्स) द्वारा सामूहिक शिक्षा दी जाती है। बच्चे शिक्षा को खेल समझकर बड़ी रुचि से करते हैं और विद्यालय उनके लिए आकृष्ट का केन्द्र बन जाते हैं। बालोद्यान का स्थान धीरे-धीरे माण्टेसरी पद्धति ले रही है। माण्टेसरी का मूल आधार है ज्ञानेन्द्रियों का साधन या विकास तथा शिशु की स्वतन्त्रता है। माण्टेसरी विद्यालयों में इन्द्रिय साधना के साथ-साथ व्यावहारिक जीवन की उपयोगी शिक्षा दी जाती है।

प्रश्न 8. बाल्यावस्था में मानसिक विकास की दो विशेषताएँ लिखिए।

उत्तर—1. छठे वर्ष में मानसिक विकास—बालक आसान प्रश्नों के उत्तर दे सकता है बिना रुके 15-20 तक गिनती सुना देता है। अखबार, पत्रिका में बने चित्रों के नाम बता सकता है।

2. सातवें वर्ष में मानसिक विकास—छोटी-छोटी घटनाओं का वर्णन कर सकता है तमाम वस्तुओं में समानता एवं अन्तर बता सकते हैं। जटिल वाक्यों का प्रयोग कर सकता है।

प्रश्न 9. बाल्यावस्था जीवन का अनोखा काल है। स्पष्ट कीजिए।

उत्तर— बाल्यावस्था : जीवन का अनोखा काल

मानव-विकास की दूसरी अवस्था बाल्यावस्था है। शैशवावस्था के पश्चात् बाल्यावस्था आती है। इस अवस्था में बालक में कुछ ऐसे परिवर्तन होते हैं, जिन्हें अभिभावक और अध्यापक आसानी से नहीं समझ पाते। शैशवकाल में बालक के लिए संसार रहस्यमय होता है। उसका शरीर और मन दोनों अविकसित दशा में होते हैं, अत: वह प्रत्येक बात के लिए दूसरे पर निर्भर रहता है, परन्तु बाल्यावस्था में प्रवेश करने पर बालक आत्मनिर्भर है।

प्रश्न 10. बाल्यावस्था की प्रमुख विशेषताएँ बताइए।

उत्तर— बाल्यावस्था की प्रमुख विशेषताएँ

सर्वांगीण विकास की दृष्टि से बाल्यावस्था की प्रमुख विशेषताएँ निम्नलिखित हैं—

(1) शारीरिक तथा मानसिक विकास में स्थिरता, (2) मानसिक योग्यताओं में वृद्धि, (3) आत्मनिर्भरता की भावना, (4) रचनात्मक कार्यों में रुचि, (5) जिज्ञासा की प्रबलता, (6) सामूहिक प्रवृत्ति की प्रबलता, (7) सामाजिक एवं नैतिक गुणों का विकास, (8) सामूहिक खेलों में विशेष रुचि, (9) कार्म-प्रवृत्ति की न्यूनता, (10) संग्रह-प्रवृत्ति का विकास।

प्रश्न 11. बाल्यावस्था की अवधारणा एवं विविधिताएँ क्या हैं? भारतीय संदर्भ में बहुविध (Multiple) बाल्यावस्थाओं के निर्माण की व्याख्या कीजिए।

उत्तर—बाल्यावस्था एक सार्वभौमिक अवस्था है, जिसमें शारीरिक वृद्धि, भावनात्मक विकास, सीखने की जिज्ञासा और संरक्षण की आवश्यकता जैसी समानताएँ पायी जाती हैं। परन्तु सामाजिक, आर्थिक स्थिति, जाति, वर्ग, लिंग क्षेत्र (ग्रामीण-शहरी), भाषा और संस्कृति के आधार पर बाल्यावस्था के अनुभवों में व्यापक विविधताएँ दिखाई देती हैं। भारत जैसे बहु-सांस्कृतिक समाज में कार्यरत बच्चे, स्कूल जाने वाले बच्चे, आदिवासी बच्चे, शहरी मध्यमवर्गीय बच्चे आदि अलग-अलग प्रकार की बाल्यावस्थाओं का निर्माण करते हैं जिन्हें बहुविध बाल्यावस्थाएँ कहा जाता है।

प्रश्न 12. भारतीय संदर्भ में बाल्यावस्था की सामाजिक सांस्कृतिक संरचना का विश्लेषण कीजिए।

उत्तर—भारतीय समाज में परिवार, समुदाय, परम्पराएँ, धार्मिक मान्यताएँ और शिक्षा-प्रणाली बाल्यावस्था को आकार देती हैं। संयुक्त परिवार, लिंग भूमिकाएँ, अनुशासन की अपेक्षाएँ तथा सामाजिक दायित्व बच्चों के जीवन अनुभवों को प्रभावित करते हैं। इस प्रकार बाल्यावस्था केवल जैविक अवस्था न होकर सामाजिक-सांस्कृतिक संरचना है।

प्रश्न 13. वैश्वीकरण के संदर्भ में बाल्यावस्था की संरचनाओं में आए परिवर्तनों की विवेचना कीजिए।

उत्तर—वैश्वीकरण ने मीडिया, तकनीक, उपभोक्तावाद और शिक्षा के माध्यम से बाल्यावस्था को नया रूप दिया है। बच्चों का जीवन अब डिजिटल उपकरणों, वैश्विक संस्कृति और प्रतिस्पर्धी शिक्षा से प्रभावित है। इससे अवसर बढ़े हैं परन्तु तनाव असमानता और सांस्कृतिक टकराव जैसी चुनौतियाँ भी उत्पन्न हुई हैं।

अति लघु उत्तरीय प्रश्न

प्रश्न 1. बाल्यावस्था किस प्रकार की अवस्था है?

उत्तर—बाल्यावस्था विकासात्मक अवस्था है।

प्रश्न 2. बहुविधि बाल्यावस्थाओं का अर्थ है?

उत्तर—अनेक प्रकार की बाल्यावस्थाएँ।

प्रश्न 3. भारत में बाल्यावस्था को प्रभावित करने वाला प्रमुख कारक बताइए।

उत्तर—भारत में बाल्यावस्था को प्रभावित करने वाला प्रमुख कारक संस्कृति है।

प्रश्न 4. बाल्यावस्था की सामाजिक संरचना का आधार।

उत्तर—बाल्यावस्था की सामाजिक संरचना का आधार समाज है।

प्रश्न 5. ग्रामीण और शहरी बाल्यावस्था में अंतर का कारण बातइए।

उत्तर—ग्रामीण और शहरी बाल्यावस्था में अंतर का कारण पर्यावरण है।

प्रश्न 6. वैश्वीकरण का सीधा प्रभाव किस पर पड़ा?

उत्तर—वैश्वीकरण का सीधा प्रभाव बच्चों के जीवन-शैली पर पड़ा।

प्रश्न 7. बाल श्रम किस प्रकार की बाल्यास्था को दर्शाता है?

उत्तर—वंचित बाल्यावस्था को दर्शाता है।

प्रश्न 8. लिंग आधारित अंतर किस बाल्यावस्था को प्रभावित करता है?

उत्तर—सामाजिक बाल्यावस्था को प्रभावित करता है।

प्रश्न 9. मीडिया बाल्यावस्था को किस रूप में प्रभावित करता है?

उत्तर—मीडिया बाल्यावस्था को वैश्विक रूप में प्रभावित करता है।

प्रश्न 10. विद्यालय आधारित बाल्यावस्था किससे जुड़ी है?

उत्तर—विद्यालय आधारित बाल्यावस्था शिक्षा से जुड़ी है।

प्रश्न 11. आदिवासी बच्चों की बाल्यावस्था किससे प्रभावित होती है?

उत्तर—परम्परा से बाल्यावस्था प्रभावित होती है।

प्रश्न 12. उपभोक्तावाद किस प्रक्रिया का परिणाम है?

उत्तर—उपभोक्ता वैश्वीकरण प्रक्रिया का परिणाम है।

प्रश्न 13. बाल्यावस्था को सामाजिक निर्माण क्यों कहा जाता है?

उत्तर—क्योंकि समाज इसे आकार देता है।

प्रश्न 14. तकनीक से जुड़ी बाल्यावस्था क्या कहलाती है?

उत्तर—तकनीक से जुड़ी बाल्यावस्था डिजिटल बाल्यावस्था कहलाती है।

प्रश्न 15. बाल्यावस्था का संरक्षण किसका दायित्व है?

उत्तर—बाल्यावस्था का संरक्षण समाज और राज्य का दायित्व है।

बहुविकल्पीय प्रश्न

1. बाल्यावस्था को किस रूप में देखा जाता है?
   (अ) केवल जैविक अवस्था
   (ब) सामाजिक निर्माण
   (स) आर्थिक प्रक्रिया
   (द) राजनीतिक अवधारणा।

❑ **उत्तर—(ब)**

2. 'Multiple Childhoods's का तात्पर्य है?
(अ) समान बाल्यावस्था
(ब) काल्पनिक बाल्यावस्था
(स) विविध प्रकार की बाल्यावस्थाएँ
(द) आदर्श बाल्यावस्था। ❑ उत्तर—(स)

3. भारतीय समाज में बाल्यावस्था को सबसे अधिक कौन प्रभावित करता है?
(अ) तकनीक (ब) परिवार और संस्कृति
(स) उद्योग (द) राजनीति। ❑ उत्तर—(ब)

4. बाल श्रम किस प्रकार की बाल्यावस्था को दर्शाता है?
(अ) संरक्षित (ब) विशेषाधिकार प्राप्त
(स) वंचित (द) आदर्श। ❑ उत्तर—(स)

5. वैश्वीकरण का बच्चों पर प्रभाव मुख्यत: किस माध्यम से पड़ता है?
(अ) कृषि (ब) मीडिया और तकनीक
(स) स्थानीय परम्परा (द) लोक कला। ❑ उत्तर—(ब)

6. ग्रामीण बाल्यावस्था की प्रमुख विशेषता है—
(अ) तकनीकी निर्भरता
(ब) सामुदायिक जीवन
(स) उपभोक्तावाद
(द) वैश्विक संस्कृति। ❑ उत्तर—(ब)

7. शहरी बाल्यावस्था अधिक जुड़ी होती है—
(अ) परम्परा से (ब) प्रकृति से
(स) प्रतिस्पर्द्धा से (द) लोक संकृति से।
❑ उत्तर—(स)

8. बाल्यावस्था में विविधता का मुख्य कारण है–
(अ) उम्र (ब) जाति, वर्ग, लिंग
(स) मौसम (द) भाषा मात्र। ❑ उत्तर—(ब)

9. डिजिटल उपकरणों का बढ़ता उपयोग किस बाल्यावस्था का संकेत है?
(अ) पारंपरिक (ब) ग्रामीण
(स) डिजिटल (द) आदिवासी। ❑ उत्तर—(स)

10. बाल्यावस्था की समानता किसमें पायी जाती है?
(अ) अनुभवों में
(ब) विकास की आवश्यकताओं में
(स) सामाजिक स्थिति में
(द) शिक्षा में। ❑ उत्तर—(ब)

11. भारतीय संदर्भ में बाल्यावस्था को किस रूप में देखा जाता है?
(अ) व्यक्तिगत
(ब) सामाजिक-सांस्कृतिक
(स) आर्थिक
(द) राजनीतिक। ❑ उत्तर—(ब)

12. वैश्वीकरण से बच्चों में क्या बढ़ा है?
(अ) स्थानीयता
(ब) सांस्कृतिक अलगाव
(स) उपभोक्तावादी प्रवृत्ति
(द) परम्परागत जीवन। ❑ उत्तर—(स)

13. संयुक्त परिवार का प्रभाव किस पर पड़ता है?
(अ) केवल माता-पिता पर
(ब) बाल्यावस्था पर
(स) शिक्षा पर नहीं
(द) केवल अर्थव्यवस्था पर। ❑ उत्तर—(ब)

14. बाल्यावस्था को सामाजिक निर्माण क्यों कहा जाता है?
(अ) यह जन्म से तय होती है
(ब) समाज इसे परिभाषित करता है
(स) यह प्राकृतिक नहीं
(द) यह काल्पनिक है। ❑ उत्तर—(ब)

15. आदिवासी बाल्यावस्था की विशेषता है—
(अ) तकनीकी जीवन (ब) प्रकृति से निकटता
(स) शहरीकरण (द) उपभोक्तावाद।
❑ उत्तर—(ब)

2

बाल्यावस्था और समाजीकरण

[CHILDHOOD & SOCIALIZATION]

बालक का समाजीकरण

(Socialization of Child)

बालक की शिक्षा जिन प्रमुख साधनों के द्वारा होती है, उनमें परिवार, विद्यालय व समाज का उल्लेखनीय स्थान है। प्रारम्भ में बच्चा परिवार में रहता है व परिवार के सदस्य अनौपचारिक शिक्षा के द्वारा बालक को परिवार के अनुकूल व्यवहार करना सिखाते हैं। जब बालक स्कूल जाना प्रारम्भ कर देता है तो औपचारिक शिक्षा के माध्यम से उसे समाज के अनुकूल व्यवहार करना सिखाया जाता है। परिवार और विद्यालय दोनों ही बालक को समाजीकृत करने का प्रयास करते हैं अर्थात् दोनों ही बालक को समाज के साथ समायोजित करते हुए उसके व्यवहार का परिमार्जन करते हुए समाज के अनुकूल व्यवहार करने के लिए प्रेरित करते हैं और इसी प्रक्रिया को समाजीकरण की संज्ञा दी जाती है।

समाजीकरण का अर्थ

(Meaning of Socialization)

समाजीकरण एक प्रक्रिया है (Socialization is a process) जो निरन्तर चलती रहती है। बालक जैसे ही समाज के परिवेश में प्रवेश करता है व उसके सीखने की क्षमता परिपक्व होती जाती है। वह परिवार, विद्यालय व समाज के तौर-तरीके सीखने लगता है व अपनी क्रियाओं को उन्हीं के अनुकूलन ढालने का प्रयास करता है । इसी को समाजीकरण की प्रक्रिया कहते हैं। परन्तु यहाँ यह स्पष्ट करना अनिवार्य है कि समाजीकरण का अर्थ समाज का अन्धानुकरण करना नहीं है चूँकि जैसा समाज है वैसा ही हम अनुसरण करते रहे तो समाज की विकासात्मक प्रक्रिया में एक ठहराव आ जायेगा। इसी कारण यह प्रक्रिया चयनात्मक एवं मूल्यांकनात्मक (Selective and Evaluative) प्रक्रिया है अर्थात् इस प्रक्रिया के अन्तर्गत व्यक्ति समाज के साथ जब अपना आत्मीकरण करता है और समाज में विद्यमान तौर-तरीकों का मूल्यांकन करता है तो जो समय की दृष्टि से उचित व वांछनीय है, उसका चयन करता है, अन्य को छोड़ देता है। **उदाहरणार्थ**—भारतीय समाज की एक आधारभूत विशेषता है जाति व्यवस्था परन्तु आज के समाज से हमें इसका त्याग करना होगा व जो व्यक्ति अपने आपको इन जातिगत भेदभावों में ऊँचा रख सके, वही समाजीकृत व्यक्ति कहा जायेगा।

जिस व्यक्ति का समाजीकरण हो जाता है, वह अपने व्यवहार को समाज के मूल्यों मानकों के अनुकूल ढालता है तथा ऐसे कार्यों को करने का जोखिम कभी भी नहीं उठाता जो समाज विरोधी कार्यों की श्रेणी में आते हैं और इसी कारण यह कहा जाता है कि समाजीकरण की प्रक्रिया व्यक्ति के व्यवहार को नियन्त्रित एवं प्रतिबन्धित करती है (Process of controlling & restricting human behaviour)। वास्तव में देखा जाये तो समाजीकरण वह प्रक्रिया है जिसके द्वारा बालक समाज के तौर-तरीकों को सीखता है व उन्हें अपने व्यक्तित्व का अभिन्न अंग बनाता है ।

समाजीकरण की परिभाषाएँ

(Definitions of Socialization)

विभिन्न समाजशास्त्रियों ने समाजीकरण को विभिन्न प्रकार से परिभाषित किया है, जिनमें से कुछ प्रमुख निम्नलिखित हैं—

हरलॉक (Hurlock)—"सामाजिक विकास का अभिप्राय है सामाजिक आशाओं के अनुकूल व्यवहार करने की योग्यता प्राप्त करना।"

(Social development means acquisition of the ability to behave in accordance with social expections.)

हरलॉक ने समाजीकरण के सम्बन्ध में कहा है कि, "यह वह प्रक्रिया है जिसके द्वारा व्यक्ति इस प्रकार का व्यवहार करता है जिससे कि वह उस समूह के अनुकूल अपना व्यवहार करता है जिसके साथ वह अपना आत्मीकरण करता है जिससे कि सामाजिक समूह द्वारा वह एक सदस्य के रूप में स्वीकृत किया जा सके ।"

(Socialization means that the child behaves in such a way that he will fit into the social group which he wishes to be identified and will be accepted by the group as a member.)

हरलॉक के अनुसार समाजीकरण की प्रक्रिया में तीन उप-प्रक्रियाएँ सम्मिलित होती हैं—

1. उचित व्यवहार करना (Proper Performance of Behaviour)—इसका अभिप्राय है बालक सामाजिक समूह द्वारा स्वीकृत व्यवहार करे और हमें यह ध्यान रखना चाहिए कि प्रत्येक सामाजिक समूह की "उचित व्यवहार" के सम्बन्धों में अपनी नियमावली होती है ।

(To behave in a manner which is approved by the social group. As a every social group has own standards of what is "Proper Behaviour".)

2. स्वीकृत सामाजिक प्रकार्यों को करना (The playing of Approved Social Roles)—समाज द्वारा स्वीकृत प्रकार्यों को सम्पादित करने से अभिप्राय है व्यक्ति उन सभी कार्यों का सम्पादन करे जो उस विशेष स्थिति के साथ जुड़े हुए हैं जिसे वह समाज में रहकर प्राप्त करता है ।"

(The behaviour which is expected to him as a person of that particular status which he has received from the society.)

3. सामाजिक अभिवृत्ति का विकास (The Development of Social Attitude)—इसका अभिप्राय है कि व्यक्ति में एकीकरण व सहयोग का भाव होना जिससे कि वह समाज के लिए सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित कर सके।

(That of becoming 'imbued' with a sense of oneness and co-operation so that he can developed a positive attitude for the society.)

1. रॉस (Ross)—"समाजीकरण सहयोग करने वाले व्यक्तियों में 'हम की भावना' का विकास करती और और उनमें एक साथ कार्य करने की इच्छा तथा क्षमता की वृद्धि करती है।"

समाज में कौन-कौन से व्यवहार मान्य हैं; यह बच्चे को प्रत्यक्ष रूप से समझाया जा सकता है। वे बच्चे जिनके परिवार तथा स्कूल के नैतिक मूल्य एक से होते हैं उनमें नैतिकता का विकास शीघ्र तथा स्वयं प्रशिक्षण विधि द्वारा आसानी से हो जाता है। किन्तु घर की भौतिकता जिसके लिए बच्चे को पुरस्कार मिल रहा हो वह स्कूल के समाज में अमान्य हो तो एसे बालकों में तनाव उत्पन्न होने लगता है कि एक ही व्यवहार के लिए उसे एक जगह इनाम तथा दूसरी जगह दण्ड क्यों मिल रहा है। जैसे-जैसे उम्र बढ़ने के साथ-साथ मानसिक विकास होता है नैतिक मूल्यों का विस्तृत अर्थ उसे स्पष्ट हो जाता है। प्रारम्भ में नैतिक मूल्यों का जो प्रत्यक्ष अर्थ होता है वह उसे ही समझता है। किन्तु बौद्धिक विकास के साथ- साथ वे प्रत्येक नैतिक मूल्य के साथ जुड़े अप्रत्यक्ष व्यवहार तथा अर्थ को भी समझने लगता है। परिवार, समाज तथा स्कूल के नैतिक मूल्य एक से होने पर बालक को उन्हें सीखने में कोई परेशानी नहीं होती है। वह आसानी से नैतिक गुण सीख लेता है पर नैतिक मूल्य अलग-अलग होने से उसे तनाव होता है तथा नैतिक विकास मंद गति से होता है।

नैतिक विकास को प्रभावित करने वाला तत्व

(1) बुद्धि—बालक के नैतिक विकास को बुद्धि सबसे अधिक प्रभावित करती है। क्योंकि जब तक बालक में बौद्धिक विकास नहीं होता वह नैतिक-अनैतिक के भेद को नहीं समझता। तीव्र बुद्धि बालक अच्छे-बुरे का, सही-गलत का भेद, मंद-बुद्धि बच्चों की अपेक्षा जल्दी सीख लेते हैं इसलिए उनका नैतिक विकास भी मन्दबुद्धि बच्चों की अपेक्षा तीव्र होता है। तीव्र बुद्धि बालकों में यदि गलत आदत पड़ भी जाती है तो वह सामान्यत: समझाने-बुझाने से छोड़ देते हैं। तीव्र-बुद्धि बालक समाज मान्य व्यवहार शीघ्र अपनाते हैं इसलिए उनमें सच्चाई, ईमानदारी, आज्ञापालन, मंदबुद्धि बच्चों की अपेक्षा अधिक होता है।

(2) आयु—आयु बढ़ने के साथ ही बौद्धिक विकास भी होता है इसलिए नैतिक विकास को आयु भी प्रभावित करती है। उम्र बढ़ने पर वह उचित-अनुचित, नैतिक-अनैतिक में भेद पाते हैं। बड़ी उम्र के बच्चे कम उम्र बच्चों की अपेक्षा अधिक ईमानदार, सहनशीलता, सच बोलने वाले होते हैं। किन्तु प्राय: सही निर्देशन न होने पर किशोरावस्था में समस्या उत्पन्न होती है जब बच्चे यौन इच्छाओं के कारण यौन सम्बन्धों अनैतिकता की ओर अग्रसर हो जाते हैं।

(3) लिंग—लड़के तथा लड़कियों की नैतिकता के विकास में अन्तर पाया जाता है। इसका एक कारण नलिका विहीन ग्रन्थियों से निकलने वाला स्राव भी होता है। लड़कियों की अपेक्षा लड़कों में गलत काम की प्रवृत्ति अधिक होती है।

(4) परिवार—नैतिकता में समाज द्वारा मान्य व्यवहार आते हैं। बालक का पहला समाज परिवार होता है इसलिए समाज में कौन-से व्यवहार मान्य होंगे यह सबसे पहले बच्चा परिवार से ही सीखता है। परिवार का वातावरण तथा अभिभावक बच्चे को नैतिकता किस प्रकार सिखाते पढ़ाते हैं; इसका प्रभाव भी पड़ता है। वे परिवार जहाँ का वातावरण प्रेममय व शांत होता है, सदस्यों में आपसी सामंजस्य होता है; वहाँ के बच्चों का नैतिक विकास सही दिशा में तीव्र गति से होता है। किन्तु जिन परिवारों में लड़ाई-झगड़े होते रहते हैं, माँ-बाप में नहीं बनती; शराब पीना, जुआ खेलना जैसी गलत आदतें होती हैं। वे बच्चों में आ जाती हैं। परिवार के बच्चे चोरी करना, झूठ बोलना, क्रोध करना तथा अन्य दुराचार जल्दी सीख जाते हैं।

(5) पाठशाला—घर के बाद बच्चे का दूसरा समाज पाठशाला होती है। शाला में पढ़ने वाले बच्चे, अध्यापक तथा शाला का वातावरण बालक के नैतिक विकास को प्रभावित करते हैं। शाला का अनुशासन बालक के नैतिक विकास को प्रभावित करता है।

(6) धर्म—बच्चों को जितना धार्मिक वातावरण मिलता है उतना ही उसमें सद्गुणों का विकास होता है अर्थात् वह चरित्रवान बनेगा। उचित नैतिक विकास के लिए परिवार का धार्मिक वातावरण सहायक होता है क्योंकि धर्म सदाचार-दुराचार में अन्तर स्पष्ट करता है।

भाषा विकास
(Language Development)

भाषा विशेष रूप से एक मानव व्यवहार है। यह मानव क्रियाओं में एक मुख्य भूमिका निभाती है। बच्चों में भाषा का विकास किस प्रकार होता है। इसे स्पष्ट करने के लिए अनेक मनोवैज्ञानिकों ने प्रयास किया है। इस प्रयास के फलस्वरूप भाषा विकास के तीन सिद्धान्त सामने आते हैं—

(1) भाषा का विकास स्वत: होता है—पहला सिद्धान्त **'कोमोस्की'** द्वारा दिया गया है। उसके अनुसार बच्चे में आन्तरिक योग्यता होती है जिससे वह स्वत: भाषा सीख लेता है। अर्थात् भाषा सीखना वंशानुक्रम से प्राप्त होता है।

(2) भाषा वातावरण में सीखी जाती है—इस सिद्धान्त को स्किनर ने दिया है उनके अनुसार एक निश्चित वातावरण में बालक भाषा को साधन अनुकूलन द्वारा सीखता है। जब बच्चे की भाषा सम्बन्धी कोई प्रतिक्रिया बार-बार सबलीकृत होती है तो उस सबलीकरण (Reinforcement) के कारण उस प्रतिक्रिया को देना सीख जाता है। उदाहरणार्थ जब बच्चा किसी शब्द का सही उच्चारण करता है तो माता-पिता बार-बार 'शाबास' कहते हैं और अन्य प्रकार से उसकी प्रशंसा करते हैं। यह प्रशंसा सबलीकरण का कार्य करती है और बच्चा शब्द का सही उच्चारण सीख जाता है।

(3) भाषा अनुकरण द्वारा सीखी जाती है—भाषा को बच्चा अनुकरण के माध्यम से सीखता है। जब वे दूसरों को बोलता देखते हैं तो उसी तरह की ध्वनि निकालने का प्रयत्न करते हैं, धीरे-धीरे वे सही ध्वनि निकालने लगते हैं यही कारण है कि माता-पिता तथा पड़ोस के व्यक्ति जो भाषा बोलते हैं बच्चे भी वही भाषा बोलना सीख जाते हैं।

बाल्यकाल में भाषा का विकास

चार वर्ष की आयु में बच्चों का शब्दकोश लगभग 1550 शब्दों का हो जाता है। वह छोटे-छोटे दिन-प्रतिदिन की बोलचाल के वाक्यों को बोलने लगता है। पाँच वर्ष की आयु में उसे लगभग 2070 शब्दों का ज्ञान हो जाता है। वह स्पष्ट वाक्यों को बोलने लगता है। व्याकरण की दृष्टि से सही वाक्यों का उच्चारण करना उसे आ जाता है। छ: वर्ष की आयु में उसे लगभग 2560 शब्दों का ज्ञान हो जाता है। सही व लम्बे वाक्य भी वह बोलने लगता है। **टर्मन** और **स्मिथ** आदि मनोवैज्ञानिकों ने बच्चों के शब्द ज्ञान व उच्चारण की क्षमता पर अनुसंधान करके निम्नलिखित आँकड़े प्रस्तुत किए हैं—

आयु	शब्द भण्डार
10 माह	1
1 वर्ष	3
2 वर्ष 6 माह	272
3 वर्ष	896
4 वर्ष	1540
6 वर्ष	2500
8 वर्ष	3600
10 वर्ष	5400

भाषा विकास में अवरोध

भाषा विकास में कई अवरोध आते हैं, इस अवरोध के कई कारण हैं—

1. ध्वनिदोष—ध्वनि में दोष होने के कारण भाषा का समुचित विकास नहीं हो पाता है। कभी-कभी बच्चे नाक से बोलते हैं जिसके

कारण उच्चारण दोषपूर्ण हो जाता है। कभी-कभी बच्चा सभी ध्वनियाँ नहीं निकाल पाता है। जिसके कारण उसके शब्द पूरे उच्चारित नहीं होते हैं। इससे भाषा में दोष आता है।

2. लयदोष—इस दोष में बच्चे दो अथवा दो से अधिक अक्षरों को एक ही प्रकार की ध्वनि से उच्चारित करते हैं; जैसे—ट और ब को 'त' और 'व' कहना 'ड' को 'र' कहना। इसका कारण तालू, दाँत और वायु नली में किसी प्रकार दोष होना है। जिसके कारण बच्चे शब्दों का सही उच्चारण नहीं कर पाते हैं।

3. बोलने के अंगों में दोष—बच्चों में बोलने से सम्बन्धित कुछ दोष इस प्रकार होते हैं; जैसे—हकलाना, तुतलाना आदि। ये दोष बोलने के अंगों यथा जीभ, गला, दाँतों में दोष होने के कारण आते हैं।

4. सुनने में दोष—यदि बच्चा ठीक से सुन नहीं पाता है तो वह शब्द ज्ञान और उन शब्दों को उच्चारित करने के ज्ञान से वंचित रह जाता है। इस प्रकार उसके भाषा के विकास में समस्या या बाधा आती है।

प्रश्न—भाषा विकास को प्रभावित करने वाले तत्व बताइए।

उत्तर— भाषा विकास को प्रभावित करने वाले तत्त्व

निम्नलिखित तत्त्व बालक के भाषा विकास को प्रभावित करते हैं—

(1) शारीरिक स्वास्थ्य—जो शिशु प्रारम्भ से ही शारीरिक रूप से स्वस्थ रहता है, उसका भाषा का विकास सरलता से तथा बिना किसी समस्या के होता है। यदि शिशु आरम्भ से ही अस्वस्थ रहता है अथवा उसे कोई रोग आ घेरता है तो उसकी बोलने की प्रक्रिया रुक जाती है। इसके कुछ कारण इस प्रकार हैं—

(क) शिशु का अपने साथियों से सम्पर्क समाप्त हो जाता है।

(ख) रोग के कारण उसे बोलने की प्रेरणा नहीं मिलती।

(ग) शिशु की सभी आवश्यकताएँ बिना बोले पूर्ण कर दी जाती हैं।

(2) बौद्धिक स्तर—अनेक मनोवैज्ञानिकों जिनमें **टरमन, शर्ले, गैरीसन** आदि प्रमुख हैं, का विश्वास है कि बौद्धिक स्तर तथा शिशु के बोलने में घनिष्ठ सम्बन्ध है। बालक की बोली सुनकर उसके बौद्धिक स्तर का अनुमान लगाया जा सकता है। **स्पाईकर** तथा **इरविन** ने निष्कर्ष निकाला कि बुद्धि-लब्धि तथा शिशु की भाषा सम्बन्धी योग्यता में घनिष्ठ सम्बन्ध है।

परन्तु इसके विपरीत **जरसील्ड** ने निष्कर्ष निकाला कि जो शिशु जल्दी बोलना सीखता है, वह साधारण बुद्धि का बालक होता है। **सिरकिन** तथा **लायन्स** ने निष्कर्ष निकाला कि मन्द बुद्धि बालक में एक-तिहाई बालक ठीक समय पर बोलना सीख जाते हैं।

परन्तु **टरमन, फिशर** और **यंग** आदि ने निष्कर्ष निकाला कि प्रखर बुद्धि के बालक अधिक शब्द बोलना जानते हैं। उनका उच्चारण भी शुद्ध होता है।

(3) पारिवारिक सम्बन्ध—**मैकार्थी** तथा **थाम्पसन** ने अनाथालय के बच्चों पर कई प्रयोग किये। उन्होंने देखा कि अनाथ बालक अधिक रोते और कम बबलाते हैं। उनके मुख से निकलने वाली ध्वनियाँ कम होती हैं। अनाथ बालक बोलना देर से सीखते हैं और आयु भर पीछे ही रहते हैं। अत: कहा जा सकता है कि भाषा विकास और परिवार का घनिष्ठ सम्बन्ध है। जो शिशु अपने माता-पिता के साथ रहते हैं, वे शुद्ध बोलना जल्दी सीख जाते हैं।

(4) सामाजिक और आर्थिक स्तर—ऐसा देखा गया है कि जिन बालकों का सामाजिक और आर्थिक स्तर निम्न होता है, वे देर से बोलना सीखते हैं। ऐसे शिशुओं को बोलने के अवसर कम मिलते हैं। शिशु के रोने की क्रिया सभी शिशुओं में समान होती है। उच्च सामाजिक स्तर के शिशु तथा निम्न सामाजिक स्तर के शिशु समान रूप से रोते हैं। **गैसिल, जरसील्ड** आदि मनोवैज्ञानिकों ने उच्च सामाजिक स्तर के बालकों के सम्बन्ध में निम्नलिखित निष्कर्ष निकाले—

(क) उच्च वर्ग के शिशु जल्दी बोलना सीख जाते हैं।

(ब) उच्च वर्ग के शिशु अधिक बोलते हैं।

(ग) उच्च वर्ग के शिशु शुद्ध उच्चारण कर सकते हैं।

(5) लिंग भेद—शिशु के जन्म से एक वर्ष तक भाषा विकास की दृष्टि से कोई अन्तर नहीं होता है। परन्तु द्वितीय वर्ष के आरम्भ से भाषा विकास में अन्तर आना आरम्भ हो जाता है। इस सम्बन्ध में मनोवैज्ञानिकों के कुछ निष्कर्ष इस प्रकार हैं—

(क) बालकों की अपेक्षा बालिकाएँ बोलना जल्दी आरम्भ कर देती हैं।

(ख) बालक छोटे-छोटे वाक्य बोलते हैं, परन्तु बालिकाएँ लम्बे-लम्बे वाक्य बोलती हैं।

(ग) बालिकाओं की बोध शब्दावली बालकों की बोध शब्दावली की अपेक्षा अधिक विस्तृत होती है।

(घ) बालकों की अपेक्षा बालिकाओं का शब्द उच्चारण अधिक शुद्ध होता है।

उपर्युक्त लिंग भेद का क्या कारण हो सकता है ? **मैकार्थी** के अनुसार इसका कारण यह है कि प्रारम्भ से ही पुत्रियाँ माता के साथ और पुत्र पिता के साथ एकरूपता स्थापित करते हैं। माता के घर पर रहने के कारण पुत्रियाँ माता से सम्पर्क रखती हैं। वे घर के काम में उसका हाथ बँटाती हैं। पिता अधिकतर घर के बाहर रहते हैं। बालक भी अधिकतर घर के बाहर रहते हैं। सम्पर्क की कमी के कारण बालक भाषा की दृष्टि से बालिकाओं से पिछड़ जाते हैं। सम्पर्क के अभाव के कारण बालक अपने को असुरक्षित समझते हैं। अत: वे भाषा विकास की दृष्टि से पिछड़ जाते हैं। बालकों में भाषा सम्बन्धी दोष भी अधिक पाये जाते हैं।

(6) दो भाषाएँ सीखना—जिन परिवारों में बालकों को दो भाषाएँ सीखनी पड़ती हैं वहाँ उनकी भाषा का विकास उचित ढंग से नहीं होता है। उदाहरण के लिए, शिक्षित परिवारों में बालकों को—हिन्दी तथा अंग्रेजी दोनों भाषाएँ सिखायी जाती हैं। ऐसी स्थिति में यदि अंग्रेजी बोलने पर अधिक जोर दिया जाता है तो बालक हिन्दी अशुद्ध बोलते हैं। यदि परिवार में खिचड़ी भाषा (हिन्दी + अंग्रेजी) का प्रयोग किया जाता है तो बालक न तो हिन्दी सीख पाते हैं और न अंग्रेजी।

शिशु पर दो भाषा सीखने का बोझ लाद देने से उसके भाषा-विकास में बाधा पड़ती है। **हरलॉक** ने एक अध्ययन में यह निष्कर्ष निकाला कि यदि बालक को दो भाषाएँ सिखायी जाती हैं तो उसके भाषा-विकास तथा चिन्तन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है।

विकास के विभिन्न क्षेत्र (शारीरिक, संज्ञानात्मक, सामाजिक-भावनात्मक, नैतिक एवं भाषा विकास) में परिवार की भूमिका

बाल विकास एक सतत और बहुआयामी प्रक्रिया है, जिसमें बालक के शारीरिक, मानसिक, भावनात्मक, सामाजिक, नैतिक तथा भाषायी पक्षों का क्रमिक विकास होता है। इस सम्पूर्ण विकास प्रक्रिया में परिवार बालक की प्रथम और सबसे प्रभावशाली सामाजिक संस्था है। परिवार ही वह वातावरण प्रदान करता है जहाँ बालक जन्म से लेकर किशोरावस्था तक सीखता, अनुभव करता और अपने व्यक्तित्व का निर्माण करता है।

परिवार बालक के जीवन की पहली पाठशाला है, जहाँ से उसका सर्वांगीण विकास प्रारम्भ होता है। विद्यालय और समाज से पहले बालक परिवार में रहकर जीवन के मूल अनुभव प्राप्त करता है। परिवार न केवल जैविक आवश्यकताओं की पूर्ति करता है, बल्कि भावनात्मक सुरक्षा, सामाजिक मूल्य और जीवन-कौशल भी प्रदान करता है। नीचे बाल विकास के प्रत्येक क्षेत्र में परिवार की भूमिका को और अधिक विस्तार से प्रस्तुत किया गया है—

1. शारीरिक विकास (Physical Development) **में परिवार की भूमिका**—परिवार बालक में शारीरिक विकास की नींव रखता है। संतुलित आहार, स्वच्छता, स्वास्थ्य देखभाल, टीकाकरण और सुरक्षित वातावरण परिवार की जिम्मेदारी होती है। माता-पिता द्वारा खेल, व्यायाम और दैनिक गतिविधियों में भागीदारी से बालक की मांसपेशियों, हड्डियों और मोटर कौशल का विकास होता है। पर्याप्त नींद, नियमित दिनचर्या और बीमारी के समय उचित देखभाल भी शारीरिक विकास को प्रभावित करती है।

परिवार बालक के शारीरिक विकास की आधारशिला है। गर्भावस्था के समय माँ का पोषण, स्वास्थ्य और मानसिक स्थिति बालक के विकास को प्रभावित करती है। जन्म के बाद उचित स्तनपान, संतुलित आहार, स्वच्छता, टीकाकरण और नियमित स्वास्थ्य जाँच परिवार की जिम्मेदारी होती है। घर में खेलने का सुरक्षित वातावरण, शारीरिक गतिविधियों के लिए प्रोत्साहन और मोबाइल/टीवी के सीमित उपयोग से बालक की शारीरिक क्षमता, सहनशक्ति और मोटर कौशल का विकास होता है।

2. संज्ञानात्मक विकास (Cognitive Development) **में परिवार की भूमिका**—संज्ञानात्मक विकास का सम्बन्ध सोचने, समझने, स्मरण करने और समस्या समाधान की क्षमता से है। परिवार बालक को प्रारम्भिक अनुभव, उत्तेजनाएँ और सीखने के अवसर प्रदान करता है। कहानी सुनाना, प्रश्न पूछना, खिलौनों के माध्यम से सीखना, घर का वातावरण समृद्ध बनाना और जिज्ञासा को प्रोत्साहित करना संज्ञानात्मक विकास को तेज करता है। माता-पिता का सकारात्मक दृष्टिकोण और सीखने के प्रति उत्साह बालक की बौद्धिक क्षमता को बढ़ाता है।

बालक के सोचने-समझने की शक्ति परिवार में मिले अनुभवों से विकसित होती है। माता-पिता द्वारा प्रश्न पूछना, चर्चा करना, दैनिक जीवन की समस्याओं को हल करने के अवसर देना और खोजपरक गतिविधियों में शामिल करना संज्ञानात्मक विकास को बढ़ावा देता है। पुस्तकों, चित्रों, खेलों और रचनात्मक कार्यों से बालक की कल्पनाशक्ति, स्मृति और तार्किक सोच का विकास होता है। परिवार का बौद्धिक वातावरण जितना समृद्ध होगा, बालक की सीखने की क्षमता उतनी ही बेहतर होगी।

3. सामाजिक-भावनात्मक विकास (Socio-Emotional Development) **में परिवार की भूमिका**—परिवार बालक को प्रेम, सुरक्षा और अपनत्व का भाव देता है, जिससे भावनात्मक विकास होता है। माता-पिता और अन्य सदस्यों के साथ सम्बन्धों के माध्यम से बालक विश्वास, सहानुभूति, सहयोग और आत्म-नियंत्रण सीखता है। परिवार में अनुशासन, स्नेह और संवाद का संतुलन बालक को भावनात्मक रूप से स्थिर बनाता है। पारिवारिक वातावरण में ही बालक के आत्म-सम्मान और आत्म-विश्वास की नींव रखता है।

परिवार बालक को प्रेम, सुरक्षा और अपनापन प्रदान करता है, जिससे उसका भावनात्मक संतुलन विकसित होता है। माता-पिता के साथ संवाद, स्नेह और सहयोग से बालक भावनाओं की अभिव्यक्ति, सहानुभूति और आत्म-नियंत्रण सीखता है। भाई-बहनों और अन्य सदस्यों के साथ सम्बन्ध सामाजिक व्यवहार, साझेदारी और संघर्ष के समाधान के कौशल सिखाते हैं। सकारात्मक पारिवारिक वातावरण बालक में आत्म-विश्वास और सामाजिक दक्षता उत्पन्न करता है।

4. नैतिक विकास (Moral Development) **में परिवार की भूमिका**—नैतिक विकास का आरम्भ परिवार से ही होता है। सत्य-असत्य, सही-गलत, ईमानदारी, जिम्मेदारी और सहानुभूति जैसे मूल्य परिवार के व्यवहार से बालक में विकसित होते हैं। माता-पिता का स्वयं नैतिक आचरण करना, नियम बनाना और उनके पालन का उदाहरण प्रस्तुत करना बालक के नैतिक विकास में सहायक होता है। कहानियाँ, धार्मिक- सांस्कृतिक परम्पराएँ और पारिवारिक संस्कार नैतिक चेतना को मजबूत करते हैं।

नैतिक मूल्यों की प्रथम शिक्षा परिवार में ही मिलती है। माता-पिता का आचरण, अनुशासन की शैली और निर्णय लेने की प्रक्रिया बालक के नैतिक विकास को प्रभावित करती है। सत्य बोलना, ईमानदारी, जिम्मेदारी, करुणा और दूसरों का सम्मान जैसे मूल्य परिवार के दैनिक व्यवहार से बालक में विकसित होते हैं। धार्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक परम्पराएँ भी नैतिक चेतना को सुदृढ़ करती हैं।

5. भाषा विकास (Language Development) **में परिवार की भूमिका**—भाषा विकास में परिवार की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है क्योंकि बालक पहली भाषा परिवार से ही सीखता है। माता-पिता से संवाद, बातचीत, गीत, कहानियाँ और दैनिक गतिविधियों में भाषा का प्रयोग बालक की शब्दावली, उच्चारण और अभिव्यक्ति क्षमता को बढ़ाता है। सकारात्मक और प्रोत्साहनपूर्ण भाषा वातावरण बालक के प्रभावी सम्प्रेषण कौशल को विकसित करता है।

इस प्रकार बाल विकास में सभी क्षेत्रों में परिवार की भूमिका आधारभूत और निर्णायक होती है। परिवार द्वारा प्रदान किया गया स्नेहपूर्ण, सुरक्षित और प्रेरणादायक वातावरण बालक के सर्वांगीण विकास को सुनिश्चित करता है। इसलिए परिवार को बाल विकास की प्रथम और सबसे महत्वपूर्ण संस्था माना गया है।

विकास के विभिन्न क्षेत्रों में सहकर्मी समूह (Peers) की भूमिका

सहकर्मी वे बच्चे होते हैं जो आयु, रुचि, अनुभव या सामाजिक स्तर की दृष्टि से लगभग समान होते हैं और जिनके साथ बालक नियमित रूप से समय बिताता है। विद्यालय, खेल का मैदान और पड़ौस सहकर्मी समूह के प्रमुख क्षेत्र है। बाल विकास में सहकर्मी समूह एक महत्वपूर्ण सामाजिक संदर्भ प्रदान करता है, जहाँ बालक परिवार से बाहर स्वतंत्र रूप से व्यवहार करना सीखता है।

विशेषताएँ (विकास के विभिन्न क्षेत्रों में भूमिका)

1. शारीरिक विकास—सहकर्मियों के साथ खेल-कूद, समूह खेल और शारीरिक गतिविधियों से बालक की मांसपेशियाँ मजबूत होती हैं तथा संतुलन, गति और समन्वय क्षमता का विकास होता है।

2. संज्ञानात्मक विकास—सहकर्मी समूह में विचारों का आदान- प्रदान, प्रतिस्पर्धा और सहयोग से सोचने, तर्क करने तथा समस्या समाधान की क्षमता विकसित होती है।

3. सामाजिक-भावानात्मक विकास—मित्रता, सहयोग, नेतृत्व, समायोजन और संघर्ष समाधान जैसे–सामाजिक कौशल सहकर्मियों के माध्यम से विकसित होते हैं। इसमें आत्म-सम्मान और भावनात्मक नियंत्रण भी बढ़ता है।

4. नैतिक विकास—सहकर्मी समूह में नियमों का पालन, निष्पक्षता, साझा करना और जिम्मेदारी की भावना विकसित होती है।

5. भाषा विकास—सहकर्मियों के साथ बातचीत, खेल और समूह गतिविधियों से शब्दावली, अभिव्यक्ति और सम्प्रेषण कौशल का विकास होता है।

इस प्रकार सहकर्मी समूह बालक के सर्वांगीण विकास में एक प्रभावशाली भूमिका निभाता है।

विकास के विभिन्न क्षेत्रों में सहकर्मी (Peers) एवं विद्यालय की भूमिका

सहकर्मी (Peers) वे बच्चे होते हैं जो आयु, विकास स्तर और अनुभव की दृष्टि से लगभग समान होते हैं तथा जिनके साथ बालक नियमित रूप से सम्पर्क में रहता है। विद्यालय एक औपचारिक संस्था है जहाँ बालक संगठित रूप से सीखता है। (आधारभूत अवस्था Foundational Stage प्राय: 3-8 वर्ष) में बालक का विकास अत्यंत तीव्र होता है। इस अवस्था में सहकर्मी और विद्यालय मिलकर बालक के शारीरिक, संज्ञानात्मक, सामाजिक-भावनात्मक, नैतिक तथा भाषायी विकास को गहराई से प्रभावित करते हैं।

विशेषताएँ (विकास के विभिन्न क्षेत्रों में भूमिका)

1. शारीरिक विकास—सहकर्मियों के साथ खेल, दौड़, कूद, नृत्य और गतिविधि-आधारित सीख शारीरिक विकास को प्रोत्साहित करती है। विद्यालय का सुरक्षित वातावरण, खेल सामग्री और समयबद्ध गतिविधियाँ मोटर कौशल, संतुलन और समन्वय को विकसित करती है। सहकर्मियों के साथ खेलना बालक को सक्रिय, स्वस्थ और ऊर्जावान बनाता है।

2. संज्ञानात्मक विकास—सहकर्मी समूह में सहभागिता, खेल-आधारित कार्य, समूह गतिविधियाँ और शिक्षक द्वारा नियोजित अनुभव बालक की सोच, ध्यान, स्मृति और समस्या समाधान क्षमता को विकसित करते हैं। विद्यालय में चित्र, कहानियाँ, पहेलियाँ और प्रयोगात्मक गतिविधियाँ जिज्ञासा और रचनात्मकता को बढ़ाती हैं।

3. सामाजिक-भावानात्मक विकास—इस अवस्था में बालक सहकर्मियों से मित्रता करना, साझा करना, प्रतीक्षा करना और भावनाओं की अभिव्यक्ति सीखता है। विद्यालय का सहायक और स्नेहपूर्ण वातावरण आत्मविश्वास, आत्म-सम्मान और भावनात्मक सुरक्षा प्रदान करता है। शिक्षक मार्गदर्शक की भूमिका में सामाजिक व्यवहार को दिशा देते हैं।

4. नैतिक विकास—सहकर्मियों के साथ नियमों का पालन, बारी लेना और निष्पक्ष खेल नैतिक मूल्यों की नींव रखता है। विद्यालय में सरल, नियम, दिनचर्या और शिक्षक का आदर्श व्यवहार सही-गलत की समझ विकसित करता है। कहानियों और गतिविधियों के माध्यम से ईमानदारी, सहयोग और सम्मान जैसे मूल्य विकसित होते हैं।

5. भाषा विकास—सहकर्मियों के साथ संवाद, खेल, गीत और समूह चर्चा भाषा विकास को तीव्र बनाती है। विद्यालय में मातृभाषा/बहुभाषिक परिवेश, कहानी-कथन और संवादात्मक शिक्षण से शब्दावली उच्चारण और अभिव्यक्ति क्षमता का विकास होता है।

सहकर्मी और विद्यालय मिलकर बालक के सर्वांगीण विकास की मजबूत नींव रखते हैं और उसे आगे की शिक्षा के लिए तैयार करते हैं।

विकास के विभिन्न क्षेत्रों में विकास : प्रारम्भिक/तैयारी अवस्था (Preparatory Stage)

तैयारी अवस्था (Preparatory Stage) बाल विकास की वह अवस्था है जो सामान्यत: 8 से 11 वर्ष की आयु के बीच मानी जाती है। इस चरण में बालक आधारभूत शिक्षा से आगे बढ़कर अधिक संगठित, विषय-आधारित कौशलों-केन्द्रित सीखने के लिए तैयार होता है। इस अवस्था में शारीरिक, संज्ञानात्मक, सामाजिक-भावनात्मक, नैतिक तथा भाषा विकास अपेक्षाकृत स्थिर और परिपक्व रूप दिखाई देने लगता है।

विशेषताएँ (विकास के विभिन्न क्षेत्रों में)

1. शारीरिक विकास—शरीर की वृद्धि निरन्तर होती है, मांसपेशियों में मजबूती आती है और सूक्ष्म व स्थूल मोटर कौशल बेहतर होते हैं।

2. संज्ञानात्मक विकास—तर्कशक्ति, स्मरण क्षमता और समस्या समाधान की योग्यता विकसित होती है। बालक अमूर्त सोच की ओर अग्रसर होता है

3. सामाजिक-भावानात्मक विकास—सहकर्मी समूह का प्रभाव बढ़ता है, सहयोग, नेतृत्व और आत्म-नियंत्रण विकसित होता है।

4. नैतिक विकास—सही-गलत की समझ नष्ट होने लगती है और नियमों व मूल्यों का पालन करने की प्रवृत्ति बढ़ती है।

दीर्घ एवं लघु उत्तरीय प्रश्न

प्रश्न 1. सामाजिक विकास क्या है ?

उत्तर—कोई भी व्यक्ति जन्म से ही सामाजिक नहीं होता। प्रत्येक व्यक्ति को समाज की परिपाटी (Customs) तथा मान्य आचरण के सिद्धान्तों के अनुकूल ही अपने आचरण और व्यवहार को ढालना पड़ता है। बालक की अपने समाज की भाषा, संकेत तथा अभिव्यक्ति के तरीके सीखने पड़ते हैं। व्यक्तित्व का विकास समाज में रहकर ही होता है। जन्म के उपरान्त व्यक्ति समाज तथा वातावरण से प्रभावित होता रहता है और इस प्रभाव से ही उसके व्यक्तित्व का निर्माण होता है।

सामाजिक विकास का तात्पर्य विकास की उस प्रक्रिया से है जिसके द्वारा व्यक्ति सामाजिक वातावरण के साथ समायोजन करता है, सामाजिक नियमों के अनुरूप अपनी इच्छाओं एवं आवश्यकताओं पर नियन्त्रण करता है, दूसरों के प्रति अपने कर्तव्यों का अनुभव करता है तथा लोगों के प्रति अच्छे सामाजिक सम्बन्ध स्थापित करता है। इस प्रकार समाज में दूसरों के साथ अनुकूलन करने की योग्यता को सामाजिक विकास कहते हैं। सामाजिक विकास का अभिप्राय भली-भाँति समझने के लिए विद्वानों द्वारा प्रस्तुत परिभाषाएँ निम्नलिखित हैं—

हरलॉक के अनुसार, "सामाजिक विकास का अर्थ सामाजिक सम्बन्धों में परिपक्वता को प्राप्त करता है।"

सोरेन्सन के अनुसार, "सामाजिक अभिवृद्धि और विकास का तात्पर्य है—अपनी और दूसरों की उन्नति के लिए योग्यता वृद्धि।"

प्रश्न 2. मानसिक विकास से क्या तात्पर्य है ?

उत्तर—मानसिक विकास का आशय ज्ञान भण्डार में वृद्धि से है। मानसिक विकास की प्रक्रिया आजीवन चलती रहती है। मानसिक विकास का अर्थ मानसिक शक्तियों का उदय होना तथा व्यक्ति में उस क्षमता का विकास होना है, जिससे वह परिस्थितियों के अनुकूल अपने को समायोजित कर सके। मानसिक विकास के अन्तर्गत समझने की शक्ति, स्मरण करने की शक्ति, ध्यान केन्द्रित करने की क्षमता, विचार, तर्क, समस्या-समाधान करने की शक्ति आदि सम्मिलित है। मानसिक विकास शक्ति में होने वाली सूझ-बूझ है, जिसके परिणामस्वरूप उसके व्यवहार में परिमार्जन होता हैं।

प्रश्न 3. मानसिक विकास के विभिन्न पक्षों के नाम लिखिए।

उत्तर—मानसिक पक्ष

मानसिक विकास कई प्रक्रियाओं का पुंज होता है। मनोवैज्ञानिकों ने इसके अन्तर्गत निम्न योजनाओं को सम्मिलित किया है—

1. संवेदन (Sensation), 2. निरीक्षण (Observation), 3. कल्पना (Imagination), 4. चिन्तन (Thinking), 5. निर्णय (Judgement), 6. बुद्धि (Intelligence), 7. रुचि एवं अभिव्यक्ति (Interest and Attitude), 8. प्रत्यक्षीकरण (Perception), 9. ध्यान (Attention), 10. तर्क (Reasoning), 11. सीखना (Learning), 12. स्मरण-विस्मरण (Remembering & Forgetting)।

प्रश्न 4. बाल विकास के विभिन्न क्षेत्रों का वर्णन कीजिए तथा उनके इनके पारस्परिक संबंध को स्पष्ट कीजिए।

उत्तर—बाल विकास एक समग्र प्रक्रिया है जिसमें शारीरिक, संज्ञानात्मक, सामाजिक-भावनात्मक, नैतिक एवं भाषा विकास शामिल हैं। शारीरिक विकास से बच्चे की गति, समन्वय और स्वास्थ्य का विकास होता है। संज्ञानात्मक विकास सोचने, समझने और समस्या-समाधान की क्षमता को बढ़ाता है। सामाजिक-भावनात्मक विकास बच्चे को भावनाओं की पहचान, आत्म-नियंत्रण और सामाजिक सम्बन्धों में सक्षम बनात है। नैतिक विकास सही-गलत की समझ विकसित करता है, जबकि भाषा विकास सम्प्रेषण और अभिव्यक्ति को सशक्त करता है। ये सभी क्षेत्र एक-दूसरे से जुड़े हुए हैं और एक क्षेत्र का विकास अन्य क्षेत्रों को भी प्रभावित करता है।

प्रश्न 5. आधारभूत एवं प्रारम्भिक/तैयारी चरण के शिक्षार्थियों के विकास में परिवार एवं सहपाठी समूह की भूमिका का विश्लेषण कीजिए।

उत्तर—आधारभूत एवं तैयारी चरण में परिवार बच्चे का पहला शिक्षण वातावरण होता है। परिवार पोषण, सुरक्षा, प्रेम और सीखने के अवसर प्रदान करता है। सहपाठी समूह के साथ अंत:क्रिया से सहयोग, साझा करना, नेतृत्व और सामाजिक नियम सीखने में सहायता मिलती है। इस चरण में सकारात्मक पारिवारिक वातावरण और स्वस्थ सहपाठी सम्बन्ध समग्र विकास को प्रोत्साहित करते हैं।

प्रश्न 6. आधारभूत एवं प्रारम्भिक/तैयारी चरण में विद्यालय की भूमिका को स्पष्ट कीजिए।

उत्तर—विद्यालय बच्चे के विकास के लिए संरचित अवसर प्रदान करता है। खेल, गतिविधि-आधारित शिक्षण और अनुभवात्मक अधिगम के माध्यम से विद्यालय शारीरिक, संज्ञानात्मक और भाषा विकास को बढ़ावा देता है। शिक्षक सामाजिक-भावनात्मक एवं नैतिक विकास के लिए आदर्श प्रस्तुत करते हैं। विद्यालय का सुरक्षित और समावेशी वातावरण बच्चों के आत्मविश्वास और सीखने की रुचि को बढ़ाता है।

अति लघु उत्तरीय प्रश्न

प्रश्न 1. शारीरिक विकास किससे सम्बन्धित है?

उत्तर—शारीरिक विकास शरीर की वृद्धि से सम्बन्धित है।

प्रश्न 2. सोचने-समझने की क्षमता

उत्तर—सोचने-समझने की क्षमता—संज्ञानात्मक विकास।

प्रश्न 3. भावनाओं एवं सामाजिक सम्बन्धों का विकास

उत्तर—सामाजिक-भावनात्मक विकास।

प्रश्न 4. सही-गलत की समझ क्या है?

उत्तर—नैतिक विकास।

प्रश्न 5. सम्प्रेषण का माध्यम क्या है?

उत्तर—सम्प्रेषण का माध्यम भाषा है।

प्रश्न 6. आधारभूत चरण में सीखने का प्रमुख साधन क्या है?

उत्तर—आधारभूत चरण में सीखने का प्रमुख साधन खेल है।

प्रश्न 7. विकास का समग्र स्वरूप है।

उत्तर—विकास का समग्र स्वरूप बहुआयामी है।

प्रश्न 8. बच्चे का प्रथम शिक्षण वातावरण
उत्तर—परिवार है।

प्रश्न 9. सहपाठी समूह का प्रभाव क्या है?
उत्तर—सहपाठी समूह का प्रभाव सामाजिक कौशल से है।

प्रश्न 10. विद्यालय में विकास का प्रमुख कारक कौन है?
उत्तर—विद्यालय में विकास का प्रमुख कारक शिक्षक है।

प्रश्न 11. भाषा विकास से जुड़ी क्षमता क्या है?
उत्तर—भाष विकास से जुड़ी क्षमता–अभिव्यक्ति।

प्रश्न 12. नैतिक विकास का आधार क्या है?
उत्तर—नैतिक विकास का आधार मूल्य है।

प्रश्न 13. शारीरिक विकास का संकेत क्या है?
उत्तर—शारीरिक विकास का संकेत गति समन्वय है।

प्रश्न 14. तैयारी चरण का उद्देश्य
उत्तर—तैयारी चरण का उद्देश्य—आधार सुदृढ़ करना।

प्रश्न 15. सुरक्षित वातावरण का प्रभाव बताइए।
उत्तर—सुरक्षित वातावरण का प्रभाव आत्मविश्वास है।

बहुविकल्पीय प्रश्न

1. शारीरिक विकास का सम्बन्ध किससे है?
(अ) भावनाओं से (ब) शरीर की वृद्धि से
(स) नैतिकता से (द) भाषा से। ❑ **उत्तर** (ब)

2. समस्या-समाधान क्षमता किस विकास से सम्बन्धित है?
(अ) शारीरिक (ब) संज्ञानात्मक
(स) सामाजिक (द) नैतिक। ❑ **उत्तर**—(ब)

3. सामाजिक-भावनात्मक विकास का प्रमुख तत्व है—
(अ) स्मरण शक्ति (ब) आत्म-नियंत्रण
(स) शारीरिक शक्ति (द) भाषा ज्ञान। ❑ **उत्तर**—(ब)

4. नैतिक विकास का सम्बन्ध किससे है?
(अ) खेल से
(ब) सही-गलत की समझ से
(स) भाष से (द) गति से। ❑ **उत्तर**—(ब)

5. भाषा विकास का मुख्य उद्देश्य है—
(अ) दौड़ना (ब) सोच विकसित करना
(स) सम्प्रेषण (द) अनुशासन।
❑ **उत्तर**—(स)

6. आधारभूत चरण में सीखने की सर्वोत्तम विधि है—
(अ) व्याख्यान (ब) खेल एवं गतिविधि
(स) लिखित परीक्षा (द) रंटत। ❑ **उत्तर**—(ब)

7. विकास का बहुआयामी स्वरूप दर्शाता है—
(अ) एक क्षेत्र का विकास
(ब) केवल शारीरिक विकास
(स) सभी क्षेत्रों का विकास
(द) केवल भाषा विकास। ❑ **उत्तर**—(स)

8. बच्चा का पहला सामाजिक समूह कौन-सा है?
(अ) विद्यालय (ब) सहपाठी
(स) परिवार (द) समाज। ❑ **उत्तर**—(स)

9. सहपाठी समूह से बच्चे क्या सीखते हैं?
(अ) केवल ज्ञान
(ब) सहयोग एवं प्रतिस्पर्धा
(स) केवल भाषा
(द) केवल अनुशासन। ❑ **उत्तर**—(ब)

10. विद्यालय का सुरक्षित वातावरण किसे बढ़ाता है?
(अ) भय (ब) आत्मविश्वास
(स) तनाव (द) असुरक्षा। ❑ **उत्तर**—(ब)

11. शिक्षक किस विकास में आदर्श की भूमिका निभाते हैं?
(अ) शारीरिक (ब) नैतिक
(स) जैविक (द) आर्थिक। ❑ **उत्तर**—(ब)

12. संज्ञानात्मक विकास से सम्बन्धित प्रक्रिया है—
(अ) भावनात्मक विकास (ब) चिंतन
(स) सामाजिक सहभागिता
(द) शारीरिक वृद्धि। ❑ **उत्तर**—(ब)

13. भाषा विकास का प्रभाव पड़ता है—
(अ) केवल बोलने पर (ब) केवल लिखने पर
(स) सम्प्रेषण और सोच पर
(द) केवल पढ़ने पर। ❑ **उत्तर**—(स)

14. तैयारी चरण का मुख्य उद्देश्य है—
(अ) परीक्षा (ब) आधार को सुदृढ़ करना
(स) प्रतियोगिता (द) अनुशासन।
❑ **उत्तर**—(ब)

15. सामाजिक-भावनात्मक विकास से विकसित होता है—
(अ) सहानुभूति (ब) गति
(स) स्मृति (द) तर्क। ❑ **उत्तर**—(अ)

16. किशोरावस्था को किस विद्वान ने उथल-पुथल की अवस्था कहा है—
(अ) स्टेनले हॉल (ब) क्लार्क
(स) वेबर (द) विलियम जेम्स
❑ **उत्तर**—(अ)

17. एक ऐसी मानसिक प्रक्रिया जिसमें बालक/व्यक्ति किसी नयी परिस्थिति का सामना करने अथवा किसी समस्या का समाधान करने में अपने पूर्व अनुभव का प्रयोग बनता है—
(अ) कल्पना (ब) आत्मसातन
(स) समंजन (द) चिन्तन। ❑ **उत्तर**—(द)

18. वाटसन ने प्राथमिक संवेगों के सिद्धान्त के अन्तर्गत शिशुओं के भीतर जन्म से ही विद्यमान कितने संवेगों को बताया है—
(अ) 4 (ब) 6
(स) 5 (द) 3. ❑ **उत्तर**—(द)

19. शिशु का शारीरिक विकास तीव्र गति से होता है—
(अ) प्रथम वर्ष में (ब) दूसरे वर्ष में
(स) चौथे वर्ष में (द) प्रथम तीन वर्षों में।
❑ **उत्तर**—(द)

20. आवाज में भारीपन आता है—
(अ) शैशवावस्था में (ब) बाल्यावस्था में
(स) किशोरावस्था में (द) प्रौढ़ावस्था में।
❑ **उत्तर**—(स)

21. मानसिक विकास अपनी उच्चतम सीमा पर पहुँचता है—
(अ) 5-10 वर्ष की आयु में
(ब) 10-15 वर्ष की आयु में
(स) 15-20 वर्ष की आयु में
(द) उपरोक्त में से कोई नहीं। ❑ उत्तर—(स)

22. "स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मस्तिष्क निवास करता है।" कथन है—
(अ) सुकरात (ब) अरस्तू
(स) स्किनर (द) थार्नडाइक।
❑ उत्तर—(ब)

23. "खेल का मैदान बालक का निर्माण स्थल है।" कथन है—
(अ) स्किनर का (ब) अरस्तू का
(स) थार्नडाइक का (द) वुडवर्थ का।
❑ उत्तर—(अ)

24. "संवेग, व्यक्ति की उत्तेजित अवस्था है।" कथन दिया—
(अ) रॉस ने (ब) यंग ने
(स) वुडवर्थ ने (द) स्किनर ने।
❑ उत्तर—(ब)

25. संवेगों की संख्या है—
(अ) 10 (ब) 8
(स) 12 (द) 14. ❑ उत्तर—(स)

26. "चरित्र, आदतों का पुन्ज है।" कथन है—
(अ) डमविल ने (ब) क्रो व क्रो का
(स) स्माइल का (द) रॉस का। ❑ उत्तर—(द)

27. बालक के आत्मकेन्द्रित व्यवहार का आरम्भ उसकी निम्नलिखित अवस्था में होता है—
(अ) शैशवावस्था में (ब) बाल्यावस्था में
(स) किशोरावस्था में (द) प्रौढ़ावस्था में।
❑ उत्तर—(द)

28. मूल प्रवृत्तियों की संख्या होती है—
(अ) पाँच (ब) आठ
(स) दस (द) चौदह। ❑ उत्तर—(स)

29. "संवेग सभी प्रकार के विकास की रीढ़ है" कथन है—
(अ) पावलव को (ब) स्किनर का
(स) मैक्डूगल का (द) गैरेट का। ❑ उत्तर—(अ)

30. नैसर्गिक संवेग है—
(अ) ईर्ष्या (ब) प्रेम
(स) आश्चर्य (द) घृणा। ❑ उत्तर—(द)

31. सामाजिक विकास का सही अर्थ है—
(अ) संस्थाओं का विकास
(ब) लोगों का एक साथ रहना
(स) समाज से अलग रहना
(द) समाज के अनुकूल चरित्र निर्माण। ❑ उत्तर—(द)

32. निम्न में से कौन-सा प्रकार मनोवैज्ञानिक है—
(अ) बहिर्मुखी (ब) सैद्धान्तिक
(स) भक्तिहीन (द) राजनैतिक।
❑ उत्तर—(अ)

33. क्रेचमर ने कितनी तरह के व्यक्तित्व बताए—
(अ) चार (ब) तीन
(स) दो (द) पाँच। ❑ उत्तर—(अ)

34. यंग ने व्यक्तित्व के प्रकार बताए—
(अ) समाज रचना के आधार पर
(ब) मनोवैज्ञानिक के आधार पर
(स) शरीर रचना के आधार पर
(द) उपर्युक्त सभी। ❑ उत्तर—(ब)

35. आत्म-केन्द्रित व्यक्ति का व्यक्तित्व होता है—
(अ) अन्तर्मुखी (ब) बहिर्मुखी
(स) उभयमुखी (द) सभी। ❑ उत्तर—(अ)

36. सुमायोजित व्यक्ति का लक्षण नहीं है—
(अ) परिस्थिति से लाभ उठाने के लिए
(ब) सुखी जीवन जीने वाला
(स) समाजसेवी
(द) लोगों को बाधा पहुचाने वाला। ❑ उत्तर—(द)

37. "कल्पना की सामग्री स्मृतियाँ हैं" कथन है—
(अ) बोरिंग व अन्य (ब) गेट्स व अन्य
(स) रेबर्न (द) मैक्डूगल। ❑ उत्तर—(अ)

38. जिस कल्पना में व्यक्ति दूसरों के विचारों के आधार पर नये विचारों की कल्पना करने लगता है, उसे कहते हैं—
(अ) सृजनात्मक कल्पना (ब) कार्यसाधक कल्पना
(स) सौन्दर्यात्मक कल्पना
(द) उपात्दक कल्पना। ❑ उत्तर—(द)

39. डीवी के अनुसार तर्क के सोपान हैं—
(अ) चार (ब) दो
(स) तीन (द) पाँच। ❑ उत्तर—(द)

40. चिन्तन के साधनों में एक है—
(अ) संकेत (ब) रटना
(स) गुणों का विश्लेषण (द) सामान्यीकरण।
❑ उत्तर—(अ)

41. तर्क के मुख्यत: प्रकार होत हैं—
(अ) दो (ब) चार
(स) तीन (द) पाँच। ❑ उत्तर—(अ)

42. "चिन्तन, मानसिक क्रिया का ज्ञानात्मक पहलू है" कथन—
(अ) रॉस (ब) वुडवर्थ
(स) वेलेन्टाइन (द) मैक्डूगल। ❑ उत्तर—(अ)

43. जीन पियाजे ने बालक के संज्ञानात्मक विकास के कितने अवस्थाओं का वर्णन किया है—
(अ) 3 (ब) 4
(स) 6 (द) 5. ❑ उत्तर—(ब)

44. वह मानवीय योग्यता जिसके द्वारा व्यक्ति किसी नवीन रचना या विचार को प्रस्तुत करता है, कहलाता है—
(अ) सृजनात्मकता (ब) प्रत्यक्षीकरण
(स) प्रक्षेपण (द) उदात्तीकरण।
❑ उत्तर—(अ)

5

खेल एवं विकास

[PLAY & DEVELOPMENT]

बालक के सामाजिक विकास के लिए खेल आवश्यक है। खेल एक ऐसी प्रक्रिया है जो कि बच्चे को आनन्द देती है तथा उसमें ताजगी, प्रसन्नता व स्फूर्ति लाती है।

''खेल वह प्रक्रिया है जो प्राप्त होने वाले आनन्द के लिए की जाती है किन्तु इसके परिणाम पर कोई विचार नहीं करता है।''

परिभाषा से स्पष्ट है कि खेल एक स्वाभाविक प्रक्रिया है जिसके लिए कहना नहीं पड़ता है। यह आत्म-प्रेरित होती है। इसमें आनन्द प्राप्त होता है तथा उसी आनन्द की प्राप्ति के लिए खेल खेला जाता है। वर्तमान समय में खिलौने इस प्रकार के बनाये जा रहे हैं जो बालक को आनन्द प्रदान करने के साथ-साथ महत्वपूर्ण तथा कौशलों का विकास करायें जिससे बालक का बौद्धिक विकास हो।

बालक के जीवन में मुख्य दो क्षेत्र होते हैं—(1) खेल, (2) कार्य। बाल्यावस्था तक बालक कार्य को नहीं जानता है। उसका मुख्य क्षेत्र खेल ही होता है। आज से कुछ वर्षों पूर्व तक यह माना जाता था कि जो व्यक्ति लगन से कार्य करता है वही अपने जीवन में सफल होगा उसे ही समाज प्रतिष्ठा भी देता था। मनुष्य द्वारा की गई उद्देश्यपूर्ण क्रियाएँ जिनसे लाभ होता था उसे कार्य माना जाता था तथा अन्य को खेल माना जाता था। खेल तथा कार्य बिल्कुल अलग-अलग क्रियाएँ मानी जाती थीं।

वर्तमान समय में मनोविज्ञान विकास ने खेल के महत्व को समझा तथा खेल के प्रति व्यक्तियों को अपना दृष्टिकोण बदलने पर बाध्य किया है। वर्तमान समय में खेल को सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक माना जाता था क्योंकि शारीरिक व सामाजिक विकास के लिए खेल आवश्यक है। वर्तमान समय में अच्छे खिलाड़ी को नौकरी में भी प्राथमिकता दी जाती है। स्कूल कॉलेज में भी केवल शैक्षिक उपलब्धि प्राप्त करने वाले की अपेक्षा शिक्षा के साथ-साथ खेलों में प्रयोग होने वाले महत्व अधिक होता है। मनोवैज्ञानिकों के अनुसार कार्य तथा खेलों में कुछ अन्तर होता है; जैसे—

(1) खेल में बच्चा स्वंतत्र होता है जब चाहे खेले जब चाहे खेल बंद कर दे, किन्तु कार्य में ऐसी स्वतन्त्रता नहीं होती है क्योंकि कार्य रोजी-रोटी कमाने के लिए किया जाता है जो किसी के अधीन ही किया जाता है। उसके समय निश्चित होते हैं।

(2) खेल का उद्देश्य आनन्द प्राप्ति होती है इसीलिए बच्चा खेल में थकावट तथा अरोचकता महसूस नहीं होता है। कार्य मजबूरी में करना पड़ता है इसलिए अरुचिकर तथा थकाने वाले होता है। शुरु-शुरु में कार्य में अवश्य आनन्द आता है किन्तु नित्य ही एक ही काम होने से उबाऊपन आ जाता है। कार्य करने के पीछे आकर्षण उसमें मिलने वाला धन होता है जबकि खेल के पीछे उसमें मिलने वाला आनन्द होता है।

(3) खेल की प्रेरणा आन्तरिक (आनन्द) होती है जबकि कार्य की प्रेरणा बाह्य (धन) होती है।

(4) खेल में व्यक्ति दूसरों की इच्छा पर आश्रित नहीं होता है। किन्तु काम में व्यक्ति को दूसरों की इच्छा पर आश्रित होना पड़ता है।

(5) प्रौढ़ावस्था के बाद खेल के विकास की गति कम होने लगती है जबकि प्रौढ़ावस्था के बाद कार्य की गति खेल की अपेक्षा बढ़ जाती है।

(6) बच्चों का खेल बंद करने से उन्हें गुस्सा आता है, दुःख होता है कि किन्तु उनका कार्य बंद करने से उनमें ऐसी भावना नहीं आती है।

(7) खेल के लिए बच्चे किसी नियम से बंधे नहीं होते हैं क्योंकि खेल स्वाभाविक होते हैं जबकि कार्य के लिए नियम होते हैं।

(8) बच्चों को खेल में संतुष्टि मिलती है जबकि कार्य में सन्तुष्टि नहीं मिलती है।

(9) खेल में शक्ति काम की अपेक्षा कम व्यय होती है क्योंकि खेल बालकों के लिए रुचिकर होते हैं।

बच्चों के खेल की विशेषताएँ

बच्चों तथा प्रौढ़ों के खेलों के लक्ष्य गति तथा विशेषताओं में अन्तर होता है।

(1) बच्चों के खेल के विकास का एक क्रम निश्चित होता है। ध्यान से देखने पर ज्ञात होता है कि सबसे पहले खेल के **हाथों की क्रियाओं का विकास होता है।** सबसे पहले 3 माह की उम्र में जब बच्चे की दृष्टि ठहरने लगती है तो वह जिस वस्तु को देखता है उसे झपटने की कोशिश करता है। जब घुटने के बल चलना शुरू करता है तो वस्तुएँ देखकर उसके पीछे भागता है। अपनी वस्तुएँ छुपाये जाने परउन्हें ढूँढ़ने की कोशिश करता है। इसके बाद जब बच्चा 1 वर्ष का होता है तो खिलौनों से खेलना प्रारम्भ करता है। 2 वर्ष की उम्र तक वह खिलौनों को सजीव समझता है। खिलौनों से खेलने की प्रवृत्ति बढ़ती है तथा 8 वर्ष की उम्र तक खिलौनों से खेलना अपनी चरम सीमा पर पहुँच जाता है। इसके बाद 8-9 वर्ष तक वह खिलौने छोड़कर अन्य बच्चों के साथ समूह में खेलना शुरू कर देता है। नये बच्चों के बीच में उनसे नये खेल सीखता है। 9-10 वर्ष की उम्र में बच्चों के अन्य शौक विकसित होने लगते हैं। 10 वर्ष की उम्र के आसपास वह खेल में रुचि छोड़कर दिवास्वप्न के विषय बदलते रहते हैं।

(2) बालक अपने से बड़े तथा अन्य लोगों के खेल देखकर खेलता है। किन्तु हर पीढ़ी में बच्चे अपने से पिछली पीढ़ी के खेलों में कुछ नया जोड़ते हैं।

(3) जैसे-जैसे बच्चे की उम्र बढ़ती है उसके खेलने के अतिरिक्त पढ़ने लिखने व काम करने की क्रियाएँ बढ़ती हैं इसलिए बच्चों में खेल की क्रियाएँ कम हो जाती हैं। बच्चे बड़ी कक्षा में पढ़ने लगते हैं इसलिए पढ़ाई में अधिक समय देना पड़ता है। इसी प्रकार बच्चों के मित्रों की संख्या में कमी आ जाती है इसलिए बच्चों के खेल की क्रियाएँ कम होने लगती हैं।

(4) पूर्वाबाल्यावस्था तक बच्चे उन खेलों को पसंद करते हैं जिनमें शारीरिक क्रियाएँ अधिक हो, (दौड़ना, कूदना, फुटबाल खेलना) किन्तु उम्र बढ़ने के साथ-साथ शारीरिक क्रियाओं के अतिरिक्त उन खेलों को पसंद करते हैं जो मानसिक खेल हों, मानसिक योग्यताओं का विकास करें; जैसे–ताश, कैरम, रेडियो सुनना, टी.वी. देखना।

(5) पूर्वाबाल्यावस्था तक बालक के खेल अनौपचारिक होते हैं। वे कैसे भी कहीं भी कितने समय तक खेल सकते हैं। उन्हें खेलने के लिए विशेष, खिलौनों, पोशाक की आवश्यकता नहीं होती। उम्र बढ़ने के साथ-साथ बालकों के खेल औपचारिक होते जाते हैं। चूँकि अब वह खेलों के नियम जानने लगते हैं इसलिए वह नियमबद्ध होकर खेलते हैं।

(6) 3-4 वर्ष की उम्र तक लड़के-लड़कियों के खेल एक से होते हैं। इसके बाद स्कूल जाने पर खेलों में अन्तर आ जाता है।

(7) जैसे-जैसे उम्र बढ़ती है, खेलने वालों की संख्या तथा समय कम हो जाता है। उम्र बढ़ने पर बड़ी कक्षा में जाने पर पढ़ाई का बोझ बढ़ जाता है। स्कूल में अधिक समय देना पड़ता है इसलिए शारीरिक श्रम वाले खेलों की मात्रा कम हो जाती है तथा बच्चे खेल में समय भी कम देते हैं। इसी प्रकार प्रारम्भ में बच्चे किसी के भी साथ खेलने लगते हैं किन्तु उम्र बढ़ने के पर वे अपनी आयु तथा समूह के बच्चों के साथ खेलना पसंद करते हैं। उम्र बढ़ने के साथ-साथ वे कुछ चुने बच्चों के साथ ही खेलना पसंद करते हैं।

(8) आयु बढ़ने के साथ-साथ जैसे-जैसे बच्चों की शारीरिक तथा मानसिक योग्यता में वृद्धि तथा परिपक्वता आती है उनके खेलों की प्रक्रियाओं में विशिष्टता आती जाती है।

(9) खेल स्वयं में पूर्ण होता है उसमें कोई छिपा लक्ष्य नहीं होता है जो भी होता है प्रत्यक्ष होता है। इसका मुख्य लक्ष्य आनन्द प्राप्ति ही होता है।

(10) खेल बच्चों में चंचलता तथा स्फूर्ति लाता है। खेल में वालक अन्तिम परिणाम पर विचार नहीं करते हैं। अन्तिम परिणाम का विचार परिपक्वावस्था आने पर होता है, बच्चों में नहीं।

खेल के कार्य
(Functions of Play)

1. शारीरिक विकास का कार्य—खेल के दौरान बालक सोचता है, निर्णय लेता है और समस्याओं का समाधान करता है, जिससे संज्ञानात्मक विकास होता है।

2. सामाजिक विकास का कार्य—समूह खेलों से सहयोग, साझेदारी, नेतृत्व और नियमों का पालन सीखने में सहायता मिलती है।

3. भावनात्मक विकास का कार्य—खेल के माध्यम से बालक अपनी भावनाओं को व्यक्त करता है, तनाव कम करता है और आत्म-नियंत्रण सीखता है।

4. नैतिक विकास का कार्य—खेल बालक को निष्पक्षता, अनुशासन और ईमानदारी जैसे मूल्यों को सिखाता है।

5. रचनात्मकता एवं कल्पनाशक्ति का विकास—खेल बालक की कल्पनाशक्ति और सृजनात्मक अभिव्यक्ति को बढ़ावा देता है।

इस प्रकार खेल बालक के सर्वांगीण विकास का एक अनिवार्य और प्रभावी साधन है।

खेल और विकास : बाल विकास के विभिन्न पक्षों से सम्बन्ध
(Linkages with Various Aspect of Child Development)

खेल बालक के जीवन का अभिन्न अंग है और उसके सर्वांगीण विकास का सशक्त माध्यम है। खेल के माध्यम से बालक न केवल आनंद प्राप्त करता है, बल्कि शारीरिक, मानसिक, सामाजिक, भावनात्मक, नैतिक और भाषायी विकास की प्रक्रिया को भी सहज रूप से आगे बढ़ाता है। खेल और विकास के बीच गहरा और प्रत्यक्ष सम्बन्ध पाया जाता है।

शारीरिक विकास की दृष्टि से खेल मांसपेशियों को मजबूत करता है, शारीरिक संतुलन, गति, सहनशक्ति और समन्वय क्षमता का विकास करता है। दोड़ना, कूदना और खेल-कूद की गतिविधियाँ बालक को स्वस्थ और सक्रिय बनाती हैं।

संज्ञानात्मक विकास में खेल महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। खेल के दौरान बालक सोचता है, योजना बनाता है, समस्या का समाधान करता है और नए अनुभव प्राप्त करता है, जिससे उसकी स्मरण शक्ति और तर्क क्षमता विकसित होती है।

सामाजिक विकास के संदर्भ में समूह खेल बालक को सहयोग, साझेदारी, नेतृत्व और नियमों का पालन सिखाते हैं। भावनात्मक विकास में खेल बालक को अपनी भावनाएँ व्यक्त करने, तनाव कम करने और आत्म-नियंत्रण सीखने में सहायता करता है।

नैतिक विकास में खेल निष्पक्षता, ईमानदारी और अनुशासन जैसे मूल्यों को विकसित करता है। भाषा विकास की दृष्टि से खेल संवाद, अभिव्यक्ति और शब्दावली के विकास को बढ़ावा देता है।

खेल के प्रकार एवं भेद
(Types of Kinds of Play)

खेल बालक की स्वाभाविक गतिविधि है, जिसके माध्यम से उसका शारीरिक, मानसिक, सामाजिक और भावनात्मक विकास होता है। बाल विकास के संदर्भ में खेल को विभिन्न आधारों पर वर्गीकृत किया गया है। प्रत्येक प्रकार का खेल बालक के विकास के किसी-न-किसी पक्ष को सशक्त करता है।

1. शारीरिक खेल (Physical Play)—इस प्रकार के खेलों में दौड़ना, कूदना, चढ़ना, गेंद खेलना आदि शामिल हैं। इससे मांसपेशियों की मजबूती, संतुलन और समन्वय का विकास होता है

2. रचनात्मक खेल (Creative Play)—चित्र बनाना, मिट्टी से आकृतियाँ बनाना, नृत्य और संगीत जैसे खेल रचनात्मकता और कल्पना- शक्ति को विकसित करते हैं।

3. कल्पनात्मक खेल (Imaginative Play)—इसमें बालक कल्पना के आधार पर भूमिकाएँ निभाता है; जैसे–डॉक्टर-डॉक्टर या शिक्षक-शिक्षक खेलना। इससे सामाजिक और भावनात्मक विकास होता है।

4. सामाजिक खेल (Social Play)—समूह में खेले जाने वाले खेल, जैसे–कबड्डी या लूडो, सहयोग, नियम पालन और नेतृत्व सिखाते हैं।

5. शैक्षिक खेल (Educational Play)—पजल, शब्द खेल और गणितीय खेल सीखने को रोचक बनाते हैं और संज्ञानात्मक विकास करते हैं।

6. एकाकी खेल (Solitary Play)—जब बालक अकेले खेलता है, तब उसकी आत्मनिर्भरता और ध्यान क्षमता विकसित होती है।

इस प्रकार विभिन्न प्रकार के खेल बालक के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

खेल, समूह गतिकी
(Games and Group Dynamics)

खेल केवल मनोरंजन का साधन नहीं है, बल्कि यह बच्चों के सामाजिक, भावनात्मक और व्यक्तित्व विकास का एक प्रभावी माध्यम है। जब बच्चे समूह में खेलते हैं, तब समूह गतिकी (Group Dynamics) सक्रिय होती है। समूह गतिकी का अर्थ है—समूह के सदस्यों के बीच होने वाली पारस्परिक क्रियाएँ, सम्बन्ध, भूमिकाएँ और व्यवहार। खेलों के माध्यम से बच्चे समूह में रहना, दूसरों के साथ समायोजन करना और समाजिक नियमों को समझना सीखते हैं।

खेल और समूह गतिकी के प्रमुख पहलू

1. सहयोग और सहभागिता—समूहों खेलों में बच्चे एक-दूसरे के साथ मिलकर लक्ष्य प्राप्त करना सीखते हैं, जिससे सहयोग और टीम भावना विकसित होती है।

2. नेतृत्व का विकास—खेलों में कुछ बच्चे स्वाभाविक रूप से नेतृत्व की भूमिका निभाते हैं, जिससे नेतृत्व क्षमता और निर्णय लेने का कौशल विकसित होता है।

3. नियमों और अनुशासन की समझ—समूह खेलों में नियमों का पालन अनिवार्य होता है। इससे बच्चों में अनुशासन, निष्पक्षता और उत्तरदायित्व की भावना आती है।

4. सामाजिक सम्पर्क और सम्प्रेषण—खेल बच्चों को संवाद करना, अपनी बात रखना और दूसरों की बात सुनना सिखात हैं, जिससे सामाजिक कौशल का विकास होता है।

5. संघर्ष समाधान—खेल के दौरान होने वाले मतभेद बच्चों को धैर्य, समझौता और समस्या समाधान की कला सिखाते हैं।

6. भावनात्मक विकास—जीत-हार का अनुभव बच्चों को भावनाओं और नियंत्रण और सहनशीलता सिखाता है।

इस प्रकार खेल और समूह गतिकी बच्चों को सामाजिक जीवन के लिए तैयार करती है और उनके सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

खेलों के नियम, समूह गतिकी तथा मतभेदों का समाधान

खेल बच्चों के विकास का एक महत्वपूर्ण माध्यम है, जहाँ वे केवल शारीरिक गतिविधियाँ ही नहीं करते, बल्कि सामाजिक व्यवहार, अनुशासन और पारस्परिक समझ भी सीखते हैं। समूह खेलों के नियम (Rules of Games) बच्चों के लिए व्यवहार की सीमाएँ निर्धारित करते हैं और उन्हें सामाजिक जीवन के लिए तैयार करते हैं। खेलों के दौरान उत्पन्न समूह गतिकी बच्चों को मतभेदों को समझने, बातचीत और संघर्षों का समाधान करने का अवसर प्रदान करती है।

खेलों के नियमों की भूमिका

(i) खेलों के नियम बच्चों की अनुशासन और निष्पक्षता सिखाते हैं।

(ii) नियम यह स्पष्ट करते हैं कि क्या स्वीकार्य है और क्या नहीं।

(iii) नियमों के पालन से बच्चों में जिम्मेदारी और आत्म-नियन्त्रण विकसित होता है।

(iv) नियम समान अवसर और सुरक्षित खेल सुनिश्चित करते हैं।

मतभेदों पर बातचीत करना (Negotiation of Differences) :

समूह खेलों में बच्चों के बीच जीत-हार, बारी लेने या भूमिका बाँटने को लेकर मतभेद उत्पन्न हो सकते हैं। ऐसे में बच्चे आपस में चर्चा करना, समझौता करना और दूसरों की राय को स्वीकार करन सीखते हैं। वे यह समझते हैं कि समूह में बने रहने के लिए सहयोग और लचीलापन आवश्यक है।

संघर्ष समाधान (Conflict Resolution) :

* खेल बच्चों को धैर्य और सहनशीलता सिखाते हैं।
* बच्चे नियमों के आधार पर विवाद सुलझाना सीखते हैं।
* वे माफी माँगना, माफ करना और पुनः खेल में शामिल होना सीखते हैं।
* शिक्षक या बड़े बच्चों की मार्गदर्शक भूमिका सकारात्मक समाधान में सहायक होती है।

इस प्रकार खेलों के नियम और समूह गतिकी बच्चों में सामाजिक समझ, संवाद, कौशल और शांतिपूर्ण संघर्ष समाधान की क्षमता विकसित करते हैं, जो जीवन भर उनके लिए उपयोगी है।

दीर्घ एवं लघु उत्तरीय प्रश्न

प्रश्न 1. खेल का अर्थ स्पष्ट कीजिए तथा बच्चों के विकास में इसके कार्यों का वर्णन कीजिए।

उत्तर—खेल बच्चे की स्वाभाविक गतिविधि है, जिसके माध्यम से वह आनंद के साथ सीखता है। खेल केवल मनोरंजन नहीं है, बल्कि यह शारीरिक, संज्ञानात्मक, सामाजिक-भावनात्मक, भाषा एवं नैतिक विकास का सशक्त माध्यम है। खेल के माध्यम से बच्चों की मांसपेशियों का विकास होता है, सोचने-समझने की क्षमता बढ़ती है, भावनात्मक अभिव्यक्ति होती है तथा सामाजिक सम्बन्ध मजबूत होते हैं। इस प्रकार खेल समग्र विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

प्रश्न 2. खेल के विभिन्न प्रकारों का वर्णन कीजिए तथा उनके शैक्षिक महत्व को स्पष्ट कीजिए।

उत्तर—खेल को कई प्रकारों में वर्गीकृत किया जा सकता है—स्वतंत्र खेल, संरचित खेल, कल्पनात्मक खेल, शारीरिक खेल, सामाजिक खेल एवं रचनात्मक खेल। स्वतंत्र खेल बच्चों को आत्म-अभिव्यक्ति का अवसर देता है, जबकि संरचित खेल नियमों के पालन की आदत विकसित करता है। कल्पनात्मक खेल सृजनात्मकता को बढ़ाता है और सामाजिक खेल सहयोग एवं सहभागिता सिखाते

हैं। प्रत्येक प्रकार का खेल किसी-न-किसी विकासात्मक पक्ष को सुदृढ़ करता है।

प्रश्न 3. खेल, समूह गतिकी एवं संघर्ष समाधान के सम्बन्ध को स्पष्ट कीजिए।

उत्तर—समूह खेलों में बचे नियमों का पालन करना, सहयोग करना, नेतृत्व एवं अनुशासन सीखते हैं। खेल के दौरान उत्पन्न मतभेद बच्चों कों बातचीत, समझौते और सहमति के माध्यम से समस्याओं का समाधान करना सिखाते हैं। इस प्रकार खेल बच्चों में सामाजिक कौशल, सहनशीलता एवं संघर्ष समाधान की क्षमता का विकास करता है।

अति लघु उत्तरीय प्रश्न

प्रश्न 1. खेल का मूल स्वरूप क्या है?
उत्तर—स्वाभाविक गतिविधि।

प्रश्न 2. खेल का प्रमुख उद्देश्य क्या है?
उत्तर—आनन्द और सीख।

प्रश्न 3. शारीरिक विकास से जुड़ा खेल
उत्तर—दोड़ना-कूदना।

प्रश्न 4. कल्पनात्मक खेल किसे बढ़ाता है?
उत्तर—सृजनात्मकता।

प्रश्न 5. सामाजिक खेल का परिणाम क्या है?
उत्तर—सहयोग।

प्रश्न 6. नियमों वाले खेल कहलाते हैं?
उत्तर—संरचित खेल।

प्रश्न 7. स्वतंत्र खेल का लाभ क्या है?
उत्तर—आत्म-अभिव्यक्ति।

प्रश्न 8. खेल से विकसित कौशल बताइए।
उत्तर—सामाजिक कौशल।

प्रश्न 9. समूह खेलों की विशेषता बताइए।
उत्तर—सहभागिता।

प्रश्न 10. खेलों में मतभेद का समाधान किस प्रकार होता है?
उत्तर—संवाद से।

प्रश्न 11. खेल का सम्बन्ध किस विकास से नहीं है?
उत्तर—केवल अकादमिक नहीं।

प्रश्न 12. नेतृत्व का विकास कैसे होता है?
उत्तर—समूह खेलों से।

प्रश्न 13. खेल से भावनात्मक विकास कैसे होता है?
उत्तर—अभिव्यक्ति द्वारा।

प्रश्न 14. खेलों में नियम क्यों आवश्यक है?
उत्तर—अनुशासन हेतु।

प्रश्न 15. संघर्ष समाधान का गुण विकसित किससे होता है?
उत्तर—खेल के माध्यम से।

बहुविकल्पीय प्रश्न

1. खेल का मुख्य उद्देश्य क्या है?
(अ) अनुशासन (ब) आनंद के साथ सीखना
(स) परीक्षा की तैयारी (द) केवल मनोरंजन।
❑ **उत्तर**—(ब)

2. खेल किस प्रकार की गतिविधि है?
(अ) बाध्यकारी (ब) स्वाभाविक
(स) कृत्रिम (द) औपचारिक। ❑ **उत्तर**—(ब)

3. शारीरिक विकास के लिए कौन-सा खेल उपयुक्त है?
(अ) कल्पनात्मक खेल (ब) दौड़ना-कूदना
(स) पजल (द) कहानी सुनना।
❑ **उत्तर**—(ब)

4. कल्पनात्मक खेल से क्या विकसित होता है?
(अ) शक्ति (ब) सृजनात्मकता
(स) अनुशासन (द) स्मृति। ❑ **उत्तर**—(ब)

5. सामाजिक खेल का प्रमुख लाभ है—
(अ) एकांत (ब) सहयोग
(स) प्रतिस्पर्धा मात्र (द) निष्क्रियता। ❑ **उत्तर**—(ब)

6. नियमों पर आधारित खेल कहलाते हैं–
(अ) स्वतंत्र खेल (ब) संरचित खेल
(स) कल्पनात्मक खेल (द) रचनात्मक खेल।
❑ **उत्तर**—(ब)

7. स्वतंत्र खेल का मुख्य लाभ है?
(अ) नियम पालन (ब) आत्म-अभिव्यक्ति
(स) अनुशासन (द) परीक्षा तैयारी। ❑ **उत्तर**—(ब)

8. समूह खेलों से क्या विकसित होता है?
(अ) सामाजिक कौशल (ब) केवल शारीरिक कौशल
(स) केवल भाषा (द) केवल बुद्धि।
❑ **उत्तर**—(अ)

9. खेल के दौरान मतभेद किससे सुलझते हैं?
(अ) दण्ड से (ब) संवाद से
(स) उपेक्षा से (द) बल से। ❑ **उत्तर**—(ब)

10. खेलों के नियमों का पालन सिखाता है—
(अ) अव्यवस्था (ब) अनुशासन
(स) भय (द) निष्क्रियता। ❑ **उत्तर**—(ब)

11. समूह गतिकी का अर्थ है—
(अ) अकेले खेलना (ब) समूह में अंत:क्रिया
(स) केवल जीतना (द) केवल हारना।
❑ **उत्तर**—(ब)

12. खेल बच्चों में किस गुण का विकास करता है?
(अ) असहिष्णुता (ब) सहनशीलता
(स) भय (द) उदासीनता। ❑ **उत्तर**—(ब)

13. खेल के माध्यम से भाषा विकास कैसे होता है?
(अ) संवाद द्वारा (ब) मौन द्वारा
(स) लेखन द्वारा (द) अनुशासन द्वारा।
❑ **उत्तर**—(अ)

14. खेल संघर्ष समाधान में सहायक होता है क्योंकि—
(अ) बच्चे नियम सीखते हैं
(ब) बच्चे बातचीत करना सीखते हैं
(स) बच्चे अकेले रहते हैं
(द) बच्चे हार स्वीकार नहीं करते। ❑ **उत्तर**—(ब)

15. नेतृत्व का विकास किससे होता है?
(अ) व्यक्तिगत खेल (ब) समूह खेल
(स) मौन गतिविधि (द) लिखित कार्य।
❑ **उत्तर**—(ब)

इकाई-तीन

सीखने की प्रक्रिया

[Process of Learning]

6

सीखने के सन्दर्भ में

[CONCEPT FORMATION]

सीखने के कारक (घर या परिवार)

घर, कुटुम्ब अथवा परिवार मानव समाज की प्राचीनतम एवं आधारभूत इकाई एक ऐसा समूह है जिसमें बूढ़े, जवान, पति-पत्नी तथा उनके बच्चे होते हैं। ये सब एक-दूसरे से माता-पिता, भाई-बहन तथा भाई-भाई अथवा किसी अन्य सीधे सम्बन्ध से सम्बन्धित होते हैं। कुछ प्राचीन समाजों में नौकरों को भी परिवार का ही सदस्य समझ लिया जाता है। इसलिए परिवार के अंग्रेजी शब्द Family की उत्पत्ति 'Famulus' शब्द से मानी जाती है, जिसका अर्थ है—नौकर (Servant)। इस प्रकार परिवार एक छोटा-सा सामाजिक वर्ग है जो सामान्यत: माता-पिता तथा एक अथवा एक-से अधिक बालकों द्वारा संगठित होता है। यह परिवार का सबसे सरल रूप है। इसका जटिल रूप भारत के कुछ संयुक्त परिवारों में देखा जाता है जिसमें माता-पिता तथा उनके बालकों के अतिरिक्त चाचा-चाची, ताऊ-ताई तथा दादा (बाबा)-दादी सभी लोग साथ रहते हैं।

परिवार की परिभाषा

(Definition of Family)

यहाँ परिवार के अर्थ को सुस्पष्ट करने के लिए कुछ परिभाषाएँ नीचे दे रहे हैं—

मैकाइवर व **पेज** के अनुसार—"परिवार उस समूह का नाम है जिसमें स्त्री- पुरुष का यौन सम्बन्ध पर्याप्त निश्चित हो और इनका साथ इतनी देर तक रहे, जिससे सन्तान उत्पन्न हो जाये और पालन-पोषण भी किया जाये।"

क्लेयर के अनुसार—"परिवार से हम सम्बन्धों की वह व्यवस्था समझते हैं, जो माता-पिता और उसकी सन्तानों के बीच में पायी जाती है।"

बरगैस और **लॉक** के विचार—"परिवार ऐसे व्यक्तियों का समूह है जो विवाह, या अपनाये गये रिश्तों में बँधकर एक घर का निर्माण करते हैं। पति-पत्नी, माता-पिता, लड़का-लड़की, भाई-बहन आदि की सम्बन्धित सामाजिक भूमिका द्वारा उनमें परस्पर सम्बन्ध स्थापित होता है और इस प्रकार वे सामान्य संस्कृति का निर्माण एवं उनकी व्यवस्था करते हैं।"

संक्षेप में यह कहा जा सकता है कि परिवार अन्तर्क्रियाशील व्यक्तियों का समूह है। उनमें से प्रत्येक व्यक्ति की निश्चित भूमिका और उसका निश्चित स्तर है। यह समूह सुसंगठित होता है और इसका अपना एक व्यक्तित्व होता है। प्रेम, सहयोग, सहानुभूति और मित्रता परिवार के आधार पर होते हैं।

घर या परिवार—शिक्षा के साधन के रूप में

(Home or Family : As an Agency of Education)

पारम्परिक दृष्टि से घर या परिवार को शिक्षा के अनौपचारिक एवं सक्रिय साधन के रूप में देखा गया है। परन्तु समय के साथ इसके स्वरूप तथा कार्यों में भी बदलाव आया। **ऑगबर्न** व **निमकॉफ** (Ogburn & Nimcoff) के अनुसार, "पहले परिवार के निम्न कार्य थे—

परिवार के कार्य

ऑगबर्न व **निमकॉफ** के अनुसार निम्न कार्य हैं—

(1) प्रेम सम्बन्धी। (2) आर्थिक।
(3) शैक्षिक। (4) रक्षा सम्बन्धी।
(5) मनोरंजन सम्बन्धी। (6) परिवार की प्रतिष्ठा।
(7) धर्म की स्थिति।

शिक्षा के साधन के रूप में परिवार का दोहरा दायित्व है। प्रथम, व्यक्ति के प्रति तथा द्वितीय, समाज के प्रति। व्यक्ति के प्रति उसका प्रमुख दायित्व, बच्चे का सामाजीकरण करना है। साथ ही उसके विकास तथा संरक्षण के लिए कार्य करना है। समाज के अंग के रूप में परिवार अपने सदस्यों के लिए शिक्षा की माँग करता है। इसके लिए वह विद्यालयों आदि संस्थाओं की स्थापना में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करता है।

बच्चे के जन्म से पहले ही उसकी शिक्षा प्रारम्भ हो जाती है। इस प्रकार परिवार का प्रमुख कार्य भावी जीवन की आधारशिला का निर्माण करना है। अत: पारिवारिक शिक्षा के कार्य बहु-आयामी होते हैं जिनका विवेचन इस प्रकार है—

(1) सीखने का प्रथम स्थान (Primary Place of Learning)—घर या परिवार प्रथम स्थान है, जहाँ बालक बहुत-सी बातें सीखता है। **रेमाण्ट** (Raymont) के शब्दों में, "सामान्य रूप से घर ही वह स्थान है, जहाँ बालक अपनी माँ से चलना, बोलना, मैं और तुम में अन्तर करना और अपने चारों ओर की वस्तुओं के सभी गुणों को सीखता है।"

(2) नैतिक व सामाजिक प्रशिक्षण (Moral and Social Training)—परिवार नैतिक और सामाजिक प्रशिक्षण का सबसे मुख्य स्थान है । पहले बच्चा भाषा सीखता है । फिर वह भाषा के माध्यम से नैतिक और सामाजिक नियमों को सीखता है । परिवार के ढंगों, व्यवहारों और परम्पराओं को अपनाता है । बड़ा होने के साथ वह सामाजिक प्रशिक्षण प्राप्त करता है ।

(3) दूसरों से अनुकूलन (Adjustment with Others)—बालक घर में ही दूसरों से अनुकूलन का पहला पाठ सीखता है । वह परिवार के विभिन्न सदस्यों को एक-दूसरे से मेल रखते हुए देखता है ।

(4) मूल्यों व आदतों का विकास (Cultivation of Values and Ideals)—घर का प्रभाव बालकों में कुछ मूल्यों और आदतों का विकास करता है । अपने पिता से न्याय, कर्तव्यपरायणता, माता से प्रेम और भाई-बहिनों से भ्रातृत्व-भावना सीखता है । घर से ही बालक में सहायता, सहानुभूति, क्षमा, सच्चाई, परिश्रम और उदारता के आदर्शों को देखता है ।

(5) सामाजिक व्यवहार का आधार (Basis of Social Behaviour)—बालक परिवार के सामाजिक जीवन में जो भी अनुभव प्राप्त करता है वह सामाजिक व्यवहार का आधार होता है ।

(6) वैयक्तिकता का विकास (Development of Individuality)—बालक की वैयक्तिकता का विकास घर में होता है । माता का दृष्टिकोण उसके प्रति पूर्णत: वैयक्तिक होता है क्योंकि वह चाहती हैं कि उसका पुत्र सब बातों में अन्य व्यक्तियों से श्रेष्ठ हो । परिवार में ही बालक को अपनी वैयक्तिकता का पूर्ण विकास करने का अवसर प्राप्त होता है ।

(7) मानसिक व भावात्मक प्रवृत्ति का निर्माण (Formation of Mental and Emotional Disposition)—घर का वातावरण बालक में मानसिक और भावात्मक प्रवृत्ति का निर्माण करता है । जैसे जिस बच्चे का पालन पोषण चित्रकार के घर हुआ होता है उसमें चित्रकारी के प्रति मानसिक और भावात्मक प्रवृत्ति होना आवश्यक है ।

(8) आदतों का निर्माण (Formation of Habits)—बालक में अच्छी या बुरी आदतें घर में ही पड़ती हैं । वह अपने परिवार के सदस्यों की कुछ आदतों को देखता है और अनजाने ही उन्हें ग्रहण करता है ।

(9) पसन्दों एवं रुचियों का विकास (Development of Taste and Interest)—परिवार में ही बालक की पसन्दों और रुचियों का विकास होता है । यदि वह अपने घर में सदैव सुन्दर और आकर्षक वस्तुएँ देखता है तो निश्चित रूप से ऐसी वस्तुओं में रुचि होगी । वह परिवार के अनुसार ही वस्तुओं को पसन्द और नापसन्द करता है ।

(10) प्रेम की शिक्षा (Education of Love)—माँ द्वारा ही बालक को प्रेम की शिक्षा मिलती है । माँ के अलावा परिवार के दूसरे सदस्य भी बालक को प्रेम की शिक्षा देते हैं जिससे वह परिवार, समाज, देश तथा विश्व से प्रेम करता है । **राम** और **शर्मा** का कथन है—"माता-पिता द्वारा बच्चे को दिया जाने वाला आराम, नि:स्वार्थ प्रेम का सर्वोत्तम जीवित उदाहरण प्रस्तुत करता है ।"

(11) सहयोग की शिक्षा (Education of Co-operation)—जब बालक बड़ा होकर समझदार बनता है तब अपने परिवार के सदस्यों को एक-दूसरे का सहयोग करना देखता है । माँ घर का काम-काज करती है, पिता धन कमाकर लाते हैं, बड़े भाई-बहन किसी-न-किसी काम में घर के सदस्यों की सहायता करते हैं । इससे बालक में सहयोग का गुण विकसित होता है ।

बोसांके (Bosanquet) ने ठीक ही कहा है—"परिवार ही वह स्थान है, जहाँ प्रत्येक नई पीढ़ी नागरिकता का नया पाठ सीखती है कि कोई भी मनुष्य बिना सहयोग के जीवित नहीं रह सकता है ।"

(12) नि:स्वार्थता की शिक्षा (Education of Selflessness)—बालक सबसे पहले अपने माता-पिता की नि:स्वार्थता को प्रति क्षण देखता है । वे विभिन्न मुश्किलें सहकर अपने बच्चे को आराम देते हैं । इससे अच्छा नि:स्वार्थता का उदाहरण और क्या हो सकता है । **बोगार्डस** (E. S. Bogardus) ने ठीक ही लिखा है—"परिवार का आधार.....आत्म बलिदान का सिद्धान्त है । आत्म-बलिदान के ही कारण इसकी महान् शक्ति है और इसलिए यह बालकों के सामाजिक प्रशिक्षण का केन्द्र है ।"

(13) परोपकार की शिक्षा (Education of Philanthropy)—परिवार में रोगी या वृद्ध सदस्य की परिवार का प्रत्येक सदस्य मदद करता है । उसकी देखभाल परिवार के अन्य सदस्य करते हैं फलत: बालक में परोपकार की भावना जागृत हो जाती है । इस सम्बन्ध में **अल्फ्रेड जे. शॉ** (Alfred J. Shaw) ने लिखा है—

"परोपकार की भावना का विकास सबसे पहले परिवार में होता है जहाँ बालक परिवार के रोगी, वृद्ध और छोटे सदस्य की सहायता और सेवा को न केवल करते हुए देखते हैं, वरन् उन्हें अक्सर ऐसा करना भी पड़ता है ।"

(14) सहिष्णुता की शिक्षा (Education for Tolerance)—प्रत्येक परिवार में विभिन्न प्रकार के व्यक्ति होते हैं । किसी को जल्दी क्रोध आ जाता है, कोई भावुक होता है तो कोई उग्र स्वभाव का होता है । परिवार में कुछ व्यक्ति शान्त स्वभाव के होते हैं । इनमें सहन शक्ति या सहिष्णुता भी होती है जो अपने प्रयासों से परिवार में शान्ति बनाए रखते हैं ।

(15) कर्त्तव्य पालन की शिक्षा (Education for Performance of Duty)—परिवार के बड़े सदस्य अपने कर्त्तव्यों का पालन करते हैं, माता-पिता हर काम से बच्चों की आवश्यकताओं की पूर्ति करना अपना परम कर्त्तव्य समझते हैं । बड़े भाई-बहिन अपने से छोटों के प्रति अपने कुछ कर्त्तव्य समझते हैं और उनको करते हैं । बालक अपने परिवार से कर्त्तव्य पालन की भावना देखता और सीखता है ।

(16) आज्ञापालन व अनुशासन की शिक्षा (Education for Obedience and Discipline)—प्रत्येक परिवार में एक मुखिया होता है जिसकी आज्ञा प्रत्येक सदस्य को माननी पड़ती है । अत: बालक भी आज्ञापालन और अनुशासन के गुणों को ग्रहण करता है । **काम्टे** (Auguste Comte) का कथन है—"आज्ञापालन और शासन दोनों रूपों में पारिवारिक जीवन सामाजिक जीवन का सदैव शाश्वत विद्यालय रहेगा ।"

(17) व्यावहारिक शिक्षा (Practical Education)—परिवार में रहकर ही बालक विभिन्न प्रकार की व्यावहारिक शिक्षा सीखता है; जैसे—पड़ौसी के साथ कैसा व्यवहार किया जाये ? अतिथियों का

सत्कार किस प्रकार करना चाहिए ? किस प्रकार उठना, बैठना और खड़े होना चाहिए ? आदि ।

(18) व्यक्तित्व का विकास (Development of Personality)—इस प्रकार हम देखते हैं कि परिवार बच्चे के व्यक्तित्व के सर्वोन्मुखी विकास—शारीरिक, बौद्धिक, सौन्दर्यात्मक, सामाजिक, सांस्कृतिक, नैतिक, आध्यात्मिक, व्यावसायिक आदि में सहायता प्रदान करता है ।

सीखने के कारक (विद्यालय)

स्कूल बच्चों के लिए सीखने का दूसरा मुख्य संदर्भ है जहाँ औपचारिक (Formal) और व्यवस्थित (Structured) शिक्षा प्राप्त होती है। यहाँ बच्चे न केवल ज्ञान प्राप्त करते हैं, बल्कि सामाजिक और बौद्धिक विकास भी करते हैं। स्कूल में सीखने (learing) के संदर्भ (context) को समझना बहुत महत्वपूर्ण है—

1. संरचित पाठ्यक्रम (Structured Curriculum)—स्कूल में बच्चों को विभिन्न विषयों के माध्यम से व्यवस्थित ज्ञान (organized knowledge) और (concepts) सिखाए जाते हैं।

2. शिक्षक के साथ संवाद (Teacher Interacton)—शिक्षक बच्चों को नए विचार समझाते हैं और उनकी शंकाओं का समाधान करते हैं

3. सहपाठी से सीखना (Peer Learning)—समूह गतिविधियों और चर्चा (discussion) के माध्यम से बच्चे आपस में ज्ञान (knowledge share) करते हैं।

4. व्यवहारिक अनुभव (Practical Exposure)—प्रयोगशाला परियोजना (projects) और क्षेत्र भ्रमण (field visits) बच्चों को वास्तविक में समझने में मदद करते हैं।

स्कूल का वातावरण बच्चे के सोचने, समझने और समस्या समाधान कौशल (problem-solving skills) को विकसित करता है। यह घर (home) से मिली प्रारम्भिक जानकारी को और गहराई देता है।

विद्यालय का महत्व व आवश्यकता
(Importance and Necessity of School)

समाज में विद्यालय के स्थान, महत्व और आवश्यकताओं पर प्रकाश डालते हुए **एस. बालकृष्ण जोशी** ने लिखा है—"किसी भी राष्ट्र की प्रगति का निर्माण विधान- सभाओं, न्यायालयों और फैक्ट्रियों में नहीं, वरन् विद्यालयों में होता है ।"

सभ्यता के प्रारम्भ में परिवार, समुदाय और धार्मिक संस्थाएँ ही शिक्षा की मुख्य संस्थाएँ थीं । लेकिन जैसे-जैसे मनुष्य ने ज्ञान-विज्ञान के क्षेत्र में विकास किया वैसे- वैसे उसे ज्ञान-विज्ञान को सुरक्षित रखने और उससे आगे आने वाली पीढ़ी को अवगत कराने के लिए विद्यालयों की स्थापना करनी पड़ी । आज तो ज्ञान-विज्ञान के क्षेत्र में इतना अधिक विकास हुआ कि उस सबकी शिक्षा के लिए विद्यालयों की बहुत आवश्यकता है । बिना विद्यालयों की सहायता के हम बच्चों को आज के समाज में समायोजन करने लायक नहीं बना सकते ।

विद्यालय का निर्माण कोई समाज या राज्य अपने बच्चों एवं युवकों की शिक्षा की व्यवस्था के लिए ही करता है । विद्यालयों का एकमात्र उत्तरदायित्व समाज या राज्य द्वारा निश्चित शिक्षा के उद्देश्यों की प्राप्ति करना होता है, बच्चों के व्यवहार में वांछित परिवर्तन करना पड़ता है और इसके लिए वे कई कार्य करते हैं ।

विद्यालयों का महत्व निम्न कारणों से है—

(1) जीवन की जटिलता (Complexity of Life)—आज का जीवन प्राचीनकाल के जीवन के समान सरल और सुखमय नहीं है । उस समय मनुष्य के पास अपनी सब आवश्यकताओं को स्वयं पूर्ण करने और अपने बच्चों की शिक्षा की स्वयं देखभाल करने के लिए समय था । मनुष्य को अपने कार्यों से इतनी फुर्सत नहीं मिलती कि वह अपने बच्चों की देखभाल कर सके । इसलिए उसने यह कार्य विद्यालय को सौंप दिया है ।

(2) घर व विश्व को जोड़ने वाली कड़ी (Connecting Link between the home and the world)—बालक की शिक्षा में घर का बहुत महत्वपूर्ण स्थान है । घर में रहकर वह अनुशासन, सेवा, सहानुभूति, नि:स्वार्थता आदि गुणों को सीखता है । घर की चहारदीवारी में बँधे रहने के कारण ये गुण अपने परिवार के व्यक्तियों तक ही सीमित रहते हैं । विद्यालय में विभिन्न वर्गों और सम्प्रदायों के बालकों के सम्पर्क में आकर उसका दृष्टिकोण विस्तृत होता है । इस प्रकार विद्यालय घर तथा बाह्य जीवन को जोड़ने वाली कड़ी है । **रेमण्ट** का कथन है—"विद्यालय बाह्य जीवन के बीच की अर्द्ध-पारिवारिक कड़ी है जो बालक की उस समय प्रतीक्षा करता है, जब वह अपने माता-पिता की छत्रछाया को छोड़ता है ।"

(3) विशाल सांस्कृतिक विरासत (Extensive Cultural Heritage)—आज की सांस्कृतिक विरासत बहुत विशाल हो गयी है । इसमें अनेक प्रकार के ज्ञान, कुशलताओं और कार्य करने की विधियों का समावेश हो गया है । ऐसी विरासत की शिक्षा देने में व्यक्ति अपने को असमर्थ पाते हैं । अत: उन्होंने यह कार्य विद्यालय को सौंप दिया ।

(4) विशिष्ट वातावरण की अवस्था (Provision of Special Environment)—विद्यालय छात्रों को एक विशिष्ट वातावरण प्रदान करता है । यह वातावरण शुद्ध, सरल और सुव्यवस्थित होता है । इससे छात्रों की प्रगति पर स्वस्थ और शिक्षाप्रद प्रभाव पड़ता है । ऐसा वातावरण शिक्षा का और कोई साधन नहीं प्रदान कर सकता है ।

(5) आदर्शों व विचारधाराओं का प्रसार (Propagation of Ideals and Ideologies)—राज्य के आदर्शों और विचारधाराओं को फैलाने के लिए विद्यालय को अति महत्वपूर्ण साधन माना गया है । इसलिए, सभी प्रकार के राज्यों में विद्यालय का गौरवपूर्ण स्थान है ।

(6) व्यक्तित्व का सामंस्यपूर्ण विकास (Harmonious Development of Personality)—विद्यालय का एक निश्चित उद्देश्य और पूर्व नियोजित कार्यक्रम होता है। परिणामस्वरूप इसका बालक पर व्यवस्थित रूप में प्रभाव पड़ता है और उसके व्यक्तित्व का सामंजस्यपूर्ण विकास होता है ।

(7) बहुमुखी सांस्कृतिक चेतना का विकास (Development of Cultural Pluralism)—विद्यालय में विभिन्न परिवारों, समुदायों और संस्कृतियों से छात्र आते हैं । परस्पर सम्पर्क के कारण उनमें एक-दूसरे के सांस्कृतिक गुण आ जाते हैं । अत: विद्यालयों को छात्रों

में बहुमुखी संस्कृति का विकास करने का महत्वपूर्ण साधन समझा जाता है ।

(8) समाज की निरन्तरता व विकास (Perpetuation and Development of Society)—'विद्यालय' एक प्रमुख सामाजिक संस्था है । शिक्षा की प्रक्रिया सामाजिक होने के कारण विद्यालय सामुदायिक जीवन का वह स्वरूप है, जिसमें समाज की निरन्तरता और विकास के लिए सभी प्रभावपूर्ण साधन केन्द्रित होते हैं । विद्यालय के इसी महत्व को **टी. पी. नन** ने इस प्रकार बताया है—"विद्यालय को समस्त संसार का नहीं वरन् समस्त मानव-समाज का आदर्श लघु रूप होना चाहिए ।"

(9) शिक्षित नागरिकों का निर्माण (Creation of Educated Citizens)—विद्यालय ही एकमात्र वह साधन है जिसके द्वारा शिक्षित नागरिकों का निर्माण किया जाता है । यदि एक देश के समस्त बालकों को निश्चित आयु तक निःशुल्क और अनिवार्य शिक्षा दी जाती है, तो वे स्थायी रूप से साक्षर हो जाते हैं । साक्षर होने के साथ-साथ उनमें धैर्य, सहयोग, उत्तरदायित्व आदि गुणों का विकास होता है । इस प्रकार वह अच्छे नागरिक साबित हो सकते हैं ।

(10) घर की अपेक्षा शिक्षा का उत्तम स्थान (A Better Place of Education than Home)—विद्यालय घर की अपेक्षा शिक्षा का उत्तम स्थान है । कारण यह है कि विद्यालय में विभिन्न आदतों, रुचियों और दृष्टिकोणों के बालक आते हैं । अतः परस्पर सम्पर्क के कारण बालक उन बातों को सीखते हैं, जिन्हें वे घर की चहारदीवारी के अन्दर नहीं सीख सकते हैं । यदि बालकों को संसार के ढंगों से परिचित कराना है, यदि उनको सामाजिक शिष्टाचार और सहानुभूति सिखानी है, निष्पक्षता और सहयोग के महत्व को बताना है तो उनको घर से बाहर विद्यालय में भेजना अनिवार्य है ।

उपर्युक्त स्पष्टीकरण से विद्यालय के स्थान, महत्व और आवश्यकता को सरलतापूर्वक समझा जा सकता है । विद्यालय व्यक्ति और समाज दोनों के लिए उपयोगी है ।

टी. पी. नन ने ठीक ही लिखा है—"एक राष्ट्र के विद्यालय उसके जीवन के अंग हैं, जिनका विशेष कार्य है—उसकी आध्यात्मिक शक्ति को दृढ़ बनाना, उसकी ऐतिहासिक निरन्तरता को बनाये रखना, उसकी भूतकाल की सफलताओं को सुरक्षित रखना और उसके भविष्य की गारण्टी देना ।"

वर्तमान विद्यालय के कार्य
(Functions of Present Day School)

स्वतन्त्रता के बाद भारत के वर्तमान विद्यालयों के कार्यों में अत्यधिक परिवर्तन आ गया है । किसी व्यक्ति को जिस समुदाय का वह सदस्य है वहाँ स्वतन्त्रता एवं प्रभावपूर्ण ढंग से कार्य करने का अवसर दिया जाना चाहिए । वर्तमान विद्यालय बच्चों की मानसिक, शारीरिक, सौन्दर्यात्मक, आध्यात्मिक और मनोवैज्ञानिक आवश्यकताओं की पूर्ति का प्रयास करता है । **थियोडोर रूजवेल्ट** ने लिखा है—"हमारे राष्ट्र के लिए जो भी कार्य किया गया या जो भी कार्य किया जा सकता है उसमें सर्वश्रेष्ठ कार्य उन बच्चों के शरीर, मस्तिष्क और सबसे अधिक चरित्र को शिक्षित करना है तथा उन्हें आध्यात्मिक और चारित्रिक प्रशिक्षण देना है जिन्हें आने वाले कुछ वर्षों में राष्ट्र के भाग्य का निर्णायक होना है ।"

विद्यालय को परिवार की 'लम्बी बाँह' कहा गया है । अध्यापक, मित्र, दार्शनिक और मार्गदर्शक का कार्य करता है, बच्चे के लिए पर्याप्त अवसर प्रस्तुत किये जाते हैं । नवीन शिक्षा प्रणाली; जैसे—डाल्टन विधि, योजना विधि, ह्यूरिस्टिक विधि, माण्टेसरी विधि आदि ने हमारी शिक्षण पद्धति में प्रभावी परिवर्तन कर दिये हैं । संक्षेप में विद्यालय के कार्यों का वर्णन निम्न प्रकार किया जा सकता है—

(1) व्यक्ति का पूर्ण विकास।
(2) संस्कृति का संचारण एवं संवर्द्धन।
(3) सामाजिक कौशल का विकास।
(4) उच्चतर मूल्यों का निर्माण।
(5) स्कूल के पश्चात् अनुकूलन।
(6) व्यावसायिक प्रशिक्षण प्रदान करना।
(7) राष्ट्रीय एकता का विकास करना।
(8) अन्तर्राष्ट्रीयता को विकसित करना।
(9) नेतृत्व के लिए प्रशिक्षण।
(10) माता-पिता की शिक्षा।
(11) शिक्षा के विभिन्न साधनों में ताल-मेल स्थापित करना।

सीखने के कारक (पर्यावरण)

पर्यावरण (Environment) बच्चों के सीखने का एक महत्वपूर्ण संदर्भ है। यह केवल प्राकृतिक तत्वों तक सीमित नहीं है, बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक पहलुओं को भी शामिल करता है—

1. प्राकृतिक वातावरण (Natural Environment)—बच्चे पेड़- पौधे, जानवर, मौसम और प्राकृतिक घटनाओं को देखकर नए विचार औ।र अवधारणाएँ सीखते हैं।

2. सामाजिक वातावरण (Social Environment)—परिवार, पड़ोसी, दोस्त और समाज से सम्पर्क बच्चे के सामाजिक और भावनात्मक विकास को प्रभावित करता है।

3. सांस्कृतिक अनुभव (Cultural Exposure)—त्यौहार, परम्पराएँ और लोक कथाएँ बच्चों के सोचने और समझने के तरीके को प्रभावित करती है।

4. अनुभव आधारित सीखना (Experiential Learning)—वातावरण में प्रत्यक्ष अनुभव, खेल और गतिविधियाँ बच्चों को वास्तविक जीवन से जोड़ने में मदद करते हैं।

इस प्रकार पर्यावरण बच्चों को प्राकृतिक और वास्तविक अनुभवों के माध्यम से मजबूत बनाता है। यह घर और स्कूल में मिली शिक्षा को व्यापक और अर्थपूर्ण बनाता है।

अवधारणा निर्माण
(Concept Formation)

बच्चों में अवधारणा निर्माण की प्रक्रिया तब अधिक प्रभावी होती है जब शिक्षण उनकी **पहले से मौजूद धारणाओं, अनुभवों और विचारों** पर आधारित होता है। बच्चे विद्यालय में बिल्कुल खाली मन लेकर नहीं आते, बल्कि वे अपने घर, समाज और पर्यावरण से अनेक अनुभव और धारणाएँ लेकर आते हैं। यदि शिक्षक

इन पुराने ज्ञान को पहचानकर नए ज्ञान से जोड़ते हैं, तो सीखना स्वाभाविक, अर्थपूर्ण और स्थायी बनता है।

1. Prior Knowledge का महत्व—बच्चों के पूर्व अनुभव और जानकारी नई अवधारणओं की नींव का काम करते हैं। उदाहरण के लिए, बच्चा पहले से जानता है कि धूप में गर्मी होती है, इसी अनुभव से ताप और ऊर्जा के concept को समझाया जा सकता है।

2. Connecting New with Known—शिक्षक नए concept को बच्चों को जानी-पहचानी परिस्थितियों से जोड़ते हैं, जिससे abstract ideas भी सरल बन जाते हैं।

3. Encouraging Expression of Ideas—बच्चों को अपने विचार बोलने, चित्र बनाने या गतिविधियों के माध्यम से व्यक्त करने का अवसर देना चाहिए। इससे शिक्षक को उनकी सोच समझने में मदद मिलती है।

4. Addressing Misconceptions—कई बार बच्चों की धारणाएँ अधूरी या गलत हो सकती हैं। शिक्षक उन्हें नकारने के बजाए discussion और अनुभव के माध्यम से सही दिशा में सुधार करते हैं।

5. Use of Examples and Activities—कहानियाँ, प्रयोग, खेल और दैनिक जीवन के उदाहरण बच्चों की existing ideas को मजबूत करते हैं और नए concepts को स्पष्ट करते हैं।

6. Active Participation—जब बच्चे अपनी जानकारी का उपयोग करके सीखते हैं, तो वे सीखने की प्रक्रिया में सक्रिय भागीदार बनते हैं।

7. Confidence Building—बच्चों के विचारों को महत्व देने से उनमें आत्मविश्वास बढ़ता है और वे सीखने के लिए उत्साहित रहतें हैं।

इस प्रकार, बच्चों की existing ideas पर आधारित शिक्षण Concept Formation को सरल, प्रभावी और दीर्घकालिक बनाता है। यह दृष्टिकोण बच्चों को केवल जानकारी प्राप्त करने वाला नहीं, बल्कि **सोचने और समझने वाला सक्रिय learner** बनाता है।

Making Connnections का अर्थ है, सीखने की प्रक्रिया में **नए ज्ञान, अनुभवों और वास्तविक जीवन की परिस्थितियों से जोड़ना।** Concept Formation तभी प्रभावी होती है जब बच्चा यह समझ पाता है कि वह जो सीख रहा है, उसका उसके जीवन से क्या सम्बन्ध है। जब शिक्षक सीखने को बच्चों के अनुभवों और दैनिक जीवन से जोड़ते हैं, तो अवधारणाएँ केवल शब्दों तक सीमित नहीं रहतीं, बल्कि अर्थपूर्ण बन जाती हैं।

1. पूर्व ज्ञान से सम्बन्ध (Connecting with Prior Knowledge)—नए concept को सिखाते समय शिक्षक बच्चों से पूछते हैं कि वे इसके बारे में पहले क्या जानते हैं। इससे सीखने की नींव मजबूत होती है।

2. दैनिक जीवन से जोड़ना (Linking with Daily Life)—उदाहरणों को घर, बाजार, खेल, मौसम और सामाजिक अनुभवों से जोड़ने पर बच्चे आसानी से concept समझ पाते हैं।

3. विषयों के बीच सम्बन्ध (Interdisciplinary Connections)—गणित को विज्ञान, भाषा को सामाजिक अध्ययन या कला से जोड़कर पढ़ाने से बच्चे की समझ व्यापक होती है।

4. उपमा और उदारण (Use of Analogies and Examples)—समानताओं और तुलना के माध्यम से abstract ideas को सरल बनाया जाता है।

5. दृश्य और अनुभव आधारित सम्बन्ध (Visual and Experience Connections)—चित्र, मॉडल, प्रयोग और गतिविधियाँ concepts को स्पष्ट करने में सहायक होती हैं।

6. भावानात्मक जुड़ाव (Emotional Connections)—कहानियाँ, अनुभव साझा करना और समूह चर्चा बच्चों का भावनात्मक रूप से सीखने से जोड़ते हैं।

7. सामाजिक सम्पर्क (Social Connections)—peer discussion और collaborative activities से बच्चे एक-दूसरे के विचारों से सीखते हैं।

Making Connections के माध्यम Concept Formation **गहरी, स्थायी और अर्थपूर्ण** बनती है। यह बच्चों को केवल याद करने के बजाए **समझने, लागू करने और विश्लेषण करने** की क्षमता विकसित करने में मदद करती है। इस प्रकार, सीखना एक सतत और जीवन से जुड़ी प्रक्रिया बन जाता है।

Meaning Making का अर्थ है, सीखने की प्रक्रिया में बच्चों को यह समझने में मदद करता है कि वे जो सीख रहे हैं उसका **अर्थ, उपयोग और महत्व** क्या है। Concept Formation केवल तथ्यों को याद करने से नहीं होती, बल्कि तब होती है जब बच्चा नए ज्ञान को अपने अनुभवों, विचारों और संदर्भों से जोड़कर उसका अर्थ निर्मित करता है। Meaning Making बच्चों को passive learner से active thinker बनाता है।

1. रटने से आगे समझ (Understanding beyond Memorization)— बच्चे किसी concept का अर्थ समझते हैं, तब वे उसे लम्बे समय तक याद रख पाते हैं।

2. अनुभव और अवधारणा का सम्बन्ध (Linking Experience with Concepts)—दैनिक जीवन के अनुभवों को कक्षा के ज्ञान से जोड़ने पर concepts अधिक स्पष्ट होते हैं।

3. प्रश्न और जिज्ञासा (Questioning and Inquiry)—बच्चों को 'क्यों' और 'क्या होगा' जैसे प्रश्न पूछने के लिए प्रोत्साहित करना Meaning Making को बढ़ाता है।

4. संवाद और चर्चा (Dialogue and Discussion)—कक्षा में बातचीत और विचार-विमर्श से बच्चे अपने और दूसरों के विचारों से अर्थ निर्मित करते हैं।

5. चिंतन (Reflection)—सीखने के बाद बच्चों को सोचने का अवसर देना कि उन्होंने क्या सीखा और उसका क्या अर्थ है।

6. कहानी और संदर्भ (Use of Stories and Contexts)—कहानियाँ और जीवन से जुड़े संदर्भ abstract concepts को meaningful बनाते हैं।

7. सामाजिक रूप से अर्थ निर्माण (Social Construction of Meaning)—समूह कार्य और सहयोग से बच्चे सामूहिक रूप से ज्ञान का अर्थ समझते हैं।

Meaning Making के माध्यम से Concept Formation **गहरी, स्थायी और व्यक्तिगत** बनती है। यह बच्चों को ज्ञान को

केवल स्वीकार करने वाला नहीं, बल्कि **समझने, व्याख्या करने और नए अर्थ गढ़ने वाला** learner बनाती है। इस प्रकार, सीखना एक जीवंत और सार्थक प्रक्रिया बन जाता है।

सम्बन्ध (Relationships) Concept Formation की प्रक्रिया में अत्यतं महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। जब बच्चे विभिन्न विचारों, वस्तुओं, अनुभवों और व्यक्तियों के बीच सम्बन्धों को समझते हैं, तब वे किसी अवधारणा का **समग्र और गहन अर्थ** निर्मित कर पाते हैं। सीखना केवल अलग-अलग तथ्यों को जानना नहीं है, बल्कि उनके बीच के सम्बन्धों को पहचानना और समझना है।

1. अवधारणाओं के बीच सम्बन्ध (Concept-to-Concept Relationships)—एक concept को दूसरे concept से जोड़ने पर बच्चों की समझ विस्तृत होती है, जैसे कारण-परिणाम, समानता-भिन्नता और क्रमबद्धता।

2. अंश-समग्र सम्बन्ध (Part-Whole Relationship)—बच्चे समझते हैं कि छोटे भाग मिलकर एक बड़े concept का निर्माण करते हैं, जैसे परिवार समाज का हिस्सा है।

3. कारण और परिणाम (Cause and Effect)—किसी घटना के पीछे कारण और उसके प्रभाव को समझना concept clarity को बढ़ाता है।

4. सामाजिक सम्बन्ध (Social Relationhip)—शिक्षक-छात्र और छात्र-छात्र के सम्बन्ध सुरक्षित और सहयोगी learning वातावरण बनाते हैं, जिससे सीखना सहज होता है।

5. भावनात्मक सम्बन्ध (Emotional Relationship)—जब बच्चा शिक्षक और साथियों से भावात्मक रूप से जुड़ा होता है, तो वह निडर होकर सीखने की प्रक्रिया में भाग लेता है।

6. संदर्भगत सम्बन्ध (Contextual Relationship)—ज्ञान को समय, स्थान और परिस्थिति से जोड़ने पर उसका अर्थ स्पष्ट होता है।

7. भाषा और अर्थ का सम्बन्ध (Language and Meaning Relationship)—शब्दों और उनके अर्थ के बीच सम्बन्ध समझने से अवधारणाएँ स्थायी बनती हैं।

इस प्रकार, Relationship के माध्यम Concept Formation **तार्किक, संगठित और अर्थपूर्ण** बनती है। बच्चे तथ्यों को अलग-अलग नहीं देखते, बल्कि उन्हें **आपस में जुड़ा हुआ ज्ञान** मानकर समझते हैं। यही प्रक्रिया बच्चों को गहन समझ, विश्लेषण और अनुप्रयोग की ओर ले जाती है।

बड़ी अवधारणाएँ Big Ideas वे व्यापक और मूलभूत विचार होते हैं जो किसी विषय या ज्ञान-क्षेत्र के **केन्द्र में स्थित होते हैं।** Concept Formation की प्रक्रिया में Big Ideas बच्चों को अलग-अलग तथ्यों और सूचनाओं को एक **सार्थक ढाँचे** में समझने में मदद करती हैं। जब शिक्षण केवल छोटे तथ्यों तक सीमित रहता है तो सीखना बिखरा हुआ होता है; लेकिन Big Ideas पर आधारित शिक्षण से सीखना गहरा, संगठित और दीर्घकालिक बनता है।

1. मूल समझ (Core Understanding)—Big Ideas किसी विषय की मूल भावना को स्पष्ट करती हैं, जैसे "परिवर्तन प्रकृति का नियम है" या "सभी जीव एक-दूसरे पर निर्भर हैं।"

2. अनेक अवधारणाओं को जोड़ना (Connecting Multiple Concepts)—एक Big Ideas कई छोटे concepts को जोड़ती है, जिससे बच्चों को विषय की समग्र समझ मिलती है।

3. रटने में कमी (Reducing Memorization)—बच्चे अलग-अलग तथ्यों को याद करने के बजाए मूल विचार को समझते हैं और तथ्यों को उससे जोड़ते हैं।

4. सीख का स्थानांतरण (Transfer of Learning)—Big Ideas बच्चों को सीखी हुई बातों को नए संदर्भों और वास्तविक जीवन की परिस्थितियों में लागू करने में मदद करती है।

5. गहन सोच को बढ़ावा (Encouraging Deep Thinking)—बच्चे "क्या", "क्यों" और "कैसे" जैसे प्रश्नों के माध्यम से विषय पर गहराई से विचार करते हैं।

6. विषयों के बीच सम्बन्ध (Interdisciplinary Links)—Big Ideas अलग-अलग विषयों को जोड़ती हैं, जैसे विज्ञान, समाजशास्त्र और पर्यावरण अध्ययन।

7. दीर्घकालिक समझ (Long-term Understanding)—बड़े विचार बच्चों के मन में लम्बे समय तक बने रहते हैं और आगे की सीख की नींव बनते हैं।

इस प्रकार Big Ideas के माध्यम से Concept Formation **समग्र, अर्थपूर्ण और स्थायी** बनती है। यह बच्चों को ज्ञान के छोटे टुकड़ों में उलझने के बजाय **बड़े चित्र को देखने और समझने की** क्षमता प्रदान करती है, जिससे वे सशक्त और विचारशील learner बनते हैं।

Graphic Organizers सीखने और Concept Formation को आसान बनाने का एक अत्यंत प्रभावी उपकरण है। ये बच्चों को **विचारों और जानकारी को** visual **रूप में व्यवस्थित करने में** मदद करते हैं। जब बच्चे जानकारी को structure में देखते हैं, तो उन्हें concepts के बीच संबंध, महत्व और क्रमबद्धता स्पष्ट रूप से समझ में आती है। Graphic Organizers abstract और जटिल अवधारणाओं को सरल, सहज और याद रखने योग्य बनातें हैं।

1. दृश्य संरचना (Visual Structure)—Graphic Organizers में शब्द, चित्र और symbols का उपयोग करके जानकारी को स्पष्ट और organized रूप में दिखाया जाता है।

2. अवधारणाओं को जोड़ना (Connecting Concepts)—बच्चों को concepts के बीच relationship पहचानने में मदद मिलती है, जैसे Cause-effect, similarity-difference या hierarchy.

3. जानकारी को सरल बनाना (Simplifying Information)—जटिल विषयों को छोटे हिस्सों में विभाजित करके समझना आसान होता है।

4. समझ में सुधार (Enhancing Understanding)—student information को visual रूप में देखकर उसे better समझते और internalize करते हैं।

5. सक्रिय भागीदारी (Active Engagement)—बच्चे अपने विचारों को map या organizer में जोड़ते हैं, discussion करते हैं और peer learning के माध्यम से सीखते हैं।

6. स्मरण और पुनः स्मरण (Memory and Recall)—visual represenation से concepts लम्बे समय तक याद रहते हैं और exam या applicationमें आसानी होती है।

7. मूल्यांकन उपकरण (Assessment Tool)—शिक्षक graphic organizers के माध्यम से students की understanding और miscon-cepotions पहचान सकते हैं।

Graphic Organizers का उपयोग Concept Formation को structured, interactive और meaningful बनाता है। यह approach बच्चों को passive observer से active, thoughtful और analytical learner में बदल देता है।

Concept Maps सीखने और Concept Formation को स्पष्ट, व्यवस्थित और अर्थपूर्ण बनाने का एक प्रभावी तरीका है। Concept maps बच्चों को यह दिखाते हैं कि **विभिन्न अवधारणओं के बीच कैसे सम्बन्ध और** hierarchy **है।** जब बच्चे concept को visual रूप में देखते हैं, तो वे केवल facts याद नहीं करते बल्कि उन्हें समझते, जोड़ते और लागू करते हैं। यह उपकरण abstract ideas को concrete और structured रूप में प्रस्तुत करता है।

दृश्य संगठन (Visual Organization)—Concept Maps में शब्द, चित्र, arrows और connectors के माध्यम से information को organized रूप में दिखाया जाता है।

सम्बन्ध दिखाना (Showing Relationship)—बच्चे concepts के बीच relationships जैसे cause-affect, part-whole, similarity-difference को identify में दिखाए जाते हैं।

सांगीतिक संरचना (Hierarchical Structure)—मुख्य concepts सबसे ऊपर रखा जाता है और उससे जुड़े sub-concepts नीचे branches में दिखाए जाते हैं।

समझ में सुधार (Enhancing Understanding)—students विभिन्न concepts के बीच connections देखकर उन्हें बेहतर समझते हैं। और internaloize करते हैं।

दीर्घ एवं लघु उत्तरीय प्रश्न

प्रश्न 1. अवधारणा निर्माण से आप क्या समझते हैं? घर, विद्यालय एवं परिवेश के संदर्भ में इसके महत्व को स्पष्ट कीजिए।

उत्तर—अवधारणा निर्माण वह प्रक्रिया है जिसके माध्यम से बच्चे अनुभवों के आधार पर वस्तुओं, घटनाओं एवं विचारों को समझते हैं और उनका अर्थ निर्मित करते हैं। घर पहला अधिगम स्थल है जहाँ बच्चे दैनिक अनुभवों से अवधारणाएँ बनाते हैं। विद्यालय संरचित गतिविधियों, संवाद और शिक्षण सामग्री के माध्यम से अवध ारणाओं को स्पष्ट करता है। परिवेश वास्तविक जीवन से जोड़कर सीख को अर्थपूर्ण बनाता है। इन तीनों संदर्भों का समन्वय अवधारणा निर्माण को गहरा और स्थायी बनाता है।

प्रश्न 2. बच्चों में अवधारणा निर्माण की सुगम बनाने के प्रमुख उपायों का वर्णन कीजिए।

उत्तर—अवधारणा निर्माण को सुगम बनाने के लिए शिक्षकों को बच्चों के पूर्ण ज्ञान और अनुभवों पर निर्माण करना चाहिए। नए विचारों को पुराने विचारों से जोड़ना, उदाहरणों के माध्यम से अर्थ-निर्माण करना तथा विभिन्न अवधारणाओं के बीच सम्बन्ध स्थापित करना आवश्यक है। 'बिग आइडियाज' पर ध्यान देने से बच्चों में व्यापक समझ विकसित होती है, जिससे रटंत के स्थान पर सार्थक अधिगम होता है।

प्रश्न 3. ग्राफिक, आयोजकों, कॉन्सेप्ट मैप एवं पंचपदी की भूमिका को स्पष्ट कीजिए।

उत्तर—ग्राफिक आयोजकों एवं कॉन्सेप्ट मैप बच्चों को विचारों को दृश्य रूप में व्यवस्थित करने में सहायता करते हैं। इससे अवधारणाओं के बीच सम्बन्ध स्पष्ट होते हैं। पंचपदी एक शिक्षण नीति है जिसमें पाँच चरणों—अनुभव, चिंतन, अवधारणा, अनुप्रयोग और अभिव्यक्ति के माध्यम से सीख को क्रमबद्ध किया जाता है। यह प्रक्रिया बच्चों में सक्रिय सहभागिता और गहन समझ विकसित करती है।

अति लघु उत्तरीय प्रश्न

प्रश्न 1. अवधारणा का अर्थ बताइए।
उत्तर—अवधारणा का अर्थ निर्माण की प्रक्रिया से है।

प्रश्न 2. बच्चे का प्रथम अधिगम स्थल।
उत्तर—बच्चे का प्रथम अधिगम स्थल घर है।

प्रश्न 3. संरचित अधिगम का स्थान बताइए।
उत्तर—संरचित अधिगम का स्थान विद्यालय है।

प्रश्न 4. वास्तविक अनुभवों से जुड़ा संदर्भ बताइए।
उत्तर—परिवेश।

प्रश्न 5. नए ज्ञान का आधार
उत्तर—पूर्व ज्ञान।

प्रश्न 6. अर्थपूर्ण अधिगम का उद्देश्य क्या है?
उत्तर—समझ विकसित करना है।

प्रश्न 7. अवधारणाओं के बीच संबंध क्या कहलाते हैं?
उत्तर—सम्बन्ध।

प्रश्न 8. व्यापक समझ से जुड़े विचार बताइए।
उत्तर—बिग आइडियाज।

प्रश्न 9. दृश्य रूप में विचार करने का साधन क्या है?
उत्तर—ग्राफिक आयोजक।

प्रश्न 10. अवधारणाओं का मानचित्र
उत्तर—कॉन्सेप्ट मैप।

प्रश्न 11. पंचपदी चरणों की संख्या बताइए।
उत्तर—पंचपदी चरणों की संख्या पाँच है।

प्रश्न 12. पंचपदी का पहला चरण क्या है?
उत्तर—पंचपदी का पहला चरण अनुभव कहा जाता है।

प्रश्न 13. बच्चों की सक्रिय भूमिका
उत्तर—सक्रिय अधिगम।

प्रश्न 14. रटंत के विपरीत अधिगम।
उत्तर—सार्थक अधिगम।

प्रश्न 15. अवधारणा निर्माण का परिणाम क्या है?
उत्तर—गहन समझ।

बहुविकल्पीय प्रश्न

1. अवधारणा निर्माण क्या है?
(अ) याद करने की प्रक्रिया
(ब) अर्थ-निर्माण की प्रक्रिया
(स) परीक्षा की तैयारी
(द) अनुशासन की प्रक्रिया। ❑ **उत्तर**—(ब)

2. बच्चे का पहला अधिगम संदर्भ कौन-सा है?
(अ) विद्यालय (ब) परिवेश
(स) घर (द) समाज। ❑ **उत्तर**—(स)

3. विद्यालय का मुख्य योगदान किसमें होता है?
(अ) अनौपचारिक अधिगम (ब) संरचित अधिगम
(स) आकस्मिक अधिगम (द) अप्रत्यक्ष अधिगम।
❑ **उत्तर**—(ब)

4. परिवेश से सीखने का प्रमुख लाभ है—
(अ) अमूर्त ज्ञान
(ब) वास्तविक जीवन से जुड़ाव
(स) केवल पुस्तक ज्ञान
(द) परीक्षा केन्द्रित अधिगम। ❑ **उत्तर**—(ब)

5. नई अवधारणा को किस पर आधारित किया जाना चाहिए?
(अ) रटंत पर (ब) पूर्व ज्ञान पर
(स) परीक्षा पर (द) अनुशासन पर।
❑ **उत्तर**—(ब)

6. अर्थपूर्ण अधिगम किससे संभव है?
(अ) याद करने से (ब) सम्बन्ध बनाने से
(स) दण्ड से (द) प्रतिस्पर्धा से।
❑ **उत्तर**—(ब)

7. 'बिग आइडियाज' का उद्देश्य है—
(अ) सूचनाओं में वृद्धि
(ब) व्यापक समझ विकसित करना
(स) रटंत बढ़ाना
(द) समय बचाना। ❑ **उत्तर**—(ब)

8. ग्राफिक आयोजक का उपयोग किस लिए होता है?
(अ) लेखन के लिए
(ब) दृश्य रूप में विचार प्रस्तुत करने के लिए
(स) परीक्षा के लिए
(द) अनुशासन के लिए। ❑ **उत्तर**—(ब)

9. कॉन्सेप्ट मैप क्या दर्शाता है?
(अ) शब्दों की सूची
(ब) अवधारणाओं के बीच सम्बन्ध
(स) केवल चित्र
(द) नियमों की सूची। ❑ **उत्तर**—(ब)

10. पंचपदी में कुल चरण होते हैं—
(अ) तीन (ब) चार
(स) पाँच (द) छह। ❑ **उत्तर**—(स)

11. पंचपदी का प्रथम चरण है—
(अ) अवधारणा (ब) अनुभव
(स) अनुप्रयोग (द) अभिव्यक्ति।
❑ **उत्तर**—(ब)

12. अवधारणा का उद्देश्य है—
(अ) रटंत
(ब) सक्रिय एवं अर्थपूर्ण अधिगम
(स) परीक्षा
(द) अनुशासन। ❑ **उत्तर**—(ब)

13. अवधारणा निर्माण में शिक्षक की भूमिका है—
(अ) सूचनादाता (ब) नियंत्रक
(स) सुविधा प्रदाता (द) परीक्षक। ❑ **उत्तर**—(ब)

14. सक्रिय अधिगम में बच्चे होते हैं—
(अ) निष्क्रिय (ब) सक्रिय
(स) निर्भर (द) उदासीन ❑ **उत्तर**—(ब)

15. अवधारणा निर्माण का परिणाम होता है—
(अ) भ्रम (ब) गहन समझ
(स) तनाव (द) प्रतिस्पर्धा।
❑ **उत्तर**—(ब)

7

अधिगम के सिद्धान्त

[LEARNING THEORY]

अधिगम के प्रमुख सिद्धान्त

1. थार्नडाइक का सीखने का सिद्धान्त (प्रयत्न व भूल)—इसे 'प्रयास व त्रुटि' का सिद्धान्त भी कहते हैं। **ई. एल. थार्नडाइक** (E. L. Thorndike) ने प्रयत्न व भूल के इस सिद्धान्त के बारे में बताते हुए कहा कि, जब व्यक्ति कोई कार्य सीखता है, तब उसके सामने एक विशेष स्थिति या उद्दीपक (Stimulus) होता है, जो उसे विशेष प्रकार की प्रतिक्रिया करने के लिए प्रेरित करता है। इस प्रकार एक विशिष्ट उद्दीपक का एक विशिष्ट अनुक्रिया (response) से सम्बन्ध स्थापित हो जाता है तो उसे उद्दीपक अनुक्रिया सम्बन्ध कहते हैं।

थार्नडाइक का प्रयोग—थार्नडाइक एक पशु मनोवैज्ञानिक थे, इन्होंने बिल्ली, चूहे, मुर्गी आदि पर प्रयोग करके यह निष्कर्ष निकाला कि पशु-पक्षी व बच्चे प्रयत्न व भूल द्वारा सीखते हैं। अपने एक प्रयोग में इन्होंने एक भूखी बिल्ली को पिंजड़े में बंद कर दिया और पिंजड़े के बाहर भोज्य सामग्री रख दी गयी। बिल्ली के लिए भोजन उद्दीपक था। उद्दीपक के कारण उनमें प्रतिक्रिया आरम्भ हुई। बिल्ली ने बाहर निकलकर भोजन प्राप्त करने के लिए कई प्रयास किये और पिंजड़े के चारों ओर घूमकर कई पंजे मारे और प्रयत्न करते-करते अचानक उस तार को खींच लिया जिससे पिजंड़े का दरवाजा खुलता था। दोबारा फिर बंद करने पर उसे बाहर आने में पहले से कम समय में सफलता मिल गयी। तीसरे और चौथे प्रयास में और भी कम प्रयत्नों में सफलता मिल गयी और एक परिस्थिति ऐसी आई, जब एक बार में ही वो दरवाजा खोलकर बाहर आने लगी।

इसी प्रकार मनोवैज्ञानिक **मैक्डूगल** ने भी कई प्रयोग किये और यह सिद्ध कर दिया कि पशु या मनुष्य जितनी बार प्रयत्न करता है, उतनी ही उसकी भूलें कम होती जाती हैं और वह सफल क्रिया करना सीख लेता है।

2. पैवलव का सम्बद्ध प्रतिक्रिया का सिद्धान्त—अधिगम के इस सिद्धान्त का प्रतिपादन रूसी मनोवैज्ञानिक आई. पैवलव (I. Pavlov) ने किया। इन्होंने सबसे पहले उद्दीपन और अनुक्रिया के सम्बन्ध को अनुबन्ध द्वारा व्यक्त किया।

पैवलव का प्रयोग—पैवलव ने पशुओं पर कई प्रयोग किये। इनका प्रसिद्ध प्रयोग कुत्ते पर किया गया। कुत्ते को एक निश्चित समय पर भोजन दिया जाता था। भोजन देखते ही उसकी लार टपकने लगती थी। कुछ दिनों के बाद भोजन देने से पहले घण्टी बजाई जाने लगी। उन्होंने स्वाभाविक उद्दीपन भोजन को घण्टी बजने के कृत्रिम उद्दीपन से जोड़ दिया, जिसके फलस्वरूप कुत्ता लार टपकाता था। इसके बाद उसने कुत्ते को भोजन न देकर केवल घण्टी बजाई। घण्टी की आवाज सुनते ही बिना भोजन देखे कुत्ते ने स्वाभाविक प्रतिक्रिया (लार बहना) की। इस प्रकार अस्वाभाविक या कृत्रिम उद्दीपन (घण्टी) के प्रति भी स्वाभाविक प्रतिक्रिया लार बहने में परस्पर सम्बन्ध स्थापित हो गया। ये सम्बद्ध प्रतिक्रिया कहलाती है।

3. स्किनर का क्रिया प्रसूत सिद्धान्त—बी. एफ. स्किनर ने अधिगम के क्षेत्र में अनेक प्रयोग करते हुए यह निष्कर्ष निकाला है कि अभिप्रेरण से उत्पन्न क्रियाशीलता ही सीखने के लिए उत्तरदायी है। उन्होंने दो प्रकार क्रियाओं पर प्रकाश डाला—क्रिया प्रसूत व उद्दीपन प्रसूत। जो क्रियाएँ उद्दीपन के द्वारा होती हैं वे उद्दीपन आधारित होती हैं। क्रिया प्रसूत का सम्बन्ध किसी ज्ञात उद्दीपन से न होकर उत्तेजना से होता है।

स्किनर ने अपना प्रयोग चूहों पर किया। इससे लीवर वाला बॉक्स (स्किनर बॉक्स) बनवाया। लीवर पर चूहे का पैर पड़ते ही खट की आवाज होती थी। इस ध्वनि को सुन चूहा आगे बढ़ा और उसे प्याले में भोजन मिला। यह भोजन चूहे के लिए प्रबलन का कार्य करता है। चूहा भूखा होने पर प्रणोदित होता है और लीवर को पुनः दबाता।

इन प्रयोगों में जब प्राणी स्वयं कोई वांछित व्यवहार करता है तो व्यवहार के परिणामस्वरूप उसे पुरस्कार प्राप्त होता है। अन्य व्यवहारों के करने पर उसे सफलता प्राप्त नहीं होती। वह पुरस्कृत व्यवहार आसानी से सीख लेता है।

निष्कर्ष यह है कि यदि क्रिया के बाद कोई बल प्रदान करने वाला उद्दीपन मिलता है, तो उस क्रिया की शक्ति में वृद्धि होती है। स्किनर में मत में प्रत्येक पुनर्बलन अनुक्रिया को करने के लिए प्रेरित करता है।

4. सूझ या अन्तर्दृष्टि का सिद्धान्त—व्यक्ति कुछ कार्यों को करके सीखता है और कुछ कार्यों को दूसरों को करते देखकर सीखता है। परन्तु कुछ कार्य हम बिना बताये अपने आप ही सीख लेते हैं। इस प्रकार के सीखने को सूझ द्वारा सीखना कहते हैं।

सूझ के इस सिद्धान्त के प्रतिपादक जर्मनी के **गेस्टाल्टवादी** हैं। इसलिए **कोफ्का, कोहलर, वरदाईमर** के इस सिद्धान्त को 'गेस्टाल्टवादी सिद्धान्त' भी कहते हैं।

कोहलर के अनुसार किसी समस्या के आने पर व्यक्ति को अपनी मानसिक शक्ति द्वारा पूर्ण परिस्थिति का बोध हो जाता है और सूझ द्वारा अचानक उसका हल निकल आता है।

प्रयोग—कोहलर महोदय के सिद्धान्त के प्रतिपादन के लिए चिम्पैंजी और बंदर आदि पर प्रयोग किये। कोलहर ने सुल्तान नामक

एक चिम्पैंजी पर प्रयोग किया। चिम्पैंजी को उसने पिंजड़े में बंद कर दिया और पिंजड़े की छत से केले लटका दिये। पिंजड़े के अंदर दो छड़ियाँ एक छोटी व एक बड़ी रख दी गयीं जो एक दूसरे में जोड़ी जा सकती थीं। चिम्पैंजी ने बारी-बारी से छड़ियों द्वारा केले को गिराने का प्रयास किया। परन्तु असफल रहा और निराश होकर बैठ गया। परन्तु केलों को प्राप्त करने की समस्या मन में बनी रही। फिर वो छड़ियों से खेलने लगा, अचानक छड़ियाँ एक दूसरे में घुस गयीं और जुड़ते ही उसमें सूझ उत्पन्न हो गयी और दोनों छड़ियाँ जोड़कर केलों को गिराने में सफल हो गया। दूसरी बार वैसी ही समस्या आने पर एक ही बार में हल निकालने में सफल हो गया।

5. पियाजे का सिद्धान्त—स्विस मनोवैज्ञानिक **पियाजे** (Piaget) का कहना है कि जैसे-जैसे बच्चे की आयु बढ़ती है, उसका कार्य क्षेत्र बढ़ता जाता है। वैसे-वैसे उसकी बुद्धि का विकास भी होता जाता है। उन्होंने स्पष्ट किया है कि पहले बच्चा सरल प्रत्ययों के माध्यम से सीखता है। परन्तु जैसे-जैसे बच्चा बड़ा होता है। कठिन से कठिनतम प्रत्ययों को ग्रहण करने लगता है। हमारे लिए उपयुक्त वातावरण की आवश्यकता है।

इन्होंने कहा, सीखना कोई यांत्रिक क्रिया नहीं है बल्कि एक बौद्धिक प्रक्रिया है, एक सम्प्रत्यय निर्माण की प्रक्रिया है और वह सम्प्रत्यय निर्माण बालक की आयु के अनुसार होता रहता है।

पियाजे ने अपने सिद्धान्त में निम्नलिखित पदों पर विशेष बल दिया है—

(1) अनुकूलन (Adaptation), (2) साम्यधारणा (Equilibration), (3) संरक्षण (Conservation), (4) संज्ञानात्मक संरचना (Cognitive Structure), (5) मानसिक क्रिया (Mental Operation), (6) स्कीम्स (Schemes), (7) स्कीमा (Schema), (8) विकेन्द्रण (Decentering)।

6. व्योगास्टस्की का सिद्धान्त—Lev Vygostsky (1896-1934) ने संज्ञानात्मक विकास में सामाजिक अन्तर्क्रिया पर अधिक बल दिया और कहा कि समुदाय का सीखने में बहुत महत्व है। सामाजिक सीखने (Social Learning) की प्रक्रिया विकास के पहले ही आरम्भ हो जाती है। व्यक्तिगत विकास को भी सामाजिक विकास के बिना नहीं समझा जा सकता। व्यक्ति की उच्च मानसिक प्रक्रिया (Higher Mental Process) की उत्पत्ति (Orgin) भी सामाजिक प्रक्रिया से होती है।

(i) संस्कृति संज्ञात्मक विकास को दिशा देती है।

(ii) संज्ञानात्मक विकास में सामाजिक विकास का बहुत महत्व है।

(iii) व्योगोस्की ने संज्ञानात्मक विकास (Cognitive development) के लिए भाषा पर बल दिया। तर्क करना, चिन्तन करना आदि सभी सांस्कृतिक कारकों को मदद करते हैं।

(i) सीखने में शिक्षक का महत्वपूर्ण स्थान है।

(ii) ज्ञान भी सामाजिक सन्दर्भ में होता है।

7. ब्रूनर (Bruner) **का सिद्धान्त**—ब्रूनर ने मुख्य रूप से दो बातों पर ध्यान दिया। पहला, यह कि शिशु अपनी अनुभूतियों को मानसिक रूप से किस प्रकार व्यक्त करता है और दूसरा यह कि शैशवावस्था और बाल्यावस्था में बालक चिन्तन कैसे करता है।

ब्रूनर के अनुसार शिशु अपनी अनुभूतियों को मानसिक रूप से तीन तरीकों से अभिव्यक्त करते हैं—

(1) सक्रियता विधि—इस विधि में शिशु अपनी अनुभूतियों को शब्दहीन क्रियाओं के द्वारा व्यक्त करता है। जैसे—भूख लगने पर रोना, हाथ-पैर हिलाना आदि इन क्रियाओं द्वारा बालक बाह्य वातावरण से सम्बन्ध स्थापित करता है।

(2) दृश्य प्रतिमा विधि—इस विधि में बालक अपनी अनुभूति को अपने मन में कुछ दृश्य प्रतिमाएँ (Visual images) बनाकर प्रकट करता है। इस अवस्था में बच्चा प्रत्यक्षीकरण के माध्यम से सीखता है।

(3) सांकेतिक विधि—इस विधि में बालक अपनी अनुभूतियों को ध्वन्यात्मक संकेतों (भाषा) के माध्यम से व्यक्त करता है। इस अवस्था में बालक अपने अनुभवों को शब्दों में व्यक्त करता। इस प्रकार बालक प्रतीकों (Symbols) को उनके मूल विचारों से सम्बन्धित करने की योग्यता का विकास करता है।

ब्रूनर के सिद्धान्त की विशेषताएँ

ब्रूनर के सिद्धान्त की विशेषताएँ निम्न हैं—

(1) ब्रूनर का सिद्धान्त बालक के पूर्व अनुभवों तथा नये विषय-वस्तु से समन्वय के लिए अनुकूल वातावरण तैयार करने पर बल देता है।

(2) विषय-वस्तु की संरचना ऐसी हो कि बच्चे सुगमता व सरलता से सीख सकें।

(3) इस सिद्धान्त के अनुसार विषयवस्तु जो सिखाई जाती है, ऐसे अनुक्रम बारम्बारता से प्रस्तुत की जाये, जिससे बच्चे तार्किक ढंग से एवं अपनी कठिनाई स्तर के अनुसार सीखते हैं।

(4) यह सिद्धान्त सीखने में पुनर्बलन, पुरस्कार व दण्ड आदि पर बल देता है।

(5) इस सिद्धान्त के अनुसार शिक्षा बालक में व्यक्तिगत व सामाजिक दोनों गुणों का विकास करती है।

अनुभवात्मक अधिगम

(Experiential Learning)

अनुभवात्मक अधिगम (Experiential Learning) का अर्थ है **सीखना, सीधे अनुभव और गतिविधियों के माध्यम से**। यह सिद्धान्त बताता है कि बच्चे केवल सुनने या पढ़ने से नहीं, बल्कि **करने और अनुभव करने से बेहतर सीखते हैं**। कक्षा में इसे लागू करने से शिक्षण अधिक प्रभावी और यादगर बनता है।

1. करके सीखना (Learning by Doing)—बच्चे परियोजना, प्रयोग और रोल प्ले गतिविधियों के माध्यम से समझते हैं।

2. चिंतन (Reflection)—अनुभव के बाद बच्चे सोचते हैं कि उन्होंने क्या सीखा और इसे कैसे सुधार सकते हैं।

3. सक्रिय भागदारी (Active Participation)—छात्र अपने अनुभव साझा करते हैं और सहपाठी के अनुभवों से सीखते हैं।

4. समस्या समाधान (Problem Solving)—वास्तविक जीवन की समस्याओं पर काम करने से गहन चिन्तन (Critical thinking) और निर्णय क्षमता कौशल (Decision-making skills) विकसित होती हैं।

कक्षा में प्रयोगात्मक तरीके लागू करने से बच्चे **जागरूक, सक्रिय और स्वतंत्र सोच वाले** बनते हैं। यह सीखने को जीवन से जोड़ता है और सीखने की प्रक्रिया को अर्थपूर्ण बनाता है।

टॉय-आधारित शिक्षण
(Toy-Based Pedagogy)

बच्चों के सीखने का एक प्रभावी दृष्टिकोण है जिसमें **खिलौनों और शैक्षिक खेलों का उपयोग** करके अवधारणाओं (Concepts) को सिखाया जाता है। यह सिद्धांत कहता है कि छोटे बच्चों के लिए **खेल और खिलौने सीखने का मुख्य माध्यम** होते हैं।

1. सक्रिय भागीदारी (Active Engagement)—बच्चे खिलौनों के माध्यम से विभिन्न क्रियाएँ करते हैं और संदर्भ (concept) को अनुभव करते हैं।

2. ठोस अनुभव के माध्यम से सीखना (Concrete Learning)—उदाहरण के लिए गिनती के ब्लॉक (counting blocks) से गणित के प्रारम्भिक तरीके सीखना आसान होता है।

3. सृजनात्मकता और कल्पना (Creativity and Imagination)—खिलौनों के साथ खेलते समय बच्चे अपनी कल्पनाशक्ति और समस्या सुलझाने की क्षमता विकसित करते हैं।

4. सहभागी अधिगम (Collaborative Learning)—समूह में खेलते समय बच्चे आपस में सीखते हैं, चर्चा करते हैं और सामाजिक कौशल विकसित करते है।

5. व्यावहारिक अनुभव (Hands-on Experience)—खिलौने के उपयोग से बच्चे नए विचार को समझ पाते हैं।

कला समन्वित अधिगम
(Art-Integrated Learning)

एक ऐसा दृष्टिकोण है जिसमें **कला और शैक्षिक विषयों को एक साथ जोड़कर** पढ़ाया जाता है। इसका उद्देश्य बच्चों के **सृजनात्मक, संवेदी और बौद्धिक विकास** को बढ़ाना है। कला समन्वित अधिगम (Art-Integrated Learning) बच्चों को निष्क्रिय बनने से रोकता है और उन्हें सक्रिय के माध्यम से सीखने में मदद करता है।

1. सृजनात्मक अभिव्यक्ति (Creative Expression)—कला गतिविधियों जैसे ड्राइंग, पेंटिंग, नाटक और संगीत के माध्यम से बच्चे अपने विचार और भावनाएँ व्यक्त करते हैं।

2. गहन समझ (Encanced Understanding)—उदाहरण के लिए विज्ञान के विषय को चित्र, मॉडल या नाटक के माध्यम से समझाना बच्चों के लिए आसान और यादगार बनाता है।

3. समीक्षात्मक सोच और समस्या समाधान (Critical Thinking and Problem Solving)—कला आधारित योजना बच्चों को सोचने, विश्लेषण करने और नई तरीके खोजने के लिए प्रेरित करते हैं।

4. सहभागी अधिगम (Collaborative Learning)—समूह में कला-आधारित गतिविधियाँ बच्चे को मिलकर (team work) और सामाजिक कौशल (social skills) सिखाती हैं।

5. सक्रिय भागीदारी और प्रेरणा (Engagement and Motivation)—कला के माध्यम से सीखना रोचक होता है, जिससे बच्चे अधिक अभिप्रेरित (motivated) रहते हैं।

निर्देशित पूछताछ तथा समस्या समाधान
(Guided Inquiry and Problem Solving)

अधिगम दृष्टिकोण बच्चों को सक्रिय रूप से सीखने और **समस्या सुलझाने की क्षमता विकसित करने** में मदद करता है। इस दृष्टिकोण में शिक्षक केवल जानकारी देने वाले नहीं होते, बल्कि बच्चों **को सोचने, सवाल पूछने और अनुभव से सीखने** के लिए मार्गदर्शन करते हैं। यह दृष्टिकोण विशेष रूप से उन कक्षाओं में प्रभावी होता है जहाँ गहन सोच और गहन अध्ययन को बढ़ावा देना महत्वपूर्ण होता है।

1. सक्रिय भागीदारी (Active Participation)—बच्चे सवाल पूछते हैं, परिकल्पना बनाते हैं और प्रयोगों के माध्यम से जाँचते हैं।

2. शिक्षक मार्गदर्शक (Teacher as a Facilitator)—शिक्षक छात्र को निर्देश देते हैं, सुझाव देते हैं, लेकिन समाधान खुद खोजने की स्वतन्त्रता देते हैं।

*** समस्या आधारित अधिगम** (Problem Based Learning)—वास्तविक जीवन की समस्याओं पर काम करके बच्चे कौशल और निर्णय क्षमता विकसित करते हैं।

3. सहभागी अधिगम (Collaborative Learning)—समूह में काम करने से छात्र अपने विचार-विर्मर्श करते हैं और सहपाठी से सीखते हैं।

4. चिंतनात्मक सोच (Reflective Thinking)—समाधान खोजने के बाद बच्चे अपने कार्य का मूल्यांकन करते हैं और अन्य विकल्प पर विचार करते हैं।

5. प्रेरणा और भागीदारी (Motivation and Engagement)—निर्देशित पूछताछ से सीखना रोचक और चुनौतीपूर्ण होता है, जिससे बच्चे अधिक प्रेरित करते हैं।

कक्षा में निर्देशित पूछताछ और समस्या समाधान अपनाने से छात्र स्वतंत्र चिन्तक, समस्या समाधान करने वाले तथा जीवनभर सीखने वाले बनते हैं। यह approach knowledge को सिर्फ याद करने से आगे बढ़कर **व्यावहारिक और अर्थपूर्ण सीखने** की दिशा में ले जाता है।

शिक्षार्थी स्वायत्तता
(Later Autonomy)

शिक्षार्थी स्वायत्तता का अर्थ है **छात्र की स्वयं सीखने की क्षमता और स्वतन्त्रता।** इस दृष्टिकोण में शिक्षक केवल मार्गदर्शक होते हैं और छात्र खुद अपने लक्ष्य निर्धारित करते हैं रणनीतियाँ अपनाते हैं और अपने learning outcomes के लिए जिम्मेदार होते हैं। यह दृष्टिकोण बच्चों को सक्रिय, स्वप्रेरित बनने में मदद करता है।

1. स्वयं निर्देशित अधिगम (Self-Directed Learning)—बच्चे अपनी आवश्यकता के अनुसार विषय चुनते हैं और स्वयं अध्ययन करते हैं।

2. समीक्षात्मक सोच और निर्णय क्षमता (Critical Thinking and Decision Making)—छात्र अपने सीखने की प्रक्रिया का मूल्यांकन करते हैं और निर्णय लेते हैं कि कौन-सा तरीका उनके लिए सबसे प्रभावी है।

3. अधिगम की जिम्मेदारी (Ownership of Learning)—सीखने की जिम्मेदारी खुद लेने से बच्चे अधिक committed और motivated रहते हैं।

4. लचीली अधिगम रणनीतियाँ (Flexible Learning Strategies)—छात्र अपने समय और संसाधनों का उपयोग करके अपनी सुविधानुसार करते हैं।

5. शिक्षक मार्गदर्शक (Teacher as a Facilitator)—शिक्षक सुझाव देते हैं, मार्गदर्शन करते हैं, लेकिन अन्तिम निर्णय (final decision) और learning pace छात्र पर निर्भर करता है।

6. सहभागी अधिगम (Collaborative Opportunities)—स्वतंत्र सीखने के बावजूद, समूह गतिविधियाँ और peer interaction बच्चे की समझ और communication skills को बढ़ाते हैं।

कक्षा में Learner Autonomy को बढ़ावा देने से छात्र independent thinkers, self-motivated learners और problem solvers बनते हैं। यह approach बच्चों को lifelong learning की दिशा में तैयार करता है और सीखने को meaningful, relevant और engaging बनता है।

शिक्षक की भूमिका सूत्रधार के रूप में
(Teaching Role of Teacher as Facilitator)

शिक्षक का Facilitator **के रूप में भूमिका** आधुनिक शिक्षण में बहुत महत्वपूर्ण है। इस दृष्टिकोण में शिक्षक केवल ज्ञान देने वाले नहीं होते, बल्कि **सीखने की प्रक्रिया को मार्गदर्शन देने वाले और छात्र को सक्रिय रूप से शामिल करने वाले** बनते हैं। इसका मुख्य उद्देश्य छात्रों को independent, critical और self-motivated learner बनता है।

1. मार्गदर्शन और समर्थन (Gudiance and Support)—शिक्षक छात्रों को सही दिशा में सोचने और समस्या सुलझाने के लिए सुझाव देते हैं, बिना उत्तर सीधे बताइए।

2. शिक्षण वातावरण तैयार करना (Creating Learning Environment)—शिक्षक ऐसी कक्षा बनाते हैं जहाँ students open discussion, inquiry और experimentation कर सकें।

3. समीक्षात्मक सोच को प्रोत्साहित करना (Encouraging Critical Thinking)—शिक्षक छात्र से सवाल पूछने और अलग-अलग दृष्टिकोण अपनाने के लिए प्रेरित करते हैं।

4. सहभागिता को बढ़ावा देना (Promoting Collaboration)—group activities और peer interaction के माध्यम से छात्र एक-दूसरे से सीखते हैं और teamwork develop होता है।

5. स्वयं-अधिगम को आसान बनाना (Faciliating Self-Learning)—शिक्षक छात्र को resources, tools और strategies प्रदान करते हैं ताकि वे स्वयं सीख सकें और अपने learning goals achieve कर सकें।

6. प्रेरणा और प्रतिक्रिया (Motivation and Feedback)—शिक्षक छात्र को सकारात्मक feedback देते हैं और उनकी learning process में motivation बनाए रखते हैं।

Classroom में teacher as facilitator अपनाने से students active learners, inpendent thinkers और problem solvers बनते हैं। यह approach सीखने को interactive, engaging और meaningful बनाता है और बच्चों को life long learning की दिशा में तैयार करता है।

दीर्घ एवं लघु उत्तरीय प्रश्न

प्रश्न 1. अनुभवात्मक अधिगम की अवधारणा को स्पष्ट कीजिए तथा कक्षा शिक्षण में इसके निहितार्थों का वर्णन कीजिए।

उत्तर—अनुभवात्मक अधिगम वह प्रक्रिया है जिसमें बच्चे प्रत्यक्ष अनुभवों के माध्यम से सीखते हैं। इसमें 'करके सीखना' प्रमुख होता है। कक्षा में गतिविधियाँ, प्रयोग, परियोजना कार्य एवं वास्तविक जीवन की स्थितियाँ अनुभवात्मक अधिगम को सशक्त बनाती हैं। इससे बच्चों की समझ गहरी होती है, आत्मविश्वास बढ़ता है तथा सीख स्थायी बनती है।

प्रश्न 2. खिलौना-आधारित शिक्षण एवं कला-एकीकृत अधिगम का शैक्षिक महत्व स्पष्ट कीजिए।

उत्तर—खिलौना-आधारित शिक्षण बच्चों की जिज्ञासा एवं रुचि को बढ़ाता है। खिलानों के माध्यम से अवधारणाएँ सरल और रोचक बनती हैं। कला-एकीकृत अधिगम में संगीत, चित्रकला, नाटक एवं नृत्य का प्रयोग कर सीख को रचनात्मक बनाया जाता है। ये दोनों दृष्टिकोण संज्ञानात्मक, सामाजिक-भावनात्मक एवं भाषा विकास में सहायक होते हैं।

प्रश्न 3. निर्देशित अन्वेषण, समस्या-समाधान, शिक्षार्थी स्वायत्तता एवं शिक्षक की सुविधा प्रदाता के रूप में भूमिका की विवेचना कीजिए।

उत्तर—निर्देशित अन्वेषण में शिक्षक मार्गदर्शन करता है परन्तु सीखने की जिम्मेदारी बच्चे की होती है। समस्या-समाधान से तार्किक एवं आलोचनात्मक चिंतन विकसित होता है। शिक्षार्थी स्वायत्तता बच्चों को स्वतंत्र निर्णय एवं आत्म-नियंत्रण की क्षमता देती है। शिक्षक सुविधा प्रदाता के रूप में अनुकूल वातावरण, संसाधन और समर्थन प्रदान करता है।

प्रश्न 4. सीखने की प्रभावशाली विधियाँ कौन-सी हैं ?

उत्तर—सीखने की प्रमुख प्रभावशाली विधियाँ निम्नांकित हैं—

1. करके सीखना (Learning by doing)—बालक जिस कार्य को स्वयं करते हैं, उसे जल्दी सीखते हैं, क्योंकि उसमें उद्देश्य निहित होते हैं। वे यह भी देखते हैं कि उनका प्रयास सफल हुआ है या नहीं और यदि असफल रहते हैं तो उसमें हुई गलतियों को ज्ञात करके उनका निराकरण करने का प्रयास करते हैं। इस संदर्भ में फ्रोबेल (Frobel) का विचार है—"क्रिया के द्वारा ही बालक किसी कार्य को सीखता है, अतएव जहाँ तक सम्भव हो सके बालक को 'करके सीखने' का अवसर दिया जाए।"

2. अनुकरण द्वारा सीखना—अनुकरण से आशय किसी व्यक्ति के द्वारा किए गए कार्य को फिर से करना है। व्यक्ति सभी व्यक्तियों के कार्य को अनुकरण न करके अपने से योग्य व्यक्तियों का ही अनुकरण करता है। बालक प्राय: अनुकरण द्वारा ही सीखते हैं। अनुकरण दो प्रकार का है—(i) अनजाने में, (ii) जानबूझकर।

3. निरीक्षण करके सीखना (Learning by Observation)—बालक जिस वस्तु का निरीक्षण करते हैं, उसके बारे में वे जल्दी और स्थायी रूप से सीखते हैं। इस विधि में निरीक्षण करते समय बालक अपनी अधिक-से-अधिक ज्ञानेन्द्रियों का प्रयोग करता है। इसलिए यह विधि अत्यन्त महत्वपूर्ण है।

4. परीक्षण करके सीखना (Learning by Experimenting)—नई बातों की खोज करना, एक प्रकार का सीखना है। बालक इस कार्य को परीक्षण द्वारा ही कर सकता है।

5. सामूहिक विधियों द्वारा सीखना (Learning by group Methods)—सीखने का कार्य व्यक्तिगत और सामूहिक विधियों द्वारा होता है, इन दोनों में सामूहिक विधियों को अधिक उपयोगी और प्रभावशाली माना जाता है।

मुख्य सामूहिक विधियाँ निम्नांकत हैं—

(i) वाद विवाद विधि (Discussion Method)—इस विधि में छात्र को बिना किसी हिचकिचाहट के शिक्षक से तथा परस्पर प्रश्न पूछने एवं विचार-विमर्श करने की स्वतन्त्रता होती है।

(ii) सम्मेलन एवं विचार गोष्ठी विधियाँ (Conference and Seminar Method)—इस विधि में किसी विशेष-विषय पर छात्र/छात्राओं द्वारा विचार-विमर्श, वाद-विवाद एक निश्चित समय में करना होता है। इसमें ऐसे प्रकरण पर विचार किया जाता है जिसमें सभी सदस्यों की रुचि होती है। इसके द्वारा लोगों में सामाजिक एवं भावनात्मक गुणों का विकास होता है इसके द्वारा दूसरों के विरोधी विचारों का सम्मान एवं सहनशीलता की भावना विकसित होती है।

(iii) कार्यशाला विधि (Workshop Method)—इस विधि में विभिन्न दर्शनों पर सभाओं का आयोजन किया जाता है और इन दर्शनों के प्रत्येक पहलू का छात्रों द्वारा अध्ययन किया जाता है।

